
94वां
वार्षिक प्रतिवेदन
2025-26



भारतीय सांख्यिकीय संस्थान

94वां
वार्षिक प्रतिवेदन
2025-26



आईएसआई परिसर में आर. ए. फिशर और
पी.सी. महालनोबिस

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान
भिन्नेष्वैक्यस्य दर्शनम्
विविधता में एकता

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान

विषय-सूची

प्रस्तावना 04

निदेशक महोदय की लेखनी से 05

01 संस्थान

1.0 संस्थान के बारे में 09
1.1 अवस्थितियाँ 10
1.2 संगठनात्मक विवरणी 12
1.3 आईएसआई: महत्वपूर्ण घटनाओं का क्रम 14
1.4 संस्थान का संक्षिप्त इतिहास 17
1.5 अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी) 19
1.6 विशिष्ट वैज्ञानिकगण एवं राजनीतिकगण, जिन्होनें स्थापना पश्चात संस्थान को सेवा प्रदान की 21
1.7 परिषद और प्रमुख समितियाँ 22
1.8 विद्वत् समितियों के सदस्य 30
1.9 वित्तपोषण 30

02 शिक्षण एवं प्रशिक्षण

2.1 प्रस्तावित पाठ्यक्रम 32
2.2 प्रवेश 33
2.3 स्नातक छात्रगण 36
2.4 नियोजन 43
2.5 अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 45

03 अनुसंधान गतिविधियाँ

3.1 जैविक विज्ञान प्रभाग (बीएसडी) 49
3.2 कंप्यूटर एवं संचार विज्ञान प्रभाग (सीसीएसडी) 54
3.3 भौतिकी एवं पृथ्वी विज्ञान प्रभाग (पीईएसडी) 67
3.4 समाज विज्ञान प्रभाग (एसएसडी) 75
3.5 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान प्रभाग (एसक्यूसीओआरडी) 86
3.6 सांख्यिकीय विज्ञान प्रभाग (स्टैटएसडी) 97
3.7 सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित प्रभाग (टीएसएमडी) 105
3.8 पुस्तकालय प्रलेखन एवं सूचना विज्ञान प्रभाग (एलडीआईएसडी) 111
3.9 कंप्यूटर एवं सांख्यिकीय सेवा केंद्र (सीएसएससी) कोलकाता 125
3.10 शैक्षणिक केंद्र 127
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआईएमएल), कोलकाता 128
- जलवायु, खाद्य, ऊर्जा एवं पर्यावरण अर्थशास्त्र अनुसंधान केंद्र (सीईसीएफईई), दिल्ली 128
- सॉफ्ट कंप्यूटिंग अनुसंधान केंद्र (सीएससीआर), कोलकाता 131
- आर.सी. बोस क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा केंद्र (आरसीबीसीसीएस), कोलकाता 133
- प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र (टीआईएच), कोलकाता 135

04 पुरस्कार एवं सम्मान

4.1 विज्ञान अकादमी अध्येतावृत्ति 138
4.2 पुरस्कार 139
4.3 सम्मान एवं मान्यताएं 140
4.4 सदस्यता 141
4.5 संपादकीय सत्रीय कार्य 144

05
प्रकाशन

5.1 प्रकाशित पुस्तकें	151
5.2 पत्रिकाओं में प्रकाशन	152
5.3 सम्मेलन की कार्यवाहियाँ	176
5.4 पुस्तक अध्याय	182
5.5 भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की आधिकारिक प्रकाशन पत्रिका सांख्य	184

06
अन्य शैक्षणिक गतिविधियाँ

6.1 पेटेंट	186
6.2 समझौता ज्ञापन-एमओयू	187
6.3 संग्रहालय	
6.3.1 भूविज्ञान संग्रहालय	189
6.3.2 प्रशांत चंद्र महालनोबिस स्मृति संग्रहालय एवं अभिलेखागार (पीसीएमएमएम एंड ए)	192
6.4 वैज्ञानिक समनुदेशन	195
6.5 आगंतुक वैज्ञानिकगण, अनुसंधान सहयोगी, पोस्ट-डॉक्टोरल फेलो तथा इंस्पायर संकाय फेलो	216

07
आयोजन

7.1 दीक्षांत समारोह	228
7.2 सम्मेलन, संगोष्ठी, कार्यशाला, प्रशिक्षण कार्यक्रम	232
7.3 व्याख्यान	240
7.4 आउटरीच गतिविधियाँ	252
7.5 क्षेत्रीय गणित ओलंपियाड	253

08
प्रशासन

8.1 प्रशासनिक सेवा प्रभाग	255
8.2 वर्ष के दौरान संस्थान प्रशासन के पदाधिकारीगण	256
8.3 वर्ष के दौरान नियुक्त/सेवानिवृत्त/स्वैच्छिक सेवानिवृत्त/ त्यागपत्र देने वाले/सेवा समाप्ति /दिवंगत कार्मिकों की सूची	256
8.4 लिंग, सामाजिक श्रेणी एवं दिव्यांगता समूह के अनुसार जनशक्ति	258
8.5 यौन उत्पीड़न के मामलों की वार्षिक विवरणी	259
8.6 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत संस्थान द्वारा प्राप्त आवेदन एवं की गई कार्रवाई	259
8.7 संस्थान द्वारा किए गए प्रमुख निर्माण/मरम्मती कार्य	260
8.8 विशिष्ट उपलब्धियां	261
8.9 प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम	263
8.10 संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित विशिष्ट उपलब्धियों एवं कार्यों का संक्षिप्त विवरण	264
8.11 सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन	269
8.12 संस्थान की विभिन्न गतिविधियों पर रिपोर्ट	270
8.13. स्वच्छता पखवाड़ा	276

09
वार्षिक लेखा विवरणी

9.1 तुलन पत्र	280
9.2 आय एवं व्यय लेखा	281
9.3 पूंजी उपयोग विवरण	282

प्रस्तावना

वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 में समीक्षाधीन अवधि के दौरान आईएसआई के संकाय सदस्यों द्वारा की गई प्रमुख अनुसंधान, शिक्षण, प्रशिक्षण एवं परामर्श संबंधी गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान एक महत्वपूर्ण आयोजन अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी) की हीरक जयंती का समारोह रहा। आईएसईसी की स्थापना अक्टूबर 1950 में आईएसआई एवं अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान के बीच हुए एक समझौते के माध्यम से की गई थी। केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य विकासशील देशों में सांख्यिकीय क्षमता निर्माण करना था। केंद्र इस दायित्व का अत्यंत जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करता आ रहा है। आईएसईसी ने ग्रेटर नोएडा में एनएसएसटीए के साथ संयुक्त रूप से एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला तथा कोलकाता में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करके अपनी हीरक जयंती मनाई। आईएसईसी की स्थापना की पृष्ठभूमि तथा वर्तमान गतिविधियों का विस्तृत विवरण इस वार्षिक रिपोर्ट के अध्याय 1 में दिया गया है।

इस वर्ष हमने अधिकांश प्रासंगिक जानकारी ऑनलाइन माध्यम से एकत्र करने का प्रयास किया है। हम इस दिशा में निरंतर प्रयासरत हैं कि संकाय सदस्यों को केवल एक ही प्रपत्र भरना पड़े, जिससे सभी संबंधित अवसरों के लिए आवश्यक रिपोर्ट तैयार की जा सके। यह प्रपत्र—यह स्वीकार करना आवश्यक है—अभी पूर्ण रूप से परिष्कृत नहीं हुआ है और इसमें सुधार की पर्याप्त गुंजाइश है। समिति ऑनलाइन जानकारी संग्रहण प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए कार्य करेगी। अधिकांश अन्य इकाइयों से भी जानकारी ऑनलाइन माध्यम से एकत्र की गई है। यह संतोष का विषय है कि अधिकांश संकाय सदस्यों और इकाइयों की रिपोर्ट समय पर प्राप्त हुई। संपादकीय मंडल इस सहयोग की अत्यंत सराहना करता है।

इस रिपोर्ट के संकलन के लिए न केवल वैज्ञानिक कर्मियों, बल्कि गैर-वैज्ञानिक कर्मियों के सहयोग और समर्थन की भी आवश्यकता होती है। हम उनके प्रति कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त करते हैं। रेप्रोग्राफी एवं फोटोग्राफी इकाई के हमारे सहयोगी विशेष उल्लेख के पात्र हैं, जिन्होंने अपने अभिलेखागार से आवश्यक छायाचित्र उपलब्ध कराकर संपादकीय समिति की सहायता की। रिपोर्ट को पूर्ण करने के लिए अथक परिश्रम करने वाले जनसंपर्क इकाई के हमारे सहयोगियों के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया जाता है। मैं संपादकीय मंडल के अपने सहयोगियों द्वारा दिए गए सुझावों और सहयोग के लिए भी उनका आभारी हूँ। मैं विक्रेता मेसर्स सेमाफोर का भी धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने इस अवसर की आवश्यकता को समझते हुए उत्कृष्ट कार्य किया। अनजाने में हुई किसी भी त्रुटि और/या चूक के लिए हमें खेद है।

एम. जेड. अनीस
अध्यक्ष

संपादकीय बोर्ड

मो. ज़फर अनीस	-	अध्यक्ष
अंतर बंदोपाध्याय	-	सदस्य
विश्वजीत हलदार	-	सदस्य
विश्वरंजन बेहेरा	-	सदस्य
बी.एस. दया सागर	-	सदस्य
सुजाता घोष	-	सदस्य
नीलाद्रि शेखर दास	-	सदस्य
रघुनाथ चटर्जी	-	सदस्य
रविंद्र कुमार	-	सदस्य
शरबानी पालित	-	सदस्य
संदीप बरुई	-	सदस्य
सौभिक रॉय	-	सदस्य
शुभमय मैत्रा	-	सदस्य
स्वपन राणा	-	सदस्य
किशोर चंद्र सतपथी	-	सदस्य- संयुक्त संयोजक
प्रवीण कुमार	-	सदस्य- संयुक्त संयोजक



निदेशक महोदय

की लेखनी से

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 प्रस्तुत करते हुए मुझे गर्व की अनुभूति हो रही है। जैसा कि सर्वविदित है, प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने वर्ष 1931 में इस संस्थान की स्थापना की। संस्थान ने सदैव सांख्यिकी में सैद्धांतिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सांख्यिकी एवं प्राकृतिक तथा सामाजिक विज्ञानों के पारस्परिक विकास के लिए इनके साथ निकट अंतःक्रिया पर भी बल दिया है, जिससे अंतर्विषयक अनुसंधान इसकी प्राथमिकताओं में से एक बना हुआ है। इस प्रयास में, जो अब अपने 94वें वर्ष में है, संस्थान ने समकालीन आवश्यकताओं से आगे बने रहने के लिए स्वयं को निरंतर रूपांतरित एवं पुनर्गठित किया है। साथ ही, प्रतिभाशाली युवा मस्तिष्कों के प्रशिक्षण, सामाजिक, औद्योगिक एवं व्यावसायिक समस्याओं के समाधान तथा विभिन्न बहुविषयक सरकारी परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए नवीन दृष्टिकोण अपनाए हैं।

वर्तमान वर्ष (2025-26) के दौरान संस्थान ने संस्थान के अध्यक्ष प्रो. शंकर कुमार पाल तथा आईएसआई परिषद के अध्यक्ष डॉ. कोप्पिलिल राधाकृष्णन के उत्कृष्ट नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति की। संस्थान ने फरवरी 2026 में अपना 60वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर एनसीबीएस, टीआईएफआर के वरिष्ठ अतिथि प्रोफेसर, एटीआरईई के अध्यक्ष तथा आईआईएससी, बेंगलुरु के पूर्व निदेशक प्रोफेसर पद्मनाभन बालाराम मुख्य अतिथि थे।

पिछले वर्षों की भाँति, इस वर्ष भी संस्थान के संकाय सदस्यों (तथा विद्यार्थियों) ने अपनी वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिए अनेक सम्मान एवं प्रतिष्ठाएँ अर्जित की हैं। कोलकाता स्थित सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित यूनिट के रितब्रत मुंशी को गणित के क्षेत्र में उनके आजीवन योगदान के लिए आनंदबाजार. कॉम द्वारा लोकप्रिय "बेस्ट ऑफ द ईयर" पुरस्कार प्रदान किया गया। दिल्ली स्थित सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित यूनिट के शांता लैशराम ऑस्ट्रेलिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड 2025 में भारतीय टीम की प्रमुख थे। कोलकाता स्थित कम्प्यूटर विजन एवं प्रतिमान पहचान यूनिट के उमापद पाल को 2024-2026 के लिए अंतर्राष्ट्रीय पैटर्न रिकग्निशन संघ की फेलो समिति के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। दिल्ली स्थित अर्थशास्त्र एवं नियोजन यूनिट के देवाशीष मिश्रा को 2025 में इकोनोमेट्रिक सोसाइटी का फेलो चुना गया है।

संस्थान ने सदैव सांख्यिकी में सैद्धांतिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सांख्यिकी एवं प्राकृतिक तथा सामाजिक विज्ञानों के पारस्परिक विकास के लिए इनके साथ निकट अंतःक्रिया पर भी बल दिया है, जिससे अंतर्विषयक अनुसंधान इसकी प्राथमिकताओं में से एक बना हुआ है।

दिल्ली स्थित अर्थशास्त्र एवं नियोजन यूनिट की फरजाना अफरीदी को स्प्रिंगर नेचर द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) एवं एमएचआरडी के सहयोग से प्रदान किया जाने वाला "हर रिसर्च, आवर फ्यूचर" पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्हें भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (टीआरआई) की विशेषज्ञ समिति के सदस्य के रूप में भी नामित किया गया है। दिल्ली स्थित अर्थशास्त्र एवं नियोजन यूनिट के चेतन घाटे को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्य के रूप में चुना गया है। दिल्ली स्थित अर्थशास्त्र एवं नियोजन यूनिट के ई. सोमनाथन को विकास एवं पर्यावरणीय अर्थव्यवस्था पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की संचालन समिति के सदस्य के रूप में चुना गया है। कोलकाता स्थित भौतिकी एवं अनुप्रयुक्त गणित यूनिट की प्रीति पाराशर को आईएनएसए महिला एसोसिएट्स (आईडब्ल्यूए) की संस्थापक सदस्य के रूप में चुना गया है। कोलकाता स्थित एसक्यूसी एवं ओआर यूनिट के मोहम्मद जफर अनिस को वर्ष 2026 के लिए पश्चिम बंगाल विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अकादमी (डब्ल्यूएएसटी) का फेलो चुना गया है। प्रो. शंकर कुमार पाल को एएनआरएफ प्रधानमंत्री प्रोफेसरशिप से सम्मानित किया गया है। संस्थान ने हाल ही में सैद्धांतिक एवं अनुप्रयुक्त सांख्यिकी के क्षेत्र में आईएसआई कोलकाता में आरबीआई चेयर प्रोफेसर का पद भी स्थापित किया है। वर्ष 2025 के दौरान आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर अर्णब लाहा संस्थान में प्रथम आरबीआई चेयर प्रोफेसर के रूप में शामिल हुए हैं।

परंपरानुसार, संस्थान के सदस्यों ने गत वर्ष विभिन्न प्रकार की वैज्ञानिक गतिविधियों में भाग लिया। इनमें से कुछ का उल्लेख यहाँ किया जा रहा है। प्रो. बी. सूरी के सम्मान में सूरी@65 सम्मेलन जून 2025 में आईएसआई बेंगलुरु में आयोजित किया गया। आईएसआई की सहयोगी संस्था तथा प्रो. महालनोबिस की अग्रणी पहलों में से एक अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी) ने अपना प्लेटिनम जुबली मनाते हुए सितंबर 2025 में ग्रेटर नोएडा में "सतत विकास की योजना के लिए डेटा की आवश्यकताएँ" विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला (सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की एक शाखा, राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी के सहयोग से) तथा आईएसआई कोलकाता में "विकास एवं योजना के लिए सांख्यिकी एवं डेटा साइंस" विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। "डायोफैंटाइन समीकरण, बहुपद एवं संबंधित क्षेत्र" (आईसीडीईपीआरए-2025) पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन अक्टूबर 2025 में संस्थान के दिल्ली केंद्र में आयोजित किया गया। "प्रायिकता एवं सांख्यिकी में हालिया प्रगति" पर एक सम्मेलन नवंबर 2025 में आईएसआई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया। आईएनएसए-आईएमयू कोलोक्वियम 2025 नवंबर 2025 में आईएसआई कोलकाता में आयोजित हुआ। आईएसआई बेंगलुरु ने नवंबर 2025 में "ओपन-सोर्स डी-स्पेस-9 कार्यशाला" आयोजित की। आर्थिक वृद्धि एवं विकास पर 20वाँ वार्षिक सम्मेलन दिसंबर 2025 में आईएसआई दिल्ली में आयोजित किया गया। "सांख्यिकी, प्रायिकता एवं वित्त में हालिया प्रगति" पर एक सम्मेलन दिसंबर 2025 में आईएसआई कोलकाता में आयोजित हुआ। "सांख्यिकी एवं डेटा साइंस में हालिया प्रगति" विषय पर एक सम्मेलन भी दिसंबर 2025 में आईएसआई कोलकाता में आयोजित किया गया। इंडिया बायोडायवर्सिटी मीट फरवरी 2026 में आईएसआई कोलकाता में आयोजित हुई। आईसीओएसएमओडीए 2026, अर्थात् "आपूर्ति श्रृंखला मॉडलिंग, अनुकूलन, डिजिटलीकरण एवं विश्लेषण" पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी फरवरी 2026 के दौरान आईएसआई कोलकाता में आयोजित किया गया। "पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में प्रवृत्तियाँ" विषय पर एक सम्मेलन मार्च 2026 में आईएसआई बेंगलुरु में आयोजित किया गया।

जुलाई 2024 सत्र से संस्थान ने अपना तीसरा स्नातक डिग्री कार्यक्रम, अर्थात् सांख्यिकीय डेटा साइंस में स्नातक (बीएसडीएस) प्रारंभ किया। यह चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है, जिसमें तीन वर्ष पूर्ण करने के बाद बाहर निकलने का विकल्प तथा पाँचवें वर्ष में अध्ययन जारी रखकर स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त करने का विकल्प उपलब्ध है। यह पाठ्यक्रम एक साथ कोलकाता स्थित मुख्यालय



आईएसआई, कोलकाता

तथा दिल्ली एवं बेंगलुरु स्थित केंद्रों में पढ़ाया जाता है। संस्थान द्वारा संचालित अन्य सभी कार्यक्रमों में, कोर्सेरा के साथ साझेदारी में संचालित पूर्णतः ऑनलाइन अनुप्रयुक्त सांख्यिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा तथा आईएसआई, आईआईटी खड़गपुर एवं आईआईएम कलकत्ता द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दो वर्षीय बिजनेस एनालिटिक्स में त्रि-संस्थान स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम भी शामिल हैं, जिनमें विद्यार्थियों, जिनमें कार्यरत पेशेवर भी शामिल हैं, की गहरी रुचि बनी हुई है। आईएसआई के स्नातकों के प्लेसमेंट का रिकॉर्ड असाधारण रूप से मजबूत बना हुआ है।

दिल्ली स्थित जलवायु, खाद्य, ऊर्जा और पर्यावरण अर्थशास्त्र अनुसंधान केंद्र (सीईसीएफईई) तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआईएमएल) अत्याधुनिक अनुसंधान एवं क्षमता निर्माण संबंधी गतिविधियों में निरंतर संलग्न हैं। आर. सी. बोस क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा केंद्र वर्तमान में सूचना सुरक्षा शिक्षा एवं जागरूकता, चरण–III परियोजना पर कार्य कर रहा है। यह भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) की एक पहल है, जिसका उद्देश्य सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में मानव संसाधन का विकास करना तथा आम जनता में साइबर सुरक्षा के संबंध में सामान्य जागरूकता उत्पन्न करना है। केंद्र सरकारी अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों के लिए क्रिप्टोलॉजी, सुरक्षा एवं संबद्ध विषयों की मूलभूत अवधारणाओं पर अल्पावधि पाठ्यक्रम तथा अनेक इंटर्नशिप कार्यक्रम भी संचालित करता है। डेटा इंजीनियरिंग, एनालिटिक्स एवं साइंस संस्थान (आईडीईएएस) फाउंडेशन, जो एनएम-आईसीपीएस मिशन के अंतर्गत स्थापित प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र है, ने अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएँ संचालित की हैं। आईडीईएएस बड़ी संख्या में ऑनलाइन इंटर्नशिप कार्यक्रम भी संचालित करता है। स्प्रिंगर द्वारा दो श्रृंखलाओं—सांख्य ए एवं सांख्य बी—में प्रकाशित पत्रिका 'सांख्य' वर्तमान में प्रधान संपादक प्रो. सौमेंद्र नाथ लाहिड़ी तथा संपादकीय दल के मार्गदर्शन में प्रकाशित हो रही है, जो पत्रिका की रैंकिंग में सुधार के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय सांख्यिकी शिक्षा केंद्र (आईएसईसी) ने विदेश मंत्रालय के आईटीईसी कार्यक्रम के अंतर्गत सांख्यिकीय सिद्धांत एवं अनुप्रयोग विषय पर दस माह की डिप्लोमा पाठ्यक्रम की 76वीं बैच को सफलतापूर्वक पूरा किया।

मैं संस्थान के अध्यक्ष प्रो. शंकर के. पाल, आईएसआई परिषद की अध्यक्षता करने वाले डॉ. कोप्पिलिल राधाकृष्णन, पूर्व निदेशक प्रो. संघमित्रा बंद्योपाध्याय, प्रभारी प्रोफेसरों तथा आईएसआई परिषद के सभी सदस्यों के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन के प्रति आभारी हूँ, जिन्होंने वर्ष 2025–2026 के दौरान संस्थान की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव एवं अपर सचिव तथा प्रशासनिक मंत्रालय के सभी अधिकारियों के निरंतर सहयोग एवं प्रोत्साहन के लिए भी उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। मैं संस्थान के सभी वैज्ञानिक एवं गैर-वैज्ञानिक कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा शुभचिंतकों के प्रति भी संस्थान के सर्वांगीण विकास में उनके सहयोग एवं योगदान के लिए अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ।

अयनेंद्रनाथ बसु

31 मार्च 2026

अयनेंद्रनाथ बसु

अध्याय– 01

संस्थान



आईएसआई, कोलकाता

संस्थान के बारे में

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान को अनुसंधान, शिक्षण और प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित राष्ट्रीय महत्व वाले संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त है।




संस्थापक

प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस



दृष्टिकोण:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान का उद्देश्य सांख्यिकी का सभी शास्त्रों के बीच समन्वयकारी बल के रूप में पोषण करना, अपने सभी वैज्ञानिक प्रभागों में अनुसंधान के उभरते क्षेत्रों को इसमें समाहित करना, तथा राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक कल्याण हेतु डेटा जनित रणनीतियों को अग्रसारित करने की दिशा में प्रयासरत रहना है।



उद्देश्य:

- सांख्यिकी के अध्ययन और इसके ज्ञान के प्रसार को प्रोत्साहित करना, सांख्यिकीय सिद्धांतों ओर पद्धतियों को विकसित करना और अनुसंधान एवं व्यवहारिक अनुप्रयोग में विशेष रूप से राष्ट्रीय विकास और सामाजिक कल्याण के लिए नियोजन में आनेवाली समस्याओं के संदर्भ में उनका व्यापक रूप से उपयोग करना;
- प्राकृतिक और समाज विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य करना जिससे सांख्यिकी ओर इन विज्ञानों का परस्पर विकास हो सके;
- योजना बनाने और प्रबंध एवं उत्पादन क्षमता में सुधार लाने के प्रयोजनार्थ सूचना का एकत्रीकरण, अन्वेषण परियोजना एवं संक्रियात्मक अनुसंधान संबंधी कार्य करना तथा उनके लिए प्रबंध करना ;
- उपर्युक्त उल्लिखित उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कोई अन्य अनुषंगी कार्य करना।

1.1 अवस्थितियाँ

परिसर की अवस्थितियाँ एवं बहिर्वर्ती एस. क्यू. सी. एवं ओ. आर. यूनिट


भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की स्थापना औपचारिक रूप से 1931 में की गई थी। संस्थान का मुख्यालय कोलकाता के बरानगर में स्थित है। दिल्ली, बेंगलूरु, चेन्नई और तेजपुर में इसके चार अन्य केंद्र एवं गिरिडीह में इसकी एक शाखा है। क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा हेतु आर.सी. बोस केंद्र का निर्माण वर्ष 2014 में किया गया था और यह भी कोलकाता में स्थित है। प्रत्येक परिसर में यूनिटों की एक अलग सूची के साथ विभिन्न स्थानों को भारत के मानचित्र पर दर्शाया गया है।

कोलकाता, पश्चिम बंगाल में

(I) आई.एस.आई का मुख्यालय

संस्थान का मुख्यालय (वर्ष 1953 में अपने वर्तमान परिसर में स्थानांतरित किया गया) कोलकाता मेट्रोपोलिटन शहर के उत्तरी किनारे पर स्थित एक विशाल परिसर है। इसमें 19 अकादमिक यूनिट, एक वृहत जीवंत पुस्तकालय, एक कंप्यूटर एवं सांख्यिकीय सेवा केंद्र, दो संग्रहालय, एक उत्कृष्टता के केंद्र तथा आई.एस.आई के दो सहयोगी संस्थान और एक प्रौद्योगिकी हब विद्यमान हैं, जो नीचे सूचीबद्ध किये गए हैं:--

1. उन्नत कम्प्यूटिंग एवं माइक्रोइलेक्ट्रोनिक्स यूनिट (एसीएमयू)
2. कृषि एवं पारिस्थितिक अनुसंधान यूनिट (एईआरयू)
3. अनुप्रयुक्त सांख्यिकी यूनिट (एएसयू)
4. जैविक मानव विज्ञान यूनिट (बीएयू)
5. सॉफ्ट कम्प्यूटिंग अनुसंधान केंद्र (सीएससीआर): एक राष्ट्रीय दक्षता (आई.एस.आई का सहयोगी संस्थान)
6. कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआइएमएल)
7. कम्प्यूटर एवं सांख्यिकीय सेवा केंद्र (सीएसएससी)
8. कम्प्यूटर विजन एवं प्रतिमान पहचान यूनिट (सीवीपीआरयू)
9. अर्थशास्त्रीय अनुसंधान यूनिट (ईआरयू)
10. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विज्ञान यूनिट (ईसीएसयू)
11. भूवैज्ञानिक अनुसंधान यूनिट (जीएसयू) एवं भूविज्ञान संग्रहालय
12. मानव आनुवांशिकी यूनिट (एचजीयू)
13. अंतर्विषयक सांख्यिकीय अनुसंधान यूनिट (आईएसआरयू)
14. अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी) (आई.एस.आई का सहयोगी संस्थान)
15. पुस्तकालय तथा पीसीएम स्मारक संग्रहालय एवं पुरालेखागार (पीसीएमएमएए)
16. भाषावैज्ञानिक अनुसंधान यूनिट (एलआरयू)
17. यंत्र आसूचना यूनिट (एमआइयू)
18. भौतिकी एवं अनुप्रयुक्त गणित यूनिट (पीएएमयू)
19. जनसंख्या अध्ययन यूनिट (पीएसयू)
20. मनोविज्ञान अनुसंधान यूनिट (पीआरयू)
21. प्रतिचयन एवं साधिकारिक सांख्यिकी यूनिट (एसओएसयू)
22. समाजवैज्ञानिक अनुसंधान यूनिट (एसआरयू)
23. सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान यूनिट (एस.क्यू.सी एवं ओ.आर.यू)
24. सांख्य-गणित यूनिट (एसएमयू)
25. प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र (टीआइएच)



(II) आर.सी. बोस केंद्र


कोलकाता स्थित क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा हेतु आर.सी. बोस केंद्र का निर्माण वर्ष 2014 में एक राष्ट्रीय हब के रूप में क्रिप्टोग्राफिक जरुरतों की पूर्ति की दृष्टि से किया गया था। वर्तमान में इस केंद्र में एक ही यूनिट विद्यमान है।

1. क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा अनुसंधान यूनिट (सीएसआरयू)

बेंगलूरु केंद्र, कर्नाटक

बेंगलूरु केंद्र की रुपरेखा प्रोफेसर पी. सी. महालनोबिस द्वारा वर्ष 1960 के दशक में तैयार की गई। बेंगलूरु में सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण यूनिट वर्ष 1956 से ही कार्यशील थी तथा प्रलेखन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना वर्ष 1962 में की गई। बेंगलूरु स्थित केंद्र की गतिविधियों का शुभारंभ सितम्बर 1978 में एक किराए के भवन में हुआ तथा मई 1985 में विभिन्न यूनिटों का स्थानांतरण वर्तमान परिसर में किया गया। बेंगलूरु केंद्र को औपचारिक रुप से माह सितम्बर 1996 में आई.एस.आई. के एक केंद्र के रूप में घोषित किया गया। यूकेलिप्टस वृक्षों से परिपूर्ण वर्तमान परिसर, शहर के बाह्यांतर में मैसूर रोड पर अवस्थित है तथा यह बेंगलूरु विश्वविद्यालय परिसर के निकट है। इस केंद्र द्वारा छः यूनिट तथा एक पुस्तकालय का परिचालन किया जाता है, नामत :

1. अनुप्रयुक्त सांख्यिकी यूनिट (एएसयू)
2. प्रलेखन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (डीआरटीसी)
3. आर्थिक विश्लेषण यूनिट (ईएयू)
4. पुस्तकालय
5. सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान यूनिट (एस. क्यू. सी. एवं ओ.आर.यू)
6. सांख्य-गणित यूनिट (एसएमयू)
7. प्रणाली विज्ञान एवं सूचना विज्ञान यूनिट (एसएसआईयू)



सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान (एसक्यूसी एवं ओआर) यूनिट

इस संस्थान में देश भर में फैले हुए सात सांख्यिकीय गुणवता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान (एसक्यूसी एवं ओआर) यूनिटों का एक संजाल है। कोलकाता स्थित अपने मुख्यालयों सहित दिल्ली, बेंगलूरु एवं चेन्नई स्थित अन्य केंद्रों से संचालित इन यूनिटों के अतिरिक्त तीन अन्य यूनिट निम्नलिखित शहरों में अवस्थित हैं:

1. हैदराबाद, तेलंगाना
2. मुंबई, महाराष्ट्र
3. पुणे, महाराष्ट्र

दिल्ली केंद्र, दिल्ली

दिल्ली केंद्र की स्थापना वर्ष 1974 में योजना आयोग परिसर के अंतर्गत की गई थी। इसे वर्ष 1975 में अपने वर्तमान परिसर में स्थानांतरित किया गया था। यह दक्षिण दिल्ली के कुतुब इन्स्टीट्यूशनल क्षेत्र में अवस्थित है। इस केंद्र में निम्नलिखित यूनिट विद्यमान हैं:

1. जलवायु, खाद्य, ऊर्जा एवं पर्यावरण अर्थशास्त्र अनुसंधान केंद्र (सीइसीएफईई)
2. अर्थशास्त्र एवं आयोजन यूनिट (ईपीयू)
3. पुस्तकालय
4. सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान यूनिट (एस.क्यू. सी. एवं ओ.आर.यू)
5. सांख्यिकीय विज्ञान युनिट (स्टैट एसयू)
6. सांख्य-गणित यूनिट (एसएमयू)

चेन्नई केंद्र, तमिल नाडू

चेन्नई केंद्र की स्थापना वर्ष 2008 में की गई तथा वर्तमान में यह 37, नेलसन मनिक्कम रोड (प्रथम तल), अमिनजीकराइ, चेन्नई में अवस्थित है। इस केंद्र में तीन यूनिट तथा एक पुस्तकालय विद्यमान हैं, नामतः

1. अनुप्रयुक्त सांख्यिकी यूनिट (एएसयू)
2. कम्प्यूटर विज्ञान यूनिट (सीएसयू)
3. पुस्तकालय
4. सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान यूनिट (एस.क्यू. सी. एवं ओ.आर.यू)

पूर्वोत्तर केंद्र तेज़पुर, असम

तेजपुर स्थित पूर्वोत्तर केंद्र की स्थापना वर्ष 2011 में की गई थी तथा वर्तमान में यह पुनियोनी, सोलमारा में अवस्थित है, जो कि तेजपुर का उत्तरी भाग है तथा यह तेजपुर विश्वविद्यालय, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के रक्षा अनुसंधान प्रयोगशाला (डीआरएल) के सन्निकट है। इस केंद्र में निम्नलिखित तीन यूनिट एवं एक पुस्तकालय संचालित किये जाते हैं:

1. अनुप्रयुक्त एवं आधिकारिक सांख्यिकी यूनिट (एओएसयू)
2. पुस्तकालय
3. सामाजिक-आर्थिक अनुसंधान यूनिट (एसईआरयू)
4. सैद्धांतिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान यूनिट (टीएएसयू)

गिरिडीह शाखा, झारखंड

गिरिडीह शाखा की स्थापना वर्ष 1931 में की गई तथा यह गिरिडीह शहर के हृदय स्थल में अवस्थित है. गिरिडीह शाखा के विशाल परिसर में तीन भूमि खंड सम्मिलित हैं। कार्यालय भवन के अतिरिक्त, गिरिडीह के पास दो बड़े कृषि भूखंड हैं, जो कि ऊसरी नदी के किनारे पर अवस्थित हैं। विभिन्न भूमि अवस्थिति (उच्च, मध्य एवं निम्नतलीय) के साथ ये भूखंड कृषि प्रयोगों के संचालन के लिए आदर्श जगह हैं, जिनके साथ सुव्यवस्थित प्रयोगशालाएं भी विद्यमान हैं। गिरिडीह शाखा में कोलकाता स्थित सम्बंधित यूनिटों के अंतर्गत प्रचालित दो प्रचालनात्मक यूनिट भी हैं:-

1. कृषि एवं पारिस्थितिक अनुसंधान यूनिट (एईआरयू)
2. समाजवैज्ञानिक अनुसंधान यूनिट (एसआरयू)

1.2 संगठनात्मक विवरणी

शैक्षिक प्रभाग

01 जैविक विज्ञान प्रभाग (बीएसडी)

- कृषि एवं पारिस्थितिक अनुसंधान यूनिट (एईआरयू), कोलकाता एवं गिरिडीह
- जैविक मानव विज्ञान यूनिट (बीएयू), कोलकाता
- मानव आनुवंशिकी यूनिट (एचजीयू), कोलकाता

02 कंप्यूटर एवं संचार विज्ञान प्रभाग (सीसीएसडी)

- उन्नत कम्प्यूटिंग एवं माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स यूनिट (एसीएमयू), कोलकाता
- कंप्यूटर विज्ञान यूनिट (सीएसयू), चेन्नई
- कंप्यूटर विजन एवं प्रतिमान पहचान यूनिट (सीवीपीआरयू), कोलकाता
- क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा अनुसंधान यूनिट (सीएसआरयू). कोलकाता
- इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार विज्ञान यूनिट (ईसीएसयू), कोलकाता
- यंत्र आसूचना यूनिट (एमआईयू), कोलकाता
- प्रणाली विज्ञान एवं सूचना विज्ञान यूनिट (एसएसआईयू) बेंगलूरु

03 पुस्तकालय, प्रलेखन एवं सूचना विज्ञान प्रभाग (एलडीआईएसडी)

- पुस्तकालय, बेंगलूरु
- पुस्तकालय चेन्नई
- पुस्तकालय, दिल्ली
- पुस्तकालय, कोलकाता
- प्रशांत चंद्र महालनोबिस स्मारक संग्रहालय एवं अभिलेखागार, कोलकाता
- पुस्तकालय, पूर्वोत्तर केंद्र, तेज़पुर

04 भौतिकी एवं पृथ्वी विज्ञान प्रभाग (पीईएसडी)

- भूवैज्ञानिक अध्ययन यूनिट (जीएसयू), कोलकाता
- भूविज्ञान संग्रहालय, कोलकाता
- भौतिकी एवं अनुप्रयुक्त गणित यूनिट (पीएएमयू), कोलकाता
- सैद्धांतिक एवं अनुप्रयुक्त विज्ञान यूनिट (टीएएसयू), पूर्वोत्तर केंद्र, तेज़पुर

05 समाज विज्ञान प्रभाग (एसएसडी)

- प्रलेखन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (डीआरटीसी), बेंगलूरु
- आर्थिक विश्लेषण यूनिट (ईएयू), बेंगलूरु
- अर्थशास्त्र एवं आयोजना यूनिट (ईपीयू), दिल्ली
- अर्थशास्त्रीय अनुसंधान यूनिट (ईआरयू), कोलकाता
- भाषा वैज्ञानिक अनुसंधान यूनिट (एलआरयू) कोलकाता
- जनसंख्या अध्ययन यूनिट (पीएसयू) कोलकाता
- मनोविज्ञान अनुसंधान यूनिट (पीआरयू), कोलकाता
- सामाजिक-आर्थिक अनुसंधान यूनिट (एसईआरयू), पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर
- समाज वैज्ञानिक अनुसंधान यूनिट (एसआरयू), कोलकाता एवं गिरिडीह

06 सांख्यिकीय विज्ञान प्रभाग (स्टैट एसडी)

- अनुप्रयुक्त एवं साधिकारिक सांख्यिकी इकाई (एओएसयू), पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर
- अनुप्रयुक्त सांख्यिकी यूनिट (एएसयू), बेंगलूरु
- अनुप्रयुक्त सांख्यिकी यूनिट (एएसयू), चेन्नई
- अनुप्रयुक्त सांख्यिकी यूनिट (एएसयू), कोलकाता
- अंतःविषयक सांख्यिकीय अनुसंधान इकाई (आईएसआरयू), कोलकाता
- प्रतिचयन एवं साधिकारिक सांख्यिकी इकाई (एसओएसयू), कोलकाता
- सांख्यिकीय विज्ञान इकाई (स्टैट एसयू), दिल्ली

07 सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण एवं संक्रियात्मक अनुसंधान प्रभाग (एसक्यूसीओआरडी)

- एस क्यू सी एवं ओ आर यूनिट, बेंगलूरु
- एस क्यू सी एवं ओ आर यूनिट, चेन्नई
- एस क्यू सी एवं ओ आर यूनिट, दिल्ली
- एस क्यू सी एवं ओ आर यूनिट, हैदराबाद
- एस क्यू सी एवं ओ आर यूनिट, कोलकाता
- एस क्यू सी एवं ओ आर यूनिट, मुंबई
- एस क्यू सी एवं ओ आर यूनिट, पुणे

08 सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित यूनिट (टीएसएमडी)

- सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित यूनिट (एसएमयू), बेंगलूरु
- सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित यूनिट (एसएमयू), दिल्ली
- सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित यूनिट (एसएमयू), कोलकाता

शिक्षण एवं प्रशिक्षण

01 संकायाध्यक्ष कार्यालय

02 नियोजन प्रकोष्ठ

सहयोगी संस्थान

01 सॉफ्ट कम्प्यूटिंग अनुसंधान केंद्र (सीएससीआर): एक राष्ट्रीय दक्षता, कोलकाता

02 अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी), कोलकाता

उत्कृष्टता केंद्र

01 कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआईएमएल)

02 जलवायु, खाद्य, ऊर्जा एवं पर्यावरण अर्थशास्त्र अनुसंधान केंद्र (सीईसीएफईई)

प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र (टीआईएच)

कंप्यूटर एवं सांख्यिकीय सेवा केंद्र (सीएसएससी), कोलकाता

प्रशासनिक सेवा प्रभाग

01 निदेशक का कार्यालय

- शैक्षिक उद्योग एवं अनुसंधान प्रयोगशाला सहयोग प्रकोष्ठ (सीसीएआईआर)
- संकाय भर्ती प्रकोष्ठ
- पीएच. डी / डी. एस. सी. प्रकोष्ठ
- एस.टी. / एस.सी./ओ.बी.सी. संपर्क प्रकोष्ठ

02 मुख्य कार्यपालक (प्रशासन एवं वित्त) का कार्यालय

- लेखा अनुभाग
- दृश्य श्रव्य यूनिट
- कैंटीन
- रोकड़ यूनिट
- केंद्रीय प्रेषण यूनिट
- परिषद अनुभाग
- इलेक्ट्रिकल अनुरक्षण यूनिट
- अभियांत्रिकी यूनिट
- सम्पदा कार्यालय
- अतिथि गृह
- छात्रावास
- गृह निर्माण अग्रिम प्रकोष्ठ
- मानव संसाधन विकास यूनिट
- आयात / यात्रा प्रकोष्ठ
- आंतरिक लेखापरीक्षा प्रकोष्ठ
- विधिक प्रकोष्ठ
- चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति यूनिट
- चिकित्सा कल्याण यूनिट
- राजभाषा प्रकोष्ठ
- कार्मिक यूनिट
- भविष्य निधि यूनिट
- जन संपर्क यूनिट
- प्रकाशन एवं मुद्रण यूनिट
- सेवानिवृत्ति हितलाभ प्रकोष्ठ
- आरटीआई शिकायत एवं अभियोग प्रकोष्ठ
- सुरक्षा यूनिट
- भंडार एवं क्रय यूनिट
- टेलीफोन यूनिट
- परिवहन यूनिट

03 सतर्कता प्रकोष्ठ

1.3 आईएसआई: महत्वपूर्ण घटनाओं का क्रम

आशुचित्र !

1931-1980:

- पी. सी. महालनोबिस द्वारा भारतीय सांख्यिकीय संस्थान (आईएसआई) की स्थापना।
- भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकी पत्रिका 'सांख्य' (Sankhya) का प्रकाशन; इसकी भूमिका रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने लिखी।
- सामाजिक-आर्थिक आँकड़ों के संग्रह के लिए राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस) की संकल्पना।
- विकासशील देशों के सांख्यिकीविदों के प्रशिक्षण हेतु यूनेस्को के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकी शिक्षा केंद्र (आईएसईसी) की स्थापना।
- द्वितीय पंचवर्षीय योजना का प्रारूप तैयार किया गया।
- भारत का पहला एनालॉग कंप्यूटर विकसित किया गया।
- भारत का पहला डिजिटल कंप्यूटर HEC-2M आयात कर स्थापित किया गया।
- केंद्रीय अधिनियम द्वारा आईएसआई को 'राष्ट्रीय महत्व का संस्थान' घोषित किया गया।
- भारत का पहला डिजिटल कंप्यूटर ISI-JU-1 निर्मित कर चालू किया गया।
- आईएसआई के दिल्ली केंद्र की स्थापना।
- आईएसआई के बेंगलुरु केंद्र की स्थापना।
- **आईएसआई के वैज्ञानिकों की प्रमुख उपलब्धियाँ:**
  - महालनोबिस दूरी।
  - महालनोबिस की व्यापक नमूना सर्वेक्षण पद्धति।
  - क्रैमर–राव सीमा एवं राव–ब्लैकवेल प्रमेय।
  - बोस के बीसीएच त्रुटि-सुधारक कोड।
  - वरधन का व्यापक विचलन सिद्धांत।
  - सांख्यिकी में बहादुर दक्षता एवं बसु प्रमेय।
  - भूवैज्ञानिकों द्वारा डायनासोर के जीवाश्म बारापासॉरस टैगोरेई की खोज।

1981 – 2004:

- कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक. कार्यक्रम [एम.टेक. (सीएस)] आरंभ किया गया।
- प्रतिरूप पहचान, कंप्यूटर विज़न, इमेज प्रोसेसिंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्रों में पाँचवीं पीढ़ी के ज्ञान-आधारित कंप्यूटर सिस्टम (एफजीसीएस/केबीसीएस) के लिए नोडल केंद्र की स्थापना।
- गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं परिचालन अनुसंधान में एम.टेक. कार्यक्रम [एम.टेक. (क्यूआरओआर)] आरंभ किया गया।
- मात्रात्मक अर्थशास्त्र में एम.एस. कार्यक्रम [एमएस (क्यूई)] आरंभ किया गया।
- दृष्टिबाधित व्यक्तियों के उपयोग के लिए बांग्ला भाषा में कंप्यूटर-आधारित शब्दकोश विकसित किया गया।
- गणित में स्नातक कार्यक्रम [बी.मैथ] आरंभ किया गया।
- गणित में स्नातकोत्तर कार्यक्रम [एम.मैथ] आरंभ किया गया।
- **आईएसआई के वैज्ञानिकों की प्रमुख उपलब्धियाँ:**
  - जटिल एवं बहुआयामी प्रतिरूपों की पहचान के लिए सुदृढ़ वर्गीकरण विधियाँ विकसित करने हेतु न्यूरो-फज़ी प्रतिरूप पहचान पर अग्रणी कार्य।
  - बहुआयामी आँकड़ों के लिए माध्यिका एवं क्वांटाइल्स की अवधारणाओं के विकास में योगदान देने वाले ज्यामितीय क्वांटाइल्स का विकास।
  - सर्च इंजन में दस्तावेजों की रैंकिंग तथा प्रासंगिक जानकारी खोजने की प्रभावी तकनीक का विकास।
  - डेंसिटी पावर डाइवर्जेंस (बीएचएचजे डाइवर्जेंस) का विकास, जिसका उपयोग त्रुटिपूर्ण एवं असामान्य डेटा के बावजूद विश्वसनीय सांख्यिकीय निष्कर्ष प्राप्त करने में किया जाता है।
  - सुरक्षित एन्क्रिप्शन प्रणालियों के निर्माण के लिए अत्यधिक अरैखिक रेजिलिएंट बूलियन फलनों के इष्टतम निर्माण का विकास।
  - अधिक आँकड़ों के आधार पर सांख्यिकीय विधियों के सीखने की प्रक्रिया को स्पष्ट करने वाले महत्वपूर्ण गणितीय परिणामों की स्थापना।
  - डेटा में प्रतिरूपों की खोज के लिए विकासवादी संगणना पर आधारित एल्गोरिदम के निर्माण में अग्रणी योगदान।


2005 से वर्तमान तक

- भारत में सॉफ्ट कंप्यूटिंग की शुरुआत तथा एशिया में सॉफ्ट कंप्यूटिंग अनुसंधान के प्रथम केंद्र की स्थापना।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए आउटरीच कार्यक्रम की शुरुआत।
- आईएसआई के प्लेटिनम जुबली समारोह के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा 29 जून को सांख्यिकी दिवस घोषित किया गया।
- आईएसआई के चेन्नई केंद्र की स्थापना।
- पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में एम.एस. कार्यक्रम [एमएस (एलआईएस)] शुरू किया गया।
- संस्थान के संकाय सदस्यों के उच्च शैक्षणिक स्तर को मान्यता देते हुए, यूजीसी वेतनमान के स्थान पर संस्थान को आईआईएससी के संकाय वेतनमान की स्वीकृति दी गई।
- सॉफ्ट कंप्यूटिंग अनुसंधान केंद्र (सीएससीआर) को आईएसआई का 'सहयोगी संस्थान' घोषित किया गया।
- क्षेत्र के विकास के लिए आईएसआई के पूर्वोत्तर केंद्र की स्थापना।
- सांख्यिकीय विधियों एवं विश्लेषण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएसएमए) शुरू किया गया।
- गुणवत्ता प्रबंधन विज्ञान में एम.एस. कार्यक्रम [एमएस (क्यू एम एस)] शुरू किया गया।
- आर. सी. बोस क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा केंद्र (आरसीबीसीसीएस) की स्थापना।
- आधिकारिक सांख्यिकी एवं नीति अनुसंधान में शिक्षण और प्रशिक्षण की शुरुआत।
- आईआईटी खड़गपुर एवं आईआईएम कलकत्ता के सहयोग से व्यवसाय वैश्लेषिकी में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजिडीबीए) आरंभ किया गया।
- क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा में एम.टेक. कार्यक्रम [एम.टेक. (सीआरएस)] शुरू किया गया।
- कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआईएमएल) की स्थापना।
- कैंसर, स्व-प्रतिरक्षित रोगों तथा तंत्रिका-अपक्षयी रोगों सहित कम्प्यूटेशनल एवं प्रायोगिक जीवविज्ञान में अनुसंधान को बढ़ावा दिया गया।
- कोयला मंत्रालय द्वारा अपनाए जाने हेतु कोयला सूचकांक विकसित किया गया।
- दृश्य ध्यान, चेहरे के भाव एवं आवाज़ से प्राप्त भावनात्मक संकेतों के आधार पर ऑटिज्म के स्वचालित आकलन के लिए एकीकृत समाधान विकसित किया गया।
- कंप्यूटर विज़न आधारित वाहन के प्रकार एवं पंजीकरण संख्या की पहचान करने वाली प्रणाली विकसित की गई।
- राष्ट्रीय खनिज सूचकांक विकसित किया गया।
- अनुप्रयुक्त सांख्यिकी प्रभाग (एएसडी) का पुनर्गठन कर इसका नाम सांख्यिकीय विज्ञान प्रभाग (स्टैटएसडी) रखा गया।
- आईएसआई के दिल्ली केंद्र में सांख्यिकीय विज्ञान प्रभाग के अंतर्गत नई सांख्यिकीय विज्ञान यूनिट (स्टैटएसयू) की स्थापना।
- सांख्यिकीय विधियों एवं विश्लेषण के साथ कृषि एवं ग्रामीण प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएआरएसएमए) आरंभ किया गया।
- दिल्ली में जलवायु, खाद्य, ऊर्जा एवं पर्यावरण अर्थव्यवस्था अनुसंधान केंद्र (सीईसीएफईई) की स्थापना।
- प्रौद्योगिकी नवाचार हब (टीआईएच) की स्थापना।
- अनुप्रयुक्त सांख्यिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीएएस) पाठ्यक्रम आरंभ किया गया।
- सांख्यिकीय विज्ञान यूनिट (स्टैटएसयू) की स्थापना।
- सांख्यिकीय डेटा साइंस में स्नातक कार्यक्रम (बीएसडीएस) आरंभ किया गया।
- **आईएसआई के वैज्ञानिकों की प्रमुख उपलब्धियाँ**
  - जैविक आँकड़ों के विश्लेषण के लिए उन्नत एल्गोरिदम विकसित किए गए, जिनसे माइक्रोआरएनए लक्ष्यों की पहचान तथा नए जैव-सूचकों की खोज में सहायता मिली।
  - कंडीशनल सैंपलिंग पर अग्रणी कार्य, जिससे प्रायिकता वितरणों के परीक्षण की तकनीकों में सुधार हुआ तथा रैंडमाइज्ड एल्गोरिदम के सत्यापन के नए मार्ग खुले।
  - हार्डी–लिटिलवुड–रामानुजन सर्कल विधि के अधिक प्रभावी रूपों का विकास तथा उच्च-रैंक एल-फलनों की सबकॉन्क्सिटी समस्या पर महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ।
  - बीजगणितीय ज्यामिति की दशकों से अनसुलझी ज़ारिस्की कैंसलेशन समस्या का समाधान।
  - श्रृंगासॉरस इंडिकस की खोज।
  - वृहद डेटा स्ट्रीम में विशिष्ट तत्वों की संख्या का अनुमान लगाने के लिए सरल सीवीएम एल्गोरिदम का विकास, जिससे लंबे समय से अध्ययन की जा रही समस्या का समाधान आसान हुआ।
  - गणित, सांख्यिकी, गेम थ्योरी, क्रिप्टोलॉजी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग, सॉफ्ट कंप्यूटिंग, भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी, गरीबी एवं असमानता के मापन, जैव-सूचना विज्ञान, जनसंख्या जीनोमिक्स तथा कम्प्यूटेशनल एवं प्रायोगिक जीवविज्ञान में अनेक अग्रणी योगदान। इनमें कैंसर, स्व-प्रतिरक्षित रोगों और तंत्रिका-अपक्षयी रोगों पर अनुसंधान भी शामिल है।

अग्रगामी सोच !

आई.एस.आई में प्रारंभ किए गए शैक्षणिक कार्यक्रम

- वर्ष 1961 में संस्थान द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय रुप से ख्याति प्राप्त सांख्यिकी में यूजी एवं पीजी पाठ्यक्रमों (बी.स्टैट. एवं एम.स्टैट.) की शुरुआत की गई, जिसकी डिग्री देने के लिए संस्थान को भारतीय सांख्यिकीय संस्थान अधिनियम, वर्ष 1959 द्वारा शक्तिसम्पन्न किया गया।
- वर्ष 1995 में इस अधिनियम का भारत की संसद द्वारा संशोधन किया गया, जिसके अंतर्गत संस्थान को न सिर्फ सांख्यिकी वरन गणित, संख्यात्मक अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सांख्यिकी से सम्बद्ध उन अन्य विषयों में डिग्री/ डिप्लोमा देने के लिए शक्तिसम्पन्न किया गया, जिनका निर्धारण संस्थान द्वारा समय समय पर किया जाता है।
- आईएसआई द्वारा अपने मूल शास्त्र, अर्थात सांख्यिकी के अतिरिक्त गणित, संख्यात्मक अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान साथ ही गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं संक्रियात्मक अनुसंधान के क्षेत्रों में भी पीएच.डी. डिग्री देना आरम्भ किया गया।
- कई डिग्री/ डिप्लोमा प्रोग्राम बाद में भी प्रस्तावित किए जाते रहे। आईएसआई में प्रस्तावित नवाचार प्रोग्रामों की समय-रेखा निम्नांकित रुप से है:-



पी.जी.डी.एस.एम.ए को प्रारंभिक रूप से वर्ष 2011-12 में अनुप्रयोगों सहित सांख्यिकी प्रविधियों में पीजी डिप्लोमा के तौर पर पूर्वोत्तर केंद्र से प्रस्तावित किया गया था, बाद में वर्ष 2013 में इसका पुनः नामकरण किया गया। पूर्वोत्तर क्षेत्र के निवासी छात्रों के लिए 50% के आरक्षण के साथ तेजपुर में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2019 से, इस कार्यक्रम को इसी समय पूरे भारत वर्ष से अभ्यर्थियों के लिए चेन्नई केंद्र में भी प्रस्तावित किया जाता है।

1.4 संस्थान का संक्षिप्त इतिहास

वर्ष 1920 में, प्रेसिडेंसी कॉलेज, कोलकाता के तत्कालीन प्रोफेसर प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने सांख्यिकीय पद्धतियों का उपयोग कर कई परिणमोन्मुख अध्ययन किए जिनके परिणामस्वरूप उभरते विज्ञान के रूप में सांख्यिकी की प्रभाविता एवं संभावनाओं के प्रति उनकी धारणाओं को और स्पष्टता मिली।

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान (आई.एस.आई) की औपचारिक स्थापना दिनांक 17 दिसम्बर, 1931 को सर आर. एन. मुखर्जी, संस्थान के प्रथम अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित एक बैठक में की गई और प्रशांत चंद्र महालनोबिस को मानद सचिव के रूप में नियुक्त किया गया।

दिनांक 28 अप्रैल, 1932 को 1860 के सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम सं. XXI के अधीन एक गैर सरकारी और अलाभकारी विद्यावितरक संस्था के रूप में भारतीय सांख्यिकीय संस्थान का पंजीकरण हुआ। वर्तमान में, संस्थान वर्ष 1964 में यथासंशोधित 1961 के पश्चिम बंगाल सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम XXVI के अधीन पंजीकृत है।

सर्वप्रथम संस्थान का कार्य कोलकाता के कई विशिष्ट व्यक्तियों तथा निष्ठावान विद्धानों के अथक समर्थन से प्रेसीडेंसी कॉलेज (अब प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय) के एक कक्ष से प्रारंभ हुआ। प्रथम दो दशकों में, जो भारतीय विज्ञान एवं संस्थान के निर्माण के इतिहास में गौरवशाली अध्याय साबित हुए, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान ने देश की अत्यावश्यक एवं जीवंत समस्याओं के समाधान की खोज में सांख्यिकी के अनुप्रयोग से संबंधित कई पथप्रदर्शक परियोजनाएं चलाई। एसे कार्यक्रमों के अंतर्गत फसलों की पैदावार और भूमि की उपयोगिता, बंगाल के अकाल का समाजिक-आर्थिक पश्च-प्रभाव और बाढ़ की समस्याओं के प्रतिदर्श सर्वेक्षेणों पर नवीन परियोजनाएं शामिल हैं। तब से ये नवाचार तथा पद्धतिपरक अनुसंधान सांख्यिकी के क्षेत्र में आदर्श के रूप में स्थापित हैं। इसके साथ ही वैज्ञानिक कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के कार्य में भी प्रगति हुई है। इससे उच्च स्तरीय अनुसंधान को भी बढ़वा मिला तथा उक्त अनुसंधान कार्यों के परिणामों को प्रकाशित करने की आवश्यकता महसूस हुई जिसके लिए देश में सांख्यिकी पर प्रथम अंतरराष्ट्रीय पत्रिका, सांख्य की नीव सन् 1933 में रखी गई।

भारत की आजादी के बाद, संस्थान ने सर्वेक्षण के उत्कृष्ट क्षेत्रों में कार्य कर राष्ट्र निर्माण के कार्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो सामाजिक और राष्ट्रीय दृष्टि से प्रासंगिक थे। सर रोनाल्ड ए फिशर ने संरक्षण द्वारा तथा अमूल्य योगदान देते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रोफेसर महालनोबिस और आर.सी बोस, एस.एन. रॉय एवं सी.आर. राव सहित युवा सांख्यिकीविदों के एक बहुत ही सक्षम समूह की अगुवाई में, संस्थान एक व्यापक भूमिका निभाने की ओर अग्रसर हुआ। वर्ष 1954 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रोफेसर महालनोबिस एवं भारतीय सांख्यिकीय संस्थान को देश के लिए द्वितीय पंचवर्षीय योजना का मसौदा तैयार करने का दायित्व सौंपा। महालनोबिस द्वारा प्रस्तुत किया गया मसौदा एवं उनके और उनके सहकर्मियों द्वारा तैयार किए गए योजना मॉडल को भारत में आर्थिक योजना के क्षेत्र में प्रमुख योगदान के रूप मे माना जाता है। संस्थान को औपचारिक मान्यता दिसंबर 1959 में मिली जब तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने संसद में भारतीय सांख्यिकीय संस्थान अधिनिमय, 1959 पारित कराया। इस अधिनियम ने भारतीय सांख्यिकीय संस्थान को राष्ट्रीय महत्व के संस्थान का दर्जा प्रदान किया। भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की गतिविधियों में लगातार वृद्धि हुई, मौजूदा हित अधिक विस्तार-आधारित बन गए तथा सांख्यिकी और प्राकृतिक एवं समाज विज्ञान के बीच क्रियाशील पारस्परिक प्रभाव के हित में कई विज्ञान यूनिट स्थापित किये गए। उक्त अधिनियम द्वारा डिग्री प्रदान करने के लिए सशक्त किए जाने पर संस्थान द्वारा बी. स्टैट. एवं एम.स्टैट, पाठ्यक्रम आरंभ किये गए। कोलकाता में एक उत्कृष्ट पुस्तकालय की स्थापना की गई तथा बंगलूरु में प्रलेखन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कार्यपरक हुआ। अन्य बुनियादी सुविधाओं का विकास कार्य भी शुरू हो गया।

1959 के भारतीय सांख्यिकीय संस्थान अधिनियम को 1995 में संसद द्वारा संशोधित किया गया ताकि संस्थान को न केवल सांख्यिकी में, बल्कि गणित, मात्रात्मक अर्थशास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान और सांख्यिकी से संबंधित ऐसे अन्य विषयों में भी डिग्री / डिप्लोमा प्रदान करने के लिए सशक्त बनाया जा सके, जो इसके द्वारा समय-समय पर निर्धारित किए जा सकते हैं। बाद में कई डिग्री/डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू किए गए, विस्तृत सूची अध्याय 2 में दी गई है।

दिनांक 24 दिसंबर, 2006 को संस्थान के प्लेटिनम जुबली समारोह (2006-07) के दौरान, भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने प्रो. पी.सी. महालनोबिस के जन्म दिवस (29 जून) को सांख्यिकी दिवस घोषित किया।



आर. ए. फिशर भवन, आईएसआई, कोलकाता, 1953



आम्रपाली, आईएसआई, कोलकाता

आगंतुकगण:

संस्थान ने अपने प्रारंभिक काल से लेकर वर्तमान समय तक अनेक प्रतिष्ठित आगंतुकों की मेजबानी की है, जिनमें से कुछ नोबेल पुरस्कार विजेता भी रहे हैं। सर रोनाल्ड ए. फिशर, जे.बी.एस. हाल्डेन और वाल्टर ए. शेवार्ट के अतिरिक्त, इन विशिष्ट विद्वानों में फ्रेडरिक एवं आइरीन क्यूरी, नील्स बोहर, ए.एन. कोल्मोगोरोव, जे.एल. डूब, पी.एम.एस. ब्लैकेट, जे.डी. बर्नाल, जोन रॉबिन्सन, विलियम एडवर्ड्स डेमिंग, जोसेफ एम. जुरान, गेनिची तागुची तथा जॉर्ज अकरलॉफ शामिल थे। उल्लेखनीय है कि जॉर्ज अकरलॉफ वर्ष 1967-68 के दौरान आईएसआई में विजिटिंग प्रोफेसर रहे। हाल के वर्षों में अमर्त्य के. सेन, अभिजीत विनायक बनर्जी, रॉबर्ट ऑमन, लोट्फी ए. ज़ादेह, रोजर पेनरोज, जोसेफ ई. स्टिग्लिट्ज, सर जेम्स ए. मिर्लीस, एरिक स्टार्क मस्किन, ई-इचि नेगिशी, अदा योनाथ, योआखिम फ्रैंक, डेविड जोनाथन ग्रॉस, पामेला रॉबिन्सन तथा एस.आर.एस. वरधन (प्रायिकता सिद्धांत में योगदान के लिए 2007 का एबेल पुरस्कार तथा संस्थान के पूर्व छात्र) की यात्राओं का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है। संस्थान को अपने प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों में सांख्यिकीय विज्ञान के विश्वविख्यात अग्रणी सी.आर. राव को शामिल करने पर गर्व है।



प्रो. पी. सी. महालनोबिस और भौतिकी के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. पी. एम. एस. ब्लैकेट, 23.01.1962



सर रोनाल्ड ए. फिशर और प्रो. पी. सी. महालनोबिस द्वारा वृक्षारोपण, 1962



आंद्रेई कोल्मोगोरोव और रानी महालनोबिस, 1962



नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के बाद अमर्त्य सेन का आगमन, 2001



आर. जे. ऑमन का आगमन, 15.01.2007



हार्वर्ड विश्वविद्यालय के नोबेल पुरस्कार विजेता प्रो. एरिक स्टार मास्किन और प्रो. बिमल कुमार रॉय, 08.01.2015



अरुण शौरी, एस. बंद्योपाध्याय, सी. रंगराजन, ई.इची नेगीशी और एन. आर. नारायण मूर्ति

1.5 अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी)

आईएसईसी: 1950-2025 – हीरक जयंती समारोह

डॉ. स्टुअर्ट ए. राइस ने 1947 से 1953 तक अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान (आईएनटीएलएसआई) के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया तथा वे संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकीय आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे। अप्रैल 1948 में उन्होंने संस्थान की ओर से संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकीय आयोग को "सांख्यिकी में शिक्षा के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम" शीर्षक से एक नोट प्रस्तुत किया। सांख्यिकीय आयोग में हुई चर्चाओं के आधार पर, संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद ने जुलाई-अगस्त 1948 में आयोजित अपने नौवें सत्र में सिफारिश की, कि महासचिव - संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को), अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान (आईएनटीएलएसआई) तथा अन्य उपयुक्त अंतरराष्ट्रीय संगठनों और संबंधित विशेषीकृत अभिकरणों के सहयोग से सांख्यिकी में शिक्षा एवं प्रशिक्षण की आवश्यकताओं का सर्वेक्षण करें तथा उन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम तैयार करें। 1948 से प्रारंभ करते हुए, यूनेस्को ने आईएनटीएलएसआई को 5,000 अमेरिकी डॉलर की राशि प्रदान की और इसके बाद अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा कार्यक्रम के समर्थन के लिए वार्षिक अनुदान प्रदान किए।

इसके अतिरिक्त, 1948 में आईएनटीएलएसआई ने संस्थान के सांख्यिकीय शिक्षा कार्यक्रम की देखरेख के लिए सात सदस्यों वाली शिक्षा समिति का गठन किया। एक अंतरिम प्रतिवेदन अप्रैल 1949 में संयुक्त राष्ट्र सांख्यिकीय आयोग तथा यूनेस्को को प्रस्तुत किया गया। वर्ष 1949 में बर्न में आयोजित आईएनटीएलएसआई के अधिवेशन के दौरान हुई अपनी पहली बैठक में समिति ने "सांख्यिकीय शिक्षा को बढ़ावा देना" विषय (जिसके अधिकांश भाग के लेखक डॉ. राइस थे) पर एक विस्तृत प्रतिवेदन पर चर्चा की। इस प्रतिवेदन में एक अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र स्थापित करने की योजना पर चर्चा की गई थी। इसका श्रेय प्रो. महालनोबिस को जाता है कि उन्होंने आईएनटीएलएसआई को यह विश्वास दिलाया कि भारत वास्तव में एक अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र की स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान है। इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय शिक्षा केंद्र (आईएसईसी), कलकत्ता, जिसकी प्रायोजक संस्था अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान थी, का अक्टूबर 1950 में गठन हुआ। प्रो. पी.सी. महालनोबिस को आईएसईसी के निदेशक मंडल (बीओडी) का अध्यक्ष तथा डॉ. स्टुअर्ट ए. राइस को आईएसईसी-बीओडी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कलकत्ता में आईएसईसी की स्थापना वास्तव में आईएनटीएलएसआई की एक अत्यंत महत्वपूर्ण गतिविधि थी। बल्कि, वाशिंगटन में आयोजित आईएनटीएलएसआई अधिवेशन के दौरान अपने विदाई रात्रिभोज के भाषण में डॉ. राइस ने स्वीकार किया कि "कलकत्ता स्थित केंद्र अब तक संस्थान द्वारा शुरू की गई , न केवल अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकी की उन्नति के दृष्टिकोण से, बल्कि संस्थान के कल्याण की दृष्टि से भी सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है।" (डुप्लीकेट दस्तावेज, आईएसआई अभिलेखागार)।

प्रारंभ में आईएसईसी को कलकत्ता के प्रेसीडेंसी कॉलेज में स्थापित किया गया था। शुरुआत में, 1950 में प्रति वर्ष छह-छह महीने की अवधि वाले दो पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। 1954 में, पाठ्यक्रम की अवधि बढ़ाकर नौ माह के एक शैक्षणिक वर्ष की कर दी गई और प्रति वर्ष एक पाठ्यक्रम आयोजित किया जाने लगा। प्रथम बैच में पांच देशों के 18 प्रशिक्षु थे। केंद्र को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप दूसरे बैच के लिए 55 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से केवल 36 आवेदकों को प्रवेश दिया जा सका। अक्टूबर 1950 से अप्रैल 1955 तक इसके संचालन की पहली आठ अवधियों में 16 देशों के 191 प्रशिक्षुओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

हालांकि कलकत्ता स्थित आईएसईसी सफल रहा, लेकिन वह मध्य-पूर्व से प्रशिक्षुओं को आकर्षित करने में असफल रहा, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान ने बेरूत, लेबनान में एक दूसरे केंद्र की स्थापना करने का निर्णय लिया। इस प्रकार, आईएसईसी बेरूत की स्थापना फरवरी 1953 में हुई। जबकि, इसके कारण यूनेस्को से प्राप्त अनुदान को दोनों केंद्रों के बीच विभाजित करना आवश्यक हो गया। सौभाग्य से, भारत सरकार आईएसईसी को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए आगे आई और तब से वह कलकत्ता स्थित आईएसईसी से संबद्ध रही है।

जनवरी 1953 में आयोजित पांचवें सत्र की शुरुआत से आईएसईसी को प्रेसीडेंसी कॉलेज से भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के बरानगर परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया। वर्तमान में, आईएसईसी सी. डी. देशमुख भवन से संचालित होता है, जबकि प्रशिक्षु आईएसईसी अतिथि गृह में ठहरते हैं।

बाद में, 1966 में, पाठ्यक्रम की अवधि बढ़ाकर दस माह कर दी गई। सांख्यिकीय सिद्धांत एवं अनुप्रयोग नामक यह प्राथमिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एक डिप्लोमा प्रदान करता है। अब तक लगभग 86 देशों के 1,728 से अधिक प्रशिक्षुओं को यह डिप्लोमा प्रदान किया जा चुका है। वर्तमान में इस पाठ्यक्रम का 77वां संस्करण प्रगति पर है। बदलते परिदृश्यों और प्रशिक्षुओं की मांग को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम में समय-समय पर संशोधन किया जाता है। यह पाठ्यक्रम व्यावहारिक अभिमुखता वाला है और इसमें गणितीय परिणामों की व्युत्पत्ति पर बहुत कम जोर दिया जाता है।

आईएसईसी का संचालन इसके निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें वर्तमान में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय (एमईए), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) तथा भारतीय सांख्यिकीय संस्थान द्वारा किया जाता है। आईएसईसी के पाठ्यक्रमों को विदेश मंत्रालय द्वारा अपनी आईटीईसी पहल के माध्यम से प्रायोजित किया जाता है। अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान का अब आईएसईसी के साथ कोई औपचारिक संबंध नहीं है।

प्राथमिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अतिरिक्त, आईएसईसी मांग के अनुसार विशेष पाठ्यक्रम भी आयोजित करता है। हाल के वर्षों में भूटान, मालदीव और मंगोलिया के लिए जनसांख्यिकी पर विशेष पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। वर्ष 2022 में युगांडा सांख्यिकी ब्यूरो के लिए घरेलू सर्वेक्षण आयोजित करना विषय पर एक विशेष ऑनलाइन पाठ्यक्रम आयोजित किया गया। महामारी के वर्षों के दौरान नीति-निर्माताओं के लिए बिग डेटा विश्लेषण पर आईटीईसी द्वारा प्रायोजित ऑनलाइन कार्यक्रम के दो संस्करण आयोजित किए गए। आईएसईसी द्वारा आयोजित अन्य अल्पावधि के आईटीईसी-प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नलिखित हैं:-

(i) निर्णय-निर्माण के लिए डेटा विश्लेषण;

(ii) घरेलू सर्वेक्षण आयोजित करना – प्रतिचयन पद्धतियां एवं विश्लेषण;

(iii) सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट;

(iv) सतत विकास की योजना के लिए डेटा आवश्यकताओं पर कार्यशाला;

(v) औद्योगिक प्रयोग पर कार्यशाला;

(vi) सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण पर कार्यशाला।

आईएसईसी ने वर्ष 2000 में दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन करके अपनी स्वर्ण जयंती मनाई। पहला सम्मेलन 13-14 अक्टूबर, 2000 को नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसका विषय "जनसांख्यिकी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा तथा अर्थशास्त्र में नीतिगत मुद्दे" था; जबकि दूसरा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 17-18 अक्टूबर, 2000 को कलकत्ता में आयोजित किया गया, जिसका विषय "सांख्यिकीय शिक्षा में समकालीन मुद्दे" था।

अपनी हीरक जयंती के अवसर पर, आईएसईसी ने 4-5 फरवरी, 2011 को कोलकाता में "सांख्यिकी, विज्ञान एवं मानव विकास" की व्यापक विषयवस्तु पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। 11-12 फरवरी, 2011 को नई दिल्ली में "सांख्यिकी, आर्थिक विकास एवं लोक प्रशासन" विषय पर भी एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त, आईएसईसी ने 7-10 फरवरी, 2011 के दौरान नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रमंडल सांख्यिकीविदों के 5वें सम्मेलन में "सतत सांख्यिकीय क्षमता का निर्माण: क्या प्रभावी रहा, क्या प्रभावी नहीं रहा और क्यों" विषय पर एक सत्र का आयोजन किया।

आईएसईसी ने अपनी प्लैटिनम जयंती के अवसर पर दिल्ली में एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला तथा कोलकाता में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। 15-19 सितंबर, 2025 के दौरान आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन (राष्ट्रीय सांख्यिकीय प्रणाली प्रशिक्षण अकादमी के साथ संयुक्त रूप से उनके ग्रेटर नोएडा परिसर में) किया गया। कार्यशाला का विषय "सतत विकास की योजना के लिए डेटा आवश्यकताएं" था। 23-25 सितंबर, 2025 के दौरान कोलकाता में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का विषय "विकास योजना के लिए सांख्यिकी एवं डेटा विज्ञान" था।

आईएसईसी के पाठ्यक्रमों की लोकप्रियता निरंतर बनी हुई है। हाल के वर्षों में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रतिभागी पश्चिम में जमैका और इक्वाडोर से लेकर पूर्व में फिजी और पापुआ न्यू गिनी तक तथा दक्षिण में वेनेजुएला और दक्षिण अफ्रीका से लेकर उत्तर में मंगोलिया तक के देशों से आए हैं।

ऐतिहासिक रूप से, आईएसईसी का शिक्षण कार्यक्रम न केवल भारतीय सांख्यिकीय संस्थान (आईएसआई) के शिक्षण कार्यक्रम से पहले शुरू हुआ था, बल्कि यह भारत सरकार की आईटीईसी पहल से भी पूर्व का है। इन वर्षों के दौरान, आईएसईसी विश्व के विभिन्न देशों में "सांख्यिकी एक प्रमुख प्रौद्योगिकी है" की अवधारणा को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है। आईएसईसी की एक समृद्ध विरासत है—एक ऐसी विरासत जो केवल संस्थागत ही नहीं, बल्कि बौद्धिक एवं सामाजिक भी है। इसने बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारियों को सरकारी सांख्यिकी, सर्वेक्षण पद्धतियों एवं उनके विश्लेषण में प्रशिक्षित किया है, जिन्होंने अपने-अपने देशों में सांख्यिकीय प्रणालियों के विकास में योगदान दिया है। आईएसईसी सांख्यिकी के विभिन्न क्षेत्रों में बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप नए पाठ्यक्रम प्रारंभ करके उभरती मांगों का प्रत्युत्तर बन रहा है। इसके पाठ्यक्रमों का विज्ञापन अंतरराष्ट्रीय सांख्यिकीय संस्थान तथा सांख्यिकीय शिक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ के समाचार-पत्रों के माध्यम से किया जाता है।

वास्तव में, आईएसईसी एक तीन पैरों वाले स्टूल के समान है, जिसके तीन आधार भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, विदेश मंत्रालय तथा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय हैं। इन तीनों भागीदारों के समन्वित सहयोग तथा आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ, आईएसईसी आने वाले वर्षों में और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगा तथा अपनी शताब्दी समारोह के अवसर पर अपनी गतिविधियों का और भी अधिक गौरवपूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत करने में सक्षम होगा।




प्रो. पी. सी. महालनोबिस के साथ आईएसईसी प्रशिक्षु, अम्रपाली लॉन, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता, 14 जून 1952



प्रो. पी. सी. महालनोबिस के साथ आईएसईसी प्रशिक्षु, अम्रपाली की छत, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता, 14 जून 1952



आईएसईसी का दीक्षांत समारोह, 6 अगस्त 1955



द्वितीय आईएसईसी दीक्षांत समारोह के दौरान एस. एन. बोस प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए, 1963

1.6 विशिष्ट वैज्ञानिकगण एवं राजनीतिकगण, जिन्होनें स्थापना के बाद से संस्थान को सेवा प्रदान की

अध्यक्ष

1	सर राजेंद्र नाथ मुखर्जी	1932-35
2	श्री ई.सी. बेंथल	1936-37
3	श्री जेम्स रीड के	1938
4	श्री बद्रीदास गोयंका	1939-41
5	डॉ. नलिनी रंजन सरकार	1942-43
6	डॉ. चिंतामन डी. देशमुख	1944-63
7	श्री वाई.बी. चव्हाण	1964-66
8	प्रो. सत्येंद्र नाथ बोस	1967-75
9	श्री सुबिमल दत्त	1976-89
10	प्रो. एम. जी. के. मेनन	1990-2012
11	डॉ. सी. रंगराजन	2012-16
12	डॉ. विजय केलकर	2016-18
13	श्री विवेक देबरॉय	2018-22
14	प्रो. शंकर कुमार पाल	2022-वर्तमान तक

सभापति

1	श्री बी. रामाराव	1954
2	श्री डी. एन. मित्रा	1955-63
3	श्री के.पी.एस. मेनन	1964-70
4	श्री एस.सी. रॉय	1971
5	डॉ. आत्मा राम	1972
6	श्री पी. एन. हक्सर	1973-97
7	डॉ. बिमल जालान	1998-2001
8	डॉ. एन.आर. माधव मेनन	2002-03
9	श्री प्रणब मुखर्जी	2004-12
आईएसआईसीसी पुस्तकालय की वेबसाइट का मुख्य उद्देश्य संस्थान के शैक्षणिक समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रासंगिक सूचना सेवाओं तथा मुद्रित एवं डिजिटल संसाधनों के ग्रंथसूची संबंधी विवरण और पूर्ण-पाठ तक पहुँच प्रदान करना है। संसाधनों तक पहुँच को व्यापक बनाने के लिए यह वेबसाइट आईएसआई समूह के संस्थानों के साथ भी एक साझा मंच के रूप में कार्य करती है। इसके अतिरिक्त, अन्य शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक संस्थानों तथा पड़ोसी क्षेत्रों के शैक्षणिक उपयोगकर्ताओं के लिए भी पुस्तकालय में संदर्भ सेवा उपलब्ध है।

35
31 मार्च, 2026 तक कुल सदस्यों की संख्या

1
31 मार्च, 2026 तक पुस्तकालय के कुल कर्मचारियों की संख्या

7416
31 मार्च, 2026 तक कुल संग्रह

53091
पुस्तकालय द्वारा व्यय किया गया बजट

15
रिमोटएक्सएस के माध्यम से उपयोग आँकड़े / डेटा डाउनलोड / हिट्स

520
वर्ष के दौरान किए गए कुल परिसंचरण की संख्या

18
साहित्यिक चोरी जाँच सॉफ्टवेयर के उपयोग संबंधी आँकड़े

223
पुस्तकालय की वेबसाइट पर दर्ज कुल हिट की संख्या

1
पुस्तकालय में की गई प्रचारात्मक गतिविधियाँ

3
वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – पुस्तकें

विशेष उल्लेख / उपलब्धि

1
जूरी सदस्य

3
व्याख्यान दिए गए तथा

7
सम्मेलनों/वेबिनारों में भाग लिया

3. पुस्तकालय, दिल्ली केंद्र

पुस्तकालय का संक्षिप्त परिचय एवं प्रदान की जाने वाली सेवाएँ:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, दिल्ली केंद्र में एक शैक्षणिक पुस्तकालय है, जिसका उद्देश्य अर्थशास्त्र, गणित, सांख्यिकी, संचालन अनुसंधान तथा सांख्यिकीय गुणवत्ता नियंत्रण के क्षेत्रों में एक प्रमुख संसाधन केंद्र के रूप में कार्य करना है। पुस्तकालय मुख्य रूप से संस्थान के अधिकृत विद्यार्थियों, शोधार्थियों तथा कर्मचारियों को सेवाएँ प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, शहर तथा आसपास के क्षेत्रों के अन्य शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक संस्थानों के शैक्षणिक और शोध उपयोगकर्ताओं के लिए भी संदर्भ हेतु पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध है। यह एक आधुनिक पुस्तकालय है, जिसमें मुद्रित एवं इलेक्ट्रॉनिक दोनों रूपों में पुस्तकों, पत्रिकाओं, डेटाबेस, रिपोर्टों, सरकारी प्रकाशनों तथा अन्य दस्तावेजों का व्यापक संग्रह उपलब्ध है।

प्रमुख गतिविधियाँ:

संग्रह विकास, संगठन एवं पुस्तकालय संसाधनों का रखरखाव

पुस्तकालय मुद्रित एवं इलेक्ट्रॉनिक रूप में पुस्तकों, पत्रिकाओं, रिपोर्टों, सरकारी प्रकाशनों, शोध-प्रबंधों तथा अन्य दस्तावेजों का उत्कृष्ट संग्रह प्राप्त करता है और उसका रखरखाव करता है। पुस्तकालय के कुल संग्रह में लगभग 53,444 खंड (पुस्तकें एवं जिल्दबद्ध पत्रिकाएँ) हैं।

ई-संसाधनों तक पहुँच की सुविधा

पुस्तकालय सभी प्रमुख एवं प्रतिष्ठित पत्रिकाओं, डेटाबेस तथा पुस्तकों तक पहुँच प्रदान करता है। दिल्ली केंद्र के उपयोगकर्ताओं को माईलॉफ्ट के माध्यम से कोलकाता केंद्रीय पुस्तकालय के साझा इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों तथा वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) वेबसाइट पर उपलब्ध 13,000 से अधिक पत्रिका शीर्षकों तक पहुँच प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

पुस्तकालय स्वचालन

पुस्तकालय की गतिविधियों को कोहा, जो एक पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर प्रणाली है, के माध्यम से स्वचालित किया गया है। पुस्तकों एवं पत्रिकाओं के डेटाबेस को नए प्रकाशनों के साथ नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है तथा पुस्तकालय के दस्तावेजों की खोज के लिए वेब-ओपैक कैटलॉग खोज सुविधा उपलब्ध है।

अन्य पुस्तकालय सेवाएँ:

1. मुक्त प्रवेश प्रणाली
2. पुस्तक उधार सेवा
3. वाचनालय सेवा
4. संदर्भ सेवा
5. नवीनतम सूचना सेवा
6. पुनरुत्पादन सेवा
7. इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज वितरण सेवा
8. ऑनलाइन पब्लिक एक्सेस कैटलॉग (ओपैक)
9. पुस्तकालय वेबसाइट एवं वेब-आधारित पुस्तकालय सेवाएँ
10. माईलॉफ्ट एवं ओएनओएस के माध्यम से ई-संसाधनों तक पहुँच
11. उपयोगकर्ता जागरूकता सेवाएँ
12. साहित्यिक चोरी-रोधी सेवा (आईथेंटिकेट)
13. वाई-फाई/इंटरनेट ब्राउज़िंग सुविधा



पुस्तकालय, आईएसआई, दिल्ली केंद्र

250

31 मार्च, 2026 तक कुल सदस्यों की संख्या

2

31 मार्च, 2026 तक पुस्तकालय के कुल कर्मचारियों की संख्या

34553

31 मार्च, 2026 तक पुस्तकों का कुल भौतिक (मुद्रित) संग्रह

3500

31 मार्च, 2026 तक पुस्तकों का कुल डिजिटल (इलेक्ट्रॉनिक) संग्रह

18891

31 मार्च, 2026 तक पत्रिकाओं का कुल भौतिक (मुद्रित) संग्रह

5500

31 मार्च, 2026 तक पत्रिकाओं का कुल डिजिटल (इलेक्ट्रॉनिक) संग्रह

10+

ऑनलाइन डेटाबेस

आईएसआई संस्थागत रिपॉजिटरी की सामग्री

विशेष सामग्री

₹ 8,00,333.34

पुस्तकालय द्वारा व्यय किया गया बजट

110

इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में / आईएलएल के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सामग्री

1500

रिमोटएक्सएस के माध्यम से उपयोग आँकड़े / डेटा डाउनलोड / हिट्स

2657

वर्ष के दौरान किए गए कुल परिसंचरण की संख्या

10

साहित्यिक चोरी जाँच सॉफ्टवेयर के उपयोग संबंधी आँकड़े

1000

पुस्तकालय की वेबसाइट पर दर्ज कुल हिट की संख्या

70

रेप्रोग्राफिक-फोटो सेवाओं के लिए प्राप्त अनुरोधों की संख्या

131

वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – पुस्तकें

3

वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – पत्रिकाएँ

6

वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – ई-पत्रिकाएँ/ डेटाबेस/ई-रिपोर्टें

पुस्तकालय में की गई प्रचारात्मक गतिविधियाँ

पुस्तक प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया

माईलॉफ्ट के माध्यम से उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के बारे में उपयोगकर्ताओं को जागरूक किया गया।

पुस्तकालय द्वारा शुरू की गई नई सेवाएँ

अलर्ट सेवा

अन्य प्रासंगिक जानकारी

दिल्ली केंद्र के पुस्तकालय को वर्ष 1994 से एनबीएचएम क्षेत्रीय पुस्तकालयों में से एक के रूप में नामित किया गया है। पुस्तकालय उत्तरी क्षेत्र के शैक्षणिक उपयोगकर्ताओं को संदर्भ हेतु शोध-पत्र तथा अंतर-पुस्तकालय ऋण जैसी बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करता है। राष्ट्रीय उच्चतर गणित बोर्ड गणित एवं सांख्यिकी से संबंधित संसाधनों के रखरखाव और विकास के लिए अतिरिक्त धनराशि प्रदान करता है।

4. पुस्तकालय, पूर्वोत्तर केंद्र

पुस्तकालय का संक्षिप्त परिचय:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर के पुस्तकालय की स्थापना वर्ष 2011 में हुई थी। अपनी स्थापना से ही पुस्तकालय ने अपने उपयोगकर्ता समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया है। पुस्तकालय का प्रमुख उद्देश्य संस्थान की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों को सहयोग प्रदान करना है। पुस्तकालय का लक्ष्य शिक्षण, अधिगम एवं अनुसंधान गतिविधियों के लिए प्रभावी और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएँ प्रदान करना है। पुस्तकालय में गणित, सांख्यिकी, अर्थशास्त्र तथा कंप्यूटर विज्ञान जैसे विषयों का उत्कृष्ट संग्रह उपलब्ध है।

पुस्तकालय का स्वचालन कोहा पुस्तकालय प्रबंधन सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया गया है। पुस्तकालय के उपयोगकर्ता माईलॉफ्ट के माध्यम से परिसर के भीतर तथा बाहर सभी सदस्यता प्राप्त ई-संसाधनों तक पहुँच सकते हैं। उपयोगकर्ता ओएनओएस पोर्टल के माध्यम से भी ई-संसाधनों तक पहुँच प्राप्त कर सकते हैं।

पुस्तकालय सेवाएँ/सुविधाएँ:

- परिसंचरण सेवा
- संदर्भ सेवा
- नवीनतम सूचना सेवा
- रेप्रोग्राफिक सुविधा
- साहित्यिक चोरी जाँच सुविधा
- वेब-आधारित पुस्तकालय सेवा
- इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज वितरण सेवा

41
31 मार्च, 2026 तक कुल सदस्यों की संख्या

1
31 मार्च, 2026 तक पुस्तकालय के कुल कर्मचारियों की संख्या

3366
31 मार्च, 2026 तक पुस्तकों का कुल भौतिक (मुद्रित) संग्रह:

207
31 मार्च, 2026 तक पत्रिकाओं का कुल भौतिक (मुद्रित) संग्रह

194697
पुस्तकालय द्वारा व्यय किया गया बजट

466
वर्ष के दौरान किए गए कुल परिसंचरण की संख्या

595
पुस्तकालय की वेबसाइट पर दर्ज कुल हिट की संख्या

31
रेप्रोग्राफिक-फोटो सेवाओं के लिए प्राप्त अनुरोधों की संख्या

रिपोर्टें/मानक/दृश्य-श्रव्य सामग्री (मुद्रित)

92	05	01	02	64
विद्यार्थी परियोजना रिपोर्ट	ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप रिपोर्ट	कार्यशाला रिपोर्ट	चर्चा-पत्र	सीडी



5. केंद्रीय पुस्तकालय, कोलकाता केंद्र



एस. एन. बोस भवन, आईएसआई, मुख्यालय, कोलकाता

पुस्तकालय एवं प्रदान की जाने वाली सेवाओं का संक्षिप्त परिचय

संस्थान की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों के आधार के रूप में कार्य करते हुए, पुस्तकालय, प्रलेखन एवं सूचना विज्ञान प्रभाग को गणित, सांख्यिकी तथा संबद्ध विषयों के लिए देश के सबसे व्यापक सूचना-संग्रहों में से एक के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है। प्रेसीडेंसी कॉलेज की बेकर प्रयोगशाला से अपनी साधारण शुरुआत करने वाला केंद्रीय पुस्तकालय वर्ष 1978 में कोलकाता स्थित एस. एन. बोस भवन में अपने वर्तमान पाँच-मंजिला, 56,000 वर्ग फुट के परिसर में स्थानांतरित हुआ और तब से इसका उल्लेखनीय विस्तार हुआ है। इसके अतिरिक्त, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और तेजपुर स्थित चार शाखा पुस्तकालयों के माध्यम से इसकी देशव्यापी उपस्थिति बनी हुई है। वर्तमान में पुस्तकालय पुनरुत्पादन एवं फोटोग्राफी तथा पी. सी. महालनोबिस स्मारक संग्रहालय एवं अभिलेखागार सहित नौ विशिष्ट कार्यात्मक इकाइयों के माध्यम से संचालित होता है और विशाल शोध समुदाय को निर्बाध सूचना सेवाएँ प्रदान करता है। उपयोगकर्ताओं को निरंतर सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए पुस्तकालय सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10:00 बजे से रात 8:30 बजे तक तथा सप्ताहांत और संस्थान के अवकाश के दिनों में प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुला रहता है। केंद्रीय पुस्तकालय के उद्देश्य:

- उपयोगकर्ता समुदाय की सूचनात्मक, शैक्षणिक, मनोरंजक एवं सांस्कृतिक रुचियों तथा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप मुद्रित एवं गैर-मुद्रित संसाधनों तक समय पर पहुँच उपलब्ध कराना।
- विभिन्न प्रारूपों में ऐसी सामग्री उपलब्ध कराकर पठन-पाठन, साक्षरता एवं आजीवन सीखने को प्रोत्साहित और सुगम बनाना, जो उपयोगकर्ताओं की रुचि बढ़ाए, उन्हें जानकारी दे और ज्ञानवर्धन करे।
- गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करके तथा संग्रह को इस प्रकार व्यवस्थित एवं प्रदर्शित करके कि सभी के लिए उस तक आसान एवं खुली पहुँच सुनिश्चित हो, लोगों के सूचना प्राप्त करने के अधिकार की रक्षा करना। साथ ही, सूचित एवं प्रभावी दैनिक जीवन, निर्णय लेने और समस्या समाधान के लिए आवश्यक जानकारी तक समान पहुँच प्रदान करना।
- क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं विदेशी संस्थानों तथा संगठनों के साथ संस्थान के प्रकाशन विनिमय कार्यक्रम को बनाए रखना।
- वर्ष 1989 से परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर गणित बोर्ड (एनबीएचएम) के पूर्वी क्षेत्रीय पुस्तकालय के रूप में कार्य करते रहना।

पुस्तकालय एक नज़र में:

2520
31 मार्च, 2026 तक कुल सदस्यों की संख्या

32
31 मार्च, 2026 तक पुस्तकालय के कुल कर्मचारी (पीसीएमएमएस, रिप्रो-फोटो यूनिट तथा पुस्तकालय यूनिट के प्रशासनिक कर्मचारियों सहित)

118917
31 मार्च, 2026 तक पुस्तकों का कुल भौतिक (मुद्रित) संग्रह

12242
31 मार्च, 2026 तक पुस्तकों का कुल डिजिटल (इलेक्ट्रॉनिक) संग्रह

84744
31 मार्च, 2026 तक पत्रिकाओं का कुल भौतिक (मुद्रित) संग्रह

35125
31 मार्च, 2026 तक पत्रिकाओं का कुल डिजिटल (इलेक्ट्रॉनिक) संग्रह

37826
रिपोर्टें/मानक/दृश्य-श्रव्य सामग्री (मुद्रित)

259
रिपोर्टें/मानक/दृश्य-श्रव्य सामग्री (डिजिटल)

ओएनओएस डेटाबेस: 35, गैर-ओएनओएस डेटाबेस: 26, रिपोर्ट डेटाबेस: 7
ऑनलाइन डेटाबेस


पुस्तकालय द्वारा व्यय किया गया बजट	3,16,02,961 + ओएनओएस: 11,92,19,157
इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में / आईएलएल के माध्यम से उपलब्ध कराई गई सामग्री	रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पुस्तकालय ने पूर्ण-पाठ लेखों के लिए 85 ऑनलाइन अनुरोधों को संसाधित किया तथा कुल 2,635 पृष्ठ उपलब्ध कराए। ये अनुरोध देश के 18 प्रतिष्ठित संगठनों से प्राप्त हुए, जिनमें आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम कोलकाता, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी गांधीनगर और एनआईएसईआर भुवनेश्वर जैसे प्रमुख संस्थान शामिल थे। इसके अतिरिक्त, व्यापक शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पुस्तकालय ने 3 अंतर-पुस्तकालय ऋण की सुविधा प्रदान की।
रिमोटएक्सएस के माध्यम से उपयोग आँकड़े / डेटा डाउनलोड / हिट्स	रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, डिजिटल अनुसंधान सहायता सेवाओं ने साहित्य तक दूरस्थ पहुँच उपलब्ध कराने और शैक्षणिक ईमानदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। माईलॉफ्ट (माई लाइब्रेरी ऑन फिंगर टिप्स) मंच के माध्यम से सदस्यता प्राप्त इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों तक निर्बाध दूरस्थ पहुँच सफलतापूर्वक उपलब्ध कराई गई और कुल 2,424 दस्तावेज प्राप्तियाँ दर्ज की गईं। इसी दौरान, प्रकाशन से पूर्व निर्धारित कठोर मानकों को बनाए रखने के लिए आईथेंटिकेट मंच का उपयोग 1,845 पांडुलिपियों की मौलिकता की जाँच के लिए किया गया। साहित्यिक चोरी जाँच सॉफ्टवेयर के उपयोग से कुल ₹8,825 का राजस्व प्राप्त हुआ। यह राशि 30 बाहरी उपयोगकर्ताओं से प्राप्त हुई। इन दोनों मंचों का सक्रिय उपयोग एक ऐसे निर्बाध शैक्षणिक अनुसंधान वातावरण को दर्शाता है, जो लचीले साहित्य समीक्षा कार्य तथा कठोर प्रकाशन मानकों, दोनों में सहायता प्रदान करता है।
वर्ष के दौरान किए गए कुल परिसंचरण की संख्या	5956
पुस्तकालय की वेबसाइट पर दर्ज कुल हिट की संख्या	17551
नरुत्पादन-फोटो सेवाओं के लिए प्राप्त अनुरोधों की संख्या	पुस्तकालय प्रभाग की पुनरुत्पादन एवं फोटोग्राफी यूनिट वर्ष 1940 से अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही है। यह यूनिट ग्राफिक डिजाइन, छवि प्रसंस्करण, डिजिटल फोटो अभिलेखीकरण, फोटो पुनर्स्थापन तथा वैज्ञानिक इमेजिंग जैसी विशेष सेवाएँ प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, आईएसआई के लिए छवि संपादन, मुद्रण, बंधाई, लैमिनेशन तथा कार्यक्रम फोटोग्राफी के साथ-साथ इनडोर एवं वैज्ञानिक फोटोग्राफी संबंधी सहायता भी प्रदान की जाती है। यूनिट की एक प्रमुख उपलब्धि डिजिटल फोटो अभिलेखागार है, जो आईएसआई की दृश्य विरासत को संरक्षित करता है। यूनिट माइक्रोफिल्म और माइक्रोफिश पर ऐतिहासिक दस्तावेजों का डेटाबेस भी बनाए रखती है। रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, यूनिट ने 2 महत्वपूर्ण प्रदर्शनियाँ आयोजित कीं, 1,188 तस्वीरें लीं, 37 ग्राफिक डिजाइन तैयार किए, पासपोर्ट एवं स्टाम्प आकार की तस्वीरों के 107 पृष्ठ संसाधित किए तथा 1 आधिकारिक एल्बम/पुस्तक उपलब्ध कराई। इसके अतिरिक्त, यूनिट ने 88,170 श्वेत-श्याम प्रिंट, 12,721 फोटोकॉपी, 7,418 रंगीन प्रिंट, 187 दस्तावेज स्कैनिंग सेवाएँ, 15 दस्तावेज बंधाई सेवाएँ तथा 2 लैमिनेशन सेवाएँ प्रदान कीं।
पुस्तकालय में की गई प्रचारात्मक गतिविधियाँ	पुस्तकालय ने समुदाय की सहभागिता बढ़ाने तथा अपने संसाधनों एवं सेवाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के निरंतर प्रयासों के अंतर्गत 14 प्रचारात्मक कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य एक जीवंत बौद्धिक वातावरण को बढ़ावा देना तथा पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था।

वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – पुस्तकें	कुल 617 मुद्रित पुस्तकों का अभिलेखीकरण किया गया।
वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – ई-पुस्तकें	कुल 3,109 नई ई-पुस्तकें जोड़ी गईं।
वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – पत्रिकाएँ	मुद्रित पत्रिकाओं के 454 असंबद्ध अंक और 248 जिल्दबद्ध खंड संसाधित किए गए। इसके अतिरिक्त, सांख्यिकी (सांख्य) के विनिमय में 31 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाएँ/पत्रिकाएँ प्राप्त हुईं तथा 25 दैनिक समाचार-पत्र एवं पत्रिकाएँ जोड़ी गईं।
वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – ई-पत्रिकाएँ/डेटाबेस/ई-रिपोर्टें	पुस्तकालय के पास 35,125 पूर्ण-पाठ इलेक्ट्रॉनिक पत्रिकाओं तक डिजिटल पहुँच उपलब्ध है। इसमें ओएनओएस पहल के अंतर्गत 35 प्रमुख प्रकाशकों से 13,196 से अधिक विद्वतापूर्ण पत्रिकाओं तक नई समान पहुँच भी शामिल है।
वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – विनिमय के अंतर्गत पत्रिकाएँ	35
वर्ष 2025-26 में संग्रह विकास – अन्य	इस अवधि के दौरान कुल 93 शोध-प्रबंध/डिसर्टेशन संसाधित किए गए।

संग्रह विकास:

अपने नियमित संग्रह के अतिरिक्त, पुस्तकालय मुद्रित एवं इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों का एक विशिष्ट संग्रह भी सुरक्षित रखता है, जिसमें पुस्तकों, शोधपरक पत्रिकाओं, विशिष्ट डेटाबेस, तकनीकी रिपोर्टों तथा सरकारी प्रकाशनों का व्यापक संग्रह शामिल है। इस संग्रह में विभिन्न शैक्षणिक शोध-प्रबंधों के साथ-साथ दुर्लभ एवं विशेष दस्तावेजों का महत्वपूर्ण संग्रह भी शामिल है, जो समकालीन अनुसंधान के लिए मजबूत आधार प्रदान करने के साथ-साथ ऐतिहासिक सामग्री के संरक्षण में भी सहायक है।

प्रमुख गतिविधियां



रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, पुस्तकालय ने निम्नलिखित ई-पुस्तकों को जोड़कर अपने इलेक्ट्रॉनिक संसाधनों के संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि की है:

ई-पुस्तकों का समावेश:

- इकोनलिट ई-पुस्तकें (2,500+): 2,500 से अधिक शीर्षकों को संग्रह में शामिल किया गया, जिससे अर्थशास्त्र संबंधी साहित्य के लिए पुस्तकालय के डिजिटल भंडार का उल्लेखनीय विस्तार हुआ।
- स्प्रिंगर ई-पुस्तकें (440+): गणित एवं सांख्यिकी के मुख्य संग्रह को सुदृढ़ करने के लिए 440 से अधिक टाइटल प्राप्त किए गए।
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ई-पुस्तकें (62): 62 शीर्षकों का विविध संग्रह जोड़ा गया, जिसमें भाषाविज्ञान (24), सैद्धांतिक सांख्यिकी एवं गणित (21), भौतिकी एवं अनुप्रयुक्त गणित (9) तथा अर्थशास्त्र (8) शामिल हैं।
- वर्ल्ड साइंटिफिक ई-पुस्तकें (52): संग्रह को 52 शीर्षकों के साथ और समृद्ध किया गया, जिनमें विशेष रूप से कंप्यूटर विज्ञान (35) एवं गणित (17) पर केंद्रित सामग्री शामिल है।
- मैकग्रा-हिल ई-पुस्तकें (11): जैविक विज्ञान से संबंधित 11 नए शीर्षकों को संग्रह में शामिल किया गया।
- डी ग्रुइटर ई-पुस्तकें (4): जीवन विज्ञान में अनुसंधान के लिए 4 शीर्षकों को संग्रह में शामिल किया गया।

अनुसंधान कार्य में निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, इन संसाधनों तक सभी संस्थान केंद्रों में आईपी-आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से तथा दूरस्थ पहुँच के लिए माईलॉफ्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहुँच उपलब्ध है। इन नवीनतम समावेशों के साथ, पुस्तकालय के डिजिटल भंडार में अब 11,632 से अधिक ई-पुस्तक शीर्षकों का व्यापक संग्रह उपलब्ध है। इस विस्तृत भंडार में एल्सेवियर, स्प्रिंगर, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस तथा टेलर एंड फ्रांसिस सहित विश्व के प्रसिद्ध शैक्षणिक प्रकाशकों की उच्च-गुणवत्ता वाली सामग्री शामिल है।

पत्रिकाएँ एवं डेटाबेस:



अपने विस्तृत एकल ग्रंथ संग्रह के अतिरिक्त, पुस्तकालय में बंधित पत्रिकाओं के 84,744 खंडों का एक व्यापक संग्रह उपलब्ध है। वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, प्रभाग द्वारा 454 खुले अंक और 248 बंधित खंडों का प्रसंस्करण किया गया। इसके अतिरिक्त, पुस्तकालय अनुसंधान समुदाय को लगभग 35,125 पूर्ण-पाठ इलेक्ट्रॉनिक पत्रिकाओं तक डिजिटल पहुँच प्रदान करता है, जिसमें ओएनओएस कंसोर्टियम के अंतर्गत विशेष रूप से सूचीबद्ध 13,434 शीर्षक शामिल हैं।

मुद्रित पुस्तकें एवं शोध-प्रबंध:

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पुस्तकालय ने 622 मुद्रित पुस्तकों और एक शोध-प्रबंध को अभिलेख में शामिल करके अपने भौतिक संग्रह का विस्तार किया। इस अधिग्रहण में सीधे खरीदी गई 47 पुस्तकें तथा पूरक रूप से प्राप्त 575 पुस्तकें शामिल थीं। इसके अतिरिक्त, प्रभाग ने 93 शैक्षणिक शोध-प्रबंधों का सफलतापूर्वक प्रसंस्करण कर उन्हें संस्थागत रिपॉजिटरी में शामिल किया।

विनिमय एवं पूरक माध्यम से संग्रह:

स्तकालय अपनी दीर्घकालिक प्रकाशन-विनिमय पहल के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है, जिसके अंतर्गत सांख्याः द इंडियन जर्नल ऑफ स्टैटिस्टिक्स को विश्वभर के 31 प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों एवं संगठनों को भेजा जाता है। यह नेटवर्क बांग्लादेश, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, फ्रांस, जापान, पोलैंड, रोमानिया, स्लोवाकिया, स्पेन, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका सहित विभिन्न देशों से शोधपरक पत्रिकाओं की पारस्परिक प्राप्ति को सुगम बनाता है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्रोतों से प्राप्त 100 से अधिक पूरक पत्रिकाओं एवं पत्रिकाओं से संग्रह को निरंतर समृद्ध किया जाता है।.

अभिलेखीय संग्रह:

पुस्तकालय डिजिटल अभिलेखागारों और मूल स्रोत भंडारों तक पहुँच प्रदान करके अपनी विशिष्ट अनुसंधान क्षमताओं का निरंतर विस्तार कर रहा है। इस संग्रह में द इकोनॉमिस्ट हिस्टोरिकल आर्काइव (1843–2015) शामिल है, जो 170 से अधिक वर्षों के वैश्विक राजनीतिक एवं आर्थिक विश्लेषण उपलब्ध कराता है, तथा द मेकिंग ऑफ द मॉडर्न वर्ल्ड, जो व्यापार और संपदा के दृष्टिकोण से पश्चिमी विकास को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन है। इन संसाधनों के अतिरिक्त फाइनेंशियल टाइम्स हिस्टोरिकल आर्काइव (1888–2021) भी उपलब्ध है, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं समसामयिक मामलों का 130 वर्षों से अधिक का व्यापक अभिलेख प्रदान करता है। साथ ही, बहुविषयक जेएसटीओआर प्लेटफॉर्म विभिन्न शैक्षणिक विषयों में उन्नत शोध को सुगम बनाता है। इस वर्ष, पुस्तकालय ने फाइनेंशियल टाइम्स हिस्टोरिकल आर्काइव (1888–2021) प्राप्त किया है।

विशेष संग्रह:

पुस्तकालय पी. सी. महालनोबिस को समर्पित एक विशिष्ट विशेष संग्रह का भी रख-रखाव करता है, जिसमें 4,000 से अधिक अभिलेखीय दस्तावेज शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, डब्ल्यू. ए. शेवार्ट संग्रह में 3,060 सामग्री शामिल हैं, जिनमें 112 विशिष्ट पुनर्मुद्रण शामिल हैं। इन मूल शोध संसाधनों के अतिरिक्त, प्रभाग विदेशी भाषा के

ONOS One Nation One Subscription

दस्तावेजों के वर्गीकृत विदेशी संग्रह का भी रख-रखाव करता है।

ओएनओएस के माध्यम से ई-संसाधन:

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान ने भारत सरकार की वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन (ओएनओएस) पहल के अंतर्गत शोधपरक पत्रिकाओं, डेटाबेस तथा अन्य डिजिटल अनुसंधान संसाधनों तक पहुँच प्राप्त की। इसके अंतर्गत 30 प्रमुख प्रकाशकों की 13,000 से अधिक पत्रिकाओं तक पहुँच उपलब्ध थी। इस पहल ने विभिन्न विषयों में संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों को नवीनतम वैज्ञानिक साहित्य तथा वैश्विक ज्ञान संसाधनों तक बेहतर पहुँच प्रदान करके संस्थान की अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियों को सुदृढ़ किया है।

संस्थागत संबद्धताएँ:


पुस्तकालय अपने सहयोगात्मक दायरे और संसाधन-साझाकरण क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कई प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थाओं के साथ रणनीतिक संस्थागत संबद्धताएँ बनाए रखता है। इन साझेदारियों में इंडियन लाइब्रेरी एसोसिएशन (आईएलए), अमेरिकन मैथमैटिकल सोसाइटी (एएमएस), इंडियन एसोसिएशन ऑफ स्पेशल लाइब्रेरीज एंड इन्फॉर्मेशन सेंटर्स (आईएएसएलआईसी) तथा बंगाल लाइब्रेरी एसोसिएशन (बीएलए) के साथ सक्रिय संबद्धताएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, प्रभाग डेलनेट, एसोसिएशन ऑफ इन्वेंटरी मैनेजमेंट एंड स्ट्रैटेजी (एआईएमएस), ब्रिटिश काउंसिल तथा शास्त्री इंडो-कैनेडियन इंस्टीट्यूट की संस्थागत सदस्यताओं का उपयोग करके शैक्षणिक समुदाय को वैश्विक शोध नेटवर्क और विशिष्ट सेवाओं तक व्यापक पहुँच प्रदान करता है।

पुस्तकालय सेवाएँ:

सदस्यता:

वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पुस्तकालय ने कुल 2,518 सक्रिय सदस्यों को पंजीकृत करके एक सुदृढ़ उपयोगकर्ता आधार को सेवाएँ प्रदान कीं। इस सदस्यता में आईएसआई के 1,064 विद्यार्थी और 337 संस्थागत सदस्य शामिल हैं, जिनमें संकाय सदस्य, कर्मचारी, शाखा कार्मिक तथा परियोजना से संबद्ध सदस्य शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, व्यापक शैक्षणिक एवं अनुसंधान समुदाय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, पुस्तकालय ने 1,117 बाहरी सदस्यों को भी सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें 345 समर्पित संदर्भ सदस्य शामिल हैं।

अपनी स्थापना के बाद से ही, केंद्रीय पुस्तकालय ने व्यापक सूचना सेवाएँ प्रदान करके संस्थान की बदलती शैक्षणिक एवं अनुसंधान आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निरंतर विकास किया है। उपयोगकर्ताओं को सुव्यवस्थित मुद्रित सामग्री के संग्रह तथा विभिन्न विषयों से संबंधित डिजिटल संसाधनों तक चौबीसों घंटे पहुँच उपलब्ध है। इसके साथ ही, वाचन, संदर्भ एवं पुस्तक उधार जैसी सुविधाएँ भी प्रदान की जाती हैं। शैक्षणिक एवं अनुसंधान समुदाय को सक्रिय रूप से सशक्त बनाने के लिए, पुस्तकालय अनुसंधान सहायता, अंतर-पुस्तकालय ऋण तथा दस्तावेज वितरण सेवाएँ प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, साहित्यिक चोरी की जाँच के लिए आईथेंटिकेट तथा सहयोगात्मक लेखन के लिए ओवरलीफ जैसे विशिष्ट शैक्षणिक उपकरणों तक पहुँच भी उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा, प्रभाग कार्यशालाओं, डेटाबेस प्रशिक्षण तथा व्यावहारिक इंटर्न अभिमुखीकरण सहित विभिन्न उपयोगकर्ता शिक्षा पहलों के माध्यम से शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देता है। साथ ही, माईलॉफ्ट दूरस्थ पहुँच प्लेटफॉर्म और गतिशील वेब-ओपैक प्रणाली के माध्यम से स्थान की बाध्यता के बिना निर्बाध अनुसंधान सुविधा सुनिश्चित की जाती है। प्रत्यक्ष उपयोगकर्ता सहायता के अतिरिक्त, पुस्तकालय संस्थागत प्रशासन एवं संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अंतर्गत संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट के लिए प्रकाशनों से संबंधित विवरण संकलित करने में सहायता करना तथा वर्तमान रिपोर्टिंग अवधि के दौरान 920 दस्तावेजों की बंधाई का कार्य पूरा करना शामिल है।



रेप्रोग्राफिक एवं फोटोग्राफिक सेवा


एलडीआईएसडी के एक विशिष्ट घटक के रूप में, पुनरुत्पादन एवं फोटोग्राफी यूनिट 1940 के दशक से संस्थान को आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने की अपनी दीर्घकालिक परंपरा को निरंतर बनाए हुए है। यह यूनिट विभिन्न प्रकार की व्यावसायिक सेवाएँ प्रदान करती है, जिनमें विशेषज्ञ ग्राफिक डिजाइन, उन्नत छवि प्रसंस्करण तथा व्यापक डिजिटल फोटो अभिलेखागार का निर्माण शामिल है। इसकी तकनीकी विशेषज्ञता ऐतिहासिक फोटोग्राफों की सटीक स्कैनिंग एवं पुनर्स्थापन तक विस्तृत है। इन मुख्य कार्यों के अतिरिक्त, यूनिट उच्च गुणवत्ता वाले रंगीन पोस्टर मुद्रण, पेशेवर छवि संपादन तथा स्पाइरल बंधाई और लेमिनेशन जैसी परिष्करण सेवाओं सहित विभिन्न सहायक सेवाएँ भी प्रदान करती है। संस्थान के दस्तावेजीकरण संबंधी कार्यों में भी यूनिट की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके अंतर्गत इनडोर एवं नमूना फोटोग्राफी के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक प्रभागों के लिए फोटोग्राफिक कार्य भी किए जाते हैं। हाल के कार्यों में व्यापक डिजिटल फोटो अभिलेखागार का प्रबंधन एक प्रमुख कार्य रहा है। उल्लेखनीय रूप से, यूनिट ने अब फोटोग्राफों के सक्रिय मेटाडेटा टैगिंग का कार्य भी शुरू किया है, जिसके अंतर्गत दृश्य अभिलेखों के साथ विस्तृत जानकारी को जोड़ा जा रहा है, ताकि संस्थान की समृद्ध एवं विविध विरासत का प्रभावी रूप से संरक्षण किया जा सके। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, यूनिट ने निम्नलिखित गतिविधियाँ सफलतापूर्वक पूरी कीं:



डिजिटल कॉमन्स और आईआरआईएनएस प्लेटफॉर्म के माध्यम से अनुसंधान उपलब्धियों का प्रदर्शन:

डिजिटल कॉमन्स -


पुस्तकालय डिजिटल कॉमन्स नेटवर्क (https://digitalcommons.isical.ac.in/) में सक्रिय रूप से भाग लेता है। यह एल्सेवियर द्वारा संचालित एक वैश्विक सहयोगात्मक प्लेटफॉर्म है, जो संस्थान के प्रमुख संस्थागत रिपॉजिटरी के रूप में कार्य करता है। इस डिजिटल अवसंरचना का उपयोग करके, प्रभाग संस्थान के अनुसंधान एवं शैक्षणिक कार्यों को प्रदर्शित करता है, जिससे इसकी शैक्षणिक उपलब्धियों की पहुँच और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसार में वृद्धि होती है।



आईआरआईएनएस (https://isi.irins.org/) -

इन्फॉर्मेशन एंड लाइब्रेरी नेटवर्क (इन्फ्लिबनेट) केंद्र के एक प्रमुख सदस्य के रूप में, संस्थान अपनी वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक उपलब्धियों को व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित करने के लिए वेब-आधारित अनुसंधान सूचना प्रबंधन (आरआईएम) सेवा का उपयोग करता है। यह प्लेटफॉर्म संस्थान के अनुसंधान कार्यों के दस्तावेजीकरण को सुव्यवस्थित करता है। इसके अंतर्गत ओआरसीआईडी, स्कोपस, वेब ऑफ साइंस और गूगल स्कॉलर जैसी विभिन्न शैक्षणिक पहचान प्रणालियों को एकीकृत करके विश्वभर के विभिन्न स्रोतों से शोध प्रकाशनों को प्रभावी रूप से संकलित एवं प्रबंधित किया जाता है।

गत रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान, अभिग्रहण संख्या सहित 707 नए आईएसआई प्रकाशनों और 30 शोध-प्रबंधों को डिजिटल कॉमन्स पर अपलोड किया गया। इसके साथ ही, 486 शोध-पत्रिकाओं के लेखों के हाइपरलिंक भी जोड़े गए। इसके अतिरिक्त, 15 नए आईआरआईएनएस प्रोफाइल बनाए गए तथा 56 प्रोफाइलों में संशोधन किया गया।



संस्थागत डिजिटल रिपॉजिटरी (आईडीआर) (https://www.isical.ac.in/~library/isirep/isirepository.html) and पुस्तकालय वेबपृष्ठ:

यह व्यापक एवं खोज योग्य ग्रंथपरक डेटाबेस वर्ष 1934 से अब तक आईएसआई के शोधकर्ताओं की विभिन्न विषयों में वैज्ञानिक उपलब्धियों का अभिलेख प्रस्तुत करता है। रिपॉजिटरी में संकाय सदस्यों के प्रकाशनों, प्रतिष्ठित प्रोफेसर पी. सी. महालनोबिस संग्रह, पीएचडी शोध-प्रबंधों तथा 1933 से वर्तमान समय तक की संस्थागत वार्षिक रिपोर्टों के पूर्ण-पाठ तक पहुँच उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, इस अभिलेखागार में आईएसआई के ऐतिहासिक प्रश्न-पत्र, दीक्षांत समारोह के संबोधन तथा प्रतिष्ठित दीक्षांत समारोह वक्ताओं और विशेष अतिथियों के जीवन-वृत्त भी शामिल हैं। इस वर्ष संस्थागत डिजिटल रिपॉजिटरी (आईडीआर) का उल्लेखनीय विस्तार हुआ और इसमें पूर्ण-पाठ अभिलेखों की संख्या बढ़कर 7,173 हो गई। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान 706 नए अभिलेख जोड़े गए, जिनमें 50 शोध-प्रबंध और 43 शोध-निबंध शामिल हैं।

अपने समर्पित वेब पोर्टल (https://ldisd.isical.ac.in/) के माध्यम से, पुस्तकालय



शैक्षणिक समुदाय को अपनी नवीनतम गतिविधियों से अवगत कराने के लिए एक सक्रिय संचार माध्यम बनाए रखता है। यह प्लेटफॉर्म संस्थान की गतिविधियों, संग्रह में किए गए विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा अनुसंधान से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण सूचनाओं के संबंध में तत्काल अद्यतन जानकारी प्रदान करने वाले एक केंद्रीकृत माध्यम के रूप में कार्य करता है। इससे उपयोगकर्ताओं को पुस्तकालय के निरंतर विकसित हो रहे संसाधनों एवं सेवाओं तक तत्काल पहुँच सुनिश्चित होती है।

पुस्तकालय भ्रमण एवं आउटरीच पहल:

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पुस्तकालय ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों तथा अन्य विषयों के विद्यार्थियों को विशेष मार्गदर्शन और व्यावसायिक आतिथ्य प्रदान करके शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं सामुदायिक सहभागिता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह सुविधा बौद्धिक आदान-प्रदान के एक प्रमुख केंद्र के रूप में भी कार्य करती रही तथा अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया गया।

इन भ्रमणों के साथ-साथ, पुस्तकालय ने कई आउटरीच पहलों का भी नेतृत्व किया। पुस्तकालय ने ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष, दोनों माध्यमों से अनेक उपयोगकर्ता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे अनुसंधान समुदाय को नवीनतम पुस्तकालय संसाधनों एवं सूचना प्रबंधन उपकरणों की जानकारी से अद्यतन रखने में सहायता मिली।

नई रिपोर्टिंग वर्ष की नई पहल:


पुस्तकालय ने किबो (केआईबीओ) और ग्रैमरली सहित विभिन्न सॉफ्टवेयर एवं सेवाएँ प्राप्त की हैं।

ग्रैमरली:

शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं प्रभावी संचार को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास के तहत, पुस्तकालय ने ग्रैमरली नामक उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित लेखन सहायक को शामिल किया है। यह उन्नत उपकरण व्याकरण, स्पष्टता एवं लेखन शैली के संबंध में वास्तविक समय में सुझाव प्रदान करके शैक्षणिक लेखन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए तैयार किया गया है। इससे विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं एवं संकाय सदस्यों को अपने विचारों को सटीकता एवं व्यावसायिक गुणवत्ता के साथ प्रस्तुत करने में सहायता मिलती है।

किबो (नॉलेज इन अ बॉक्स):

समावेशिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, पुस्तकालय ने किबो (नॉलेज इन अ बॉक्स) नामक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित पेटेंट प्रौद्योगिकी को लागू किया है। यह अभिनव समाधान विद्यार्थियों द्वारा अध्ययन सामग्री के उपयोग एवं पहुँच के तरीके में सुधार करने के लिए तैयार किया गया है, जिससे सभी उपयोगकर्ताओं के लिए समान एवं सार्वभौमिक रूप से सुलभ शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।



आईएसआई पुस्तकालय में सहयोगात्मक अनुसंधान स्थान::

शोधार्थियों की बदलती आवश्यकताओं को और बेहतर ढंग से पूरा करने तथा एक गतिशील शैक्षणिक वातावरण विकसित करने के लिए, पुस्तकालय ने अत्याधुनिक सहयोगात्मक अनुसंधान स्थान स्थापित किया है। इस प्रमुख सुविधा का औपचारिक उद्घाटन 14 अगस्त, 2025 को भारतीय सांख्यिकीय संस्थान की निदेशक प्रो. संघमित्रा बंद्योपाध्याय द्वारा किया गया।

राजस्व सृजन:

रिपोर्टिंग अवधि के दौरान, पुस्तकालय ने अपनी प्रमुख सेवा गतिविधियों के माध्यम से कुल ₹64,656 का राजस्व अर्जित किया। इसमें सदस्यता पंजीकरण एवं नवीनीकरण, साहित्यिक चोरी की जाँच, दस्तावेज वितरण तथा विलंब शुल्क की वसूली से प्राप्त राजस्व शामिल है। इसके अतिरिक्त, पुनरुत्पादन एवं फोटोग्राफी यूनिट ने अपनी विशिष्ट तकनीकी एवं पुनरुत्पादन सेवाएँ प्रदान करके ₹1,93,895 का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया।.



प्रो. संघमित्रा बंद्योपाध्याय, निदेशक, आई.एस.आई., द्वारा 14 अगस्त, 2025 को आई.एस.आई. कोलकाता के पुस्तकालय में सहयोगात्मक अनुसंधान स्थल का उद्घाटन।



आई.एस.आई. कोलकाता के पुस्तकालय में सहयोगात्मक अनुसंधान स्थल के उद्घाटन समारोह, 14 अगस्त, 2025.

3.9 कंप्यूटर एवं सांख्यिकीय सेवा केंद्र (सीएसएससी) कोलकाता

यूनिट प्रमुख: उज्ज्वल भट्टाचार्य (01 अप्रैल, 2025 से 31 सितंबर, 2025) और अनीसुर रहमान मोल्ला (01 अक्टूबर, 2025 से 31 मार्च, 2026)

वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या: 6 (पुरुष: 6)

गैर-वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या: 5 (पुरुष: 4, महिला: 1)

कार्यालय: चतुर्थ तल, एस. एन. बोस भवन, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता - 700108

अनुसंधान

कंप्यूटर एवं सांख्यिकीय सेवा केंद्र (सीएसएससी), जो कोलकाता स्थित संस्थान के मुख्यालय के एस. एन. बोस भवन की चौथी मंजिल पर स्थित है, संस्थान के विस्तृत सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना के प्रबंधन के लिए केंद्रीय केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह संस्थान की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करने वाले सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों के अभिकल्पन एवं विकास के लिए उत्तरदायी है। सीएसएससी संस्थान की वेबसाइट के संपूर्ण अभिकल्पन, विकास एवं रखरखाव का कार्य भी करता है। इसके अतिरिक्त, यह आँकड़ा केंद्र के संचालन, परिसर के स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क एवं वाई-फाई नेटवर्क, वीओआईपी दूरभाष सेवाओं के साथ-साथ संस्थान में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के अंतिम-उपयोगकर्ता कंप्यूटिंग उपकरणों का प्रबंधन करता है।

अवसंरचना प्रबंधन के अतिरिक्त, सीएसएससी संस्थान की वेबसाइट, ई-मेल सेवाओं तथा शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए आवश्यक अन्य विशिष्ट अनुप्रयोगों जैसी महत्वपूर्ण संस्थागत सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के रखरखाव के लिए भी उत्तरदायी है। यह सुदृढ़ संगणन सुविधाएँ उपलब्ध कराता है, जिनमें विशिष्ट जीपीयू सर्वर तथा सममित बहुसंसाधक वातावरण शामिल हैं। ये सुविधाएँ संस्थान के विभिन्न विभागों में अनुसंधान एवं वैज्ञानिक संगणना की आवश्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

सीएसएससी दो समर्पित संगणक प्रयोगशालाओं का संचालन करके संस्थान के व्यापक शैक्षणिक उद्देश्यों में सहयोग करता है। ये प्रयोगशालाएँ पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान प्रायोगिक कक्षाओं एवं अनुसंधान गतिविधियों के संचालन में सहायक हैं। इनमें बी. स्टैट., एम. स्टैट., एम. टेक. (सीएस), एम. टेक. (क्यूआर एवं ओआर) तथा एम. एस. (क्यूई) जैसे कार्यक्रमों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप बड़ी संख्या में कंप्यूटर उपलब्ध हैं।

इसके अतिरिक्त, सीएसएससी ऑनलाइन शिक्षण एवं दूरस्थ अधिगम की सुविधाएँ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा स्थानीय एवं दूरस्थ प्रतिभागियों के लिए निर्बाध संपर्क एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवाएँ सुनिश्चित करता है। यह विशेष परीक्षा कक्ष में कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं के आयोजन के तकनीकी पहलुओं का भी समन्वय करता है।

अवसंरचना एवं शैक्षणिक सहायता से आगे बढ़कर, सीएसएससी हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर संसाधनों की थोक खरीद, वितरण एवं रखरखाव का प्रबंधन करता है तथा संस्थान के वैज्ञानिक एवं प्रशासनिक प्रभागों के कर्मचारियों को तकनीकी प्रशिक्षण एवं सहायता प्रदान करता है। इसकी यह व्यापक भूमिका संस्थान में परिचालन दक्षता बढ़ाने तथा तकनीकी प्रगति को गति देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित

वर्तमान अनुसंधान क्षेत्र

डीसीएसडब्ल्यू सदस्य का नाम	अनुसंधान विषय	सहकर्ता
विश्वजीत हलदर	नेटवर्क सुरक्षा	
	सॉफ्टवेयर परिभाषित नेटवर्क	
प्रियजीत सेन	मोबाइल क्लाउड कंप्यूटिंग, एज एवं फॉग कंप्यूटिंग, वायरलेस नेटवर्क	रजत पंडित, कंप्यूटर साइंस विभाग, पश्चिम बंगाल राज्य विश्वविद्यालय, भारत
सुमन घोष	कंप्यूटर विज़न	

अवसंरचना का अवलोकन

संसाधन	31 मार्च 2026 तक उपलब्ध संसाधनों का संक्षिप्त विवरण
डेटा केंद्र	सीएसएससी के प्राथमिक डेटा केंद्र में 6 सर्वर हैं, जो मुख्यतः संस्थागत आवश्यकताओं तथा आंशिक रूप से संगणन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। सर्वर वर्चुअलाइजेशन की सुविधा वीएमवेयर, प्रॉक्समॉक्स वीई तथा लिनक्स कंटेनर्स के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती है, जिससे संसाधनों का कुशल आवंटन एवं प्रबंधन सुनिश्चित होता है। इसके अतिरिक्त, सीएसएससी ने हाल ही में एक नए क्लाउड-आधारित डेटा केंद्र यूनिट को कार्यान्वित किया है, जिसे विशेष रूप से संस्थागत अनुप्रयोगों की मेजबानी एवं प्रबंधन के लिए तैयार किया गया है। यह यूनिट उन्नत मापनीयता एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करती है।

संसाधन	31 मार्च 2026 तक उपलब्ध संसाधनों का संक्षिप्त विवरण
एचपीसी सुविधा	सीएसएससी द्वारा साइमेक डेटा केंद्र का भी प्रबंधन किया जाता है, जिसमें 19 सर्वर स्थापित हैं, जो विशेष रूप से संगणनात्मक आवश्यकताओं की पूर्ती हेतु डिज़ाइन किए गए हैं। दोनों डेटा केंद्र उच्च क्षमता वाले नेटवर्किंग फैब्रिक के माध्यम से परस्पर अंतर-संबद्ध हैं, और इनमें नेटवर्क फ़ाइल स्टोरेज प्रणाली पर आधारित स्टोरेज वर्चुअलाइजेशन लागू किया गया है।
कैम्पस लैन	संस्थान का कैम्पस लोकल एरिया नेटवर्क एक त्रि-स्तरीय संरचना पर आधारित है, जिसमें वितरण स्तर पर लगभग 170 गीगाबिट ईथरनेट स्विच, तथा एक्सेस स्तर पर लगभग 150 स्विच स्थापित हैं। उपयोगकर्ताओं की अपनी निजी उपकरण लाने संबंधी (बीवाईओडी) आवश्यकताओं को पूरा करने तथा विकसित हो रहे कनेक्टिविटी एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप बने रहने के लिए, सीएसएससी ने अपने वाई-फाई अवसंरचना के चरणबद्ध उन्नयन की पहल की है। इसके अंतर्गत पूरे परिसर में मौजूदा वाई-फाई 4 एक्सेस प्वाइंट्स को वाई-फाई 6 वायरलेस एक्सेस प्वाइंट्स से प्रतिस्थापित किया जा रहा है।
छात्रों, शिक्षकों और सीएसएससी द्वारा उपयोग के लिए सॉफ्टवेयर	सीएसएससी उपयोगकर्ताओं को विभिन्न लाइसेंस प्राप्त सॉफ्टवेयर उपकरणों तक पहुँच प्रदान करता है, जैसे मैथेमेटिका, मैटलैब, तथा एक वर्चुअल डेवलपमेंट प्लेटफॉर्म, जिसमें मैग्मा, सेज, पायथन, सी और जावा जैसे कई अन्य प्रोग्रामिंग परिवेश शामिल हैं।
आईपी टेलीफोनी	आईपी दूरभाष सेवाएँ वर्तमान में लगभग 250 उपयोगकर्ताओं को सहायता प्रदान करती हैं और बाहरी संपर्क के लिए बीएसएनएल लाइनों का उपयोग करती हैं।
वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग	सीएसएससी विभिन्न प्लेटफ़ॉर्मों जैसे वी.सी. एंडपॉइंट्स, व्यक्तिगत कंप्यूटर, और स्मार्टफ़ोन के माध्यम से व्यापक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाएँ प्रदान करता है। इसका मुख्य वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष स्मार्ट डिस्प्ले और 360-डिग्री ऑडियो प्रणाली जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इस व्यवस्था का उपयोग विभिन्न प्रकार की बैठकों और आयोजनों के लिए किया जाता है, जैसे शैक्षणिक परिषद की बैठकें, प्रशासनिक बैठकें, शिक्षक उम्मीदवार प्रस्तुतियाँ, दूरस्थ केंद्रों के विद्यार्थियों के लिए कक्षाएँ, तथा विशेषज्ञ व्याख्यान। इसके अतिरिक्त, मूलभूत सुविधाओं के साथ एक छोटा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष है, जिसका उपयोग लगातार बैठकों के लिए किया जाता है। अक्सर, सीएसएससी की तकनीकी टीम संस्थान के विभिन्न कार्यालयों और यूनिट्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आवश्यकताओं के सुचारु संचालन और तकनीकी सहायता के लिए सक्रिय सहयोग प्रदान करती है।
वीपीएन कनेक्टिविटी	संस्थान ने अपने दिल्ली, चेन्नई, तेज़पुर, बेंगलुरु और गिरिडीह स्थित केंद्रों के साथ साइट-टू-साइट वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क कनेक्शन स्थापित किए हैं। इन वीपीएन लिंक के माध्यम से बाहरी केंद्रों को कोलकाता स्थित सीएसएससी में होस्ट किए गए आई.टी. अवसंरचना संसाधनों तक सुरक्षित पहुँच प्राप्त होती है। कोलकाता में स्थित केंद्रीकृत लेखा सॉफ़्टवेयर सर्वर का भी इन केंद्रों और शाखाओं द्वारा दैनिक संचालन कार्यों के लिए नियमित रूप से उपयोग किया जाता है। इसके अतिरिक्त, सीएसएससी अपने उपयोगकर्ताओं को एसएसएल वीपीएन कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करता है, जिसके माध्यम से वे भारतीय सांख्यिकी संस्थान के परिसर के स्थानीय क्षेत्र नेटवर्क से जुड़कर संगणन तथा अन्य संसाधनों तक सुरक्षित रूप से पहुँच प्राप्त कर सकते हैं।
कंप्यूटिंग प्रयोगशालाएँ	संस्थान के कोलकाता मुख्यालय के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रयोगशाला सुविधाएँ सीएसएससी द्वारा उपलब्ध कराई जाती हैं। बी. स्टैट., एम. स्टैट., एम. टेक. (सीएस), एम. टेक. (क्यू.आर. एवं ओ.आर.), एम. एस. (क्यू.ई.) तथा एम. स्टैट. जैसे नियमित पाठ्यक्रमों की प्रायोगिक कक्षाएँ पूरे वर्ष सीएसएससी की कंप्यूटर प्रयोगशालाओं में नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। विभिन्न धाराओं के कुछ पाठ्यक्रम, जैसे बी. स्टैट. (दिल्ली केंद्र), एम. टेक. (सीएस), पीजीडीएसएमए आदि, प्रायः सीएसएससी द्वारा प्रबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित किए जाते हैं। सीएसएससी में कंप्यूटर आधारित परीक्षाएँ (सीबीटी) आयोजित करने की सुविधा भी उपलब्ध है।
डेस्कटॉप/लैपटॉप का वितरण	सीएसएससी समय-समय पर भारतीय सांख्यिकी संस्थान के संकाय सदस्यों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लैपटॉप एवं डेस्कटॉप कंप्यूटरों की थोक खरीद, वितरण तथा रखरखाव का कार्य करता है। इसमें नए उपकरणों की खरीद के लिए क्रय सेवाएँ, निरंतर सहायता एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी), तथा पुराने हार्डवेयर को उपयोग से हटाने के लिए सेवाएँ शामिल हैं। सीएसएससी इन सभी प्रक्रियाओं के दौरान व्यापक अभिलेख भी रखता है, जिससे अपने सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया जा सके।
कोई अन्य जानकारी	सीएसएससी के दो सदस्यों ने सूचना सुरक्षा शिक्षा एवं जागरूकता (आईएसईए) परियोजना चरण-III के अंतर्गत एनआईईएलआईटी, कोलकाता द्वारा आयोजित एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। सीएसएससी के सदस्यों के लिए आईआईआईटी-कल्याणी का एक दिवसीय भ्रमण आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य वहाँ की संगणन एवं नेटवर्क अवसंरचना तथा ई-मेल प्रणाली का संक्षिप्त अवलोकन करना था। इस भ्रमण का आयोजन क्षेत्र के दोनों संस्थानों के बीच तकनीकी विशेषज्ञता एवं सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया।

अर्जित संसाधन

संसाधन	संक्षिप्त विवरण
टवर्किंग	6 नग डी-लिंक पीओई+ एल2 एक्सेस स्विच, 6 नग डी-लिंक नॉन-पीओई एल2 एक्सेस स्विच
वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग	ज़ूम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सॉफ्टवेयर के 20 लाइसेंस तथा ज़ूम कॉन्फ्रेंस रूम कनेक्टर का 1 लाइसेंस
परिसर-व्यापी नेटवर्किंग	50 एयरप्रो वायरलेस एक्सेस प्वाइंट
डेस्कटॉप/लैपटॉप का वितरण	10 उच्च-स्तरीय डेस्कटॉप कंप्यूटर तथा 12 मध्यम-स्तरीय लैपटॉप

3.10 शैक्षणिक केंद्र

01 कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआईएमएल), कोलकाता

- **यूनिट प्रमुख:** उत्पल गराइन
- **संकाय सदस्यों की संख्या:** 12 (पुरुष: 10, महिला: 2)
- **गैर-वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या:** 2 (पुरुष: 1, महिला: 1)
- **अनुसंधान अध्येताओं की संख्या:** 4 (पुरुष: 1, महिला: 3)
- **कार्यालय:** चतुर्थ तल, एस. एन. बोस भवन, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता - 700108

02 जलवायु, खाद्य, ऊर्जा एवं पर्यावरण अर्थशास्त्र अनुसंधान केंद्र (सीईसीएफईई), दिल्ली

- **यूनिट प्रमुख:** ई. सोमनाथन
- **संकाय सदस्यों की संख्या:** 10 (पुरुष: 8, महिला: 2)
- **वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या:** 26 (पुरुष: 12, महिला: 14)
- **गैर-वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या:** 2 (पुरुष: 1, महिला: 1)
- **कार्यालय:** 7, एस. जे. एस. संसनवाल मार्ग, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, नई दिल्ली 110016

03 सॉफ्ट कंप्यूटिंग अनुसंधान केंद्र (सीएससीआर), कोलकाता


- **यूनिट प्रमुख:** शुभ्र शंकर राय
- **संकाय सदस्यों की संख्या:** 4 (पुरुष: 4)
- **गैर-वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या:** 2.50 (पुरुष: 0.50, महिला: 2)
- **अनुसंधान अध्येताओं की संख्या:** 6 (पुरुष: 3, महिला: 3)
- **कार्यालय:** प्रथम तल, आर. ए. फिशर भवन, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता - 700108

04 आर.सी. बोस क्रिप्टोलॉजी एवं सुरक्षा केंद्र (आरसीबीसीसीएस), कोलकाता

- **यूनिट प्रमुख**: शुभमय मैत्रा
- **संकाय सदस्यों की संख्या:** 5 (पुरुष: 5)
- **गैर-वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या:** 3 (पुरुष: 3)
- **कार्यालय:** 203 बी. टी. रोड, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता -700 108

05 प्रौद्योगिकी नवाचार केंद्र (टीआईएच), कोलकाता

- **यूनिट प्रमुख:** अग्निमित्रा बिस्वास
- **वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या:** 13 (पुरुष: 10, महिला: 3)
- **गैर-वैज्ञानिक कार्मिकों की संख्या:** 6 (पुरुष: 5, महिला: 1)
- **कार्यालय:** छठा तल, आर. ए. फिशर भवन, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता – 700 108



1. 1. कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआईएमएल), कोलकाता

अनुसंधान

कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग केंद्र (सीएआईएमएल) विभिन्न क्षेत्रों में नवोन्मेषी अनुसंधान कार्यों में सक्रिय रूप से संलग्न है। यह भारत सरकार के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के सुरक्षा सलाहकार समूह के सहयोग से कूटविश्लेषण के लिए उन्नत मशीन लर्निंग तकनीकों पर कार्य कर रहा है। केंद्र की परियोजनाओं में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अनुप्रयोग भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, केंद्र सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र से वित्तपोषित कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग परियोजनाओं में सक्रिय रूप से संलग्न है तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी करता है। ये सभी प्रयास कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अनुसंधान को आगे बढ़ाने तथा समाज के हित में इसके व्यावहारिक अनुप्रयोगों को प्रोत्साहित करने के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

वर्तमान अनुसंधान क्षेत्र

डीसीएसडब्ल्यू सदस्य का नाम	अनुसंधान विषय	सहकर्ता
उत्पल गराइन; मलय भट्टाचार्य; संघमित्रा बंद्योपाध्याय	क्रिप्टोएनालिसिस के लिए मशीन लर्निंग	डॉ. सैबल के. पाल (डीआरडीओ), डॉ. गिरीश मिश्रा (डीआरडीओ)

2. जलवायु, खाद्य, ऊर्जा एवं पर्यावरण अर्थशास्त्र अनुसंधान केंद्र (सीईसीएफईई), दिल्ली

अनुसंधान

अप्रैल 2024 में डॉ. के. विजय राघवन ने सीईसीएफईई की प्रबंधन बोर्ड की चौथी बैठक की अध्यक्षता की और केंद्र के बढ़ते योगदान की सराहना की।

सीईसीएफईई ने चार प्रमुख बाह्य-वित्तपोषित परियोजनाओं में महत्वपूर्ण प्रगति की। इनमें ईएफडी की विकास के लिए जलवायु नीति (सीपीएफडी) सहयोगी परियोजना; डिजिटल श्रम एवं महिला सशक्तीकरण (डीपी-डब्ल्यूईई) तथा सूक्ष्म पोषक तत्वों से संबंधित आँकड़ों के उपयोग पर गेट्स फाउंडेशन की दो परियोजनाएँ; और विद्युत-आधारित खाना पकाने तथा घरेलू वायु प्रदूषण पर एमआईटी के साथ जे-पाल की प्रायोगिक परियोजना शामिल हैं।

आगे की दिशा में, सीईसीएफईई अंतरराष्ट्रीय विकास केंद्र (आईजीसी) के साथ साझेदारी कर भारतीय सांख्यिकी संस्थान, दिल्ली में भारत सतत विकास केंद्र (आईएसजीएच) स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इससे अनुसंधान एवं नीति-निर्माण के बीच सहभागिता का विस्तार होगा तथा वित्तपोषण एवं सहयोग के नए अवसर उपलब्ध होंगे।

सीईसीएफईई द्वारा 23 शोध-प्रकाशन किए गए, आठ संगोष्ठियों का आयोजन किया गया तथा नीति से संबंधित सात कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों का आयोजन किया गया। साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण में सहयोग प्रदान करने के लिए सरकारी संस्थानों के साथ सहभागिता को भी और अधिक सुदृढ़ किया गया।

प्रमुख आयोजनों में मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंता नागेश्वरन के मुख्य वक्तव्य के साथ जलवायु नीति प्रतिरूपण पर कार्यशाला, नैरोबी में ईएफडी की वार्षिक बैठक में 12 सदस्यीय दल द्वारा प्रस्तुतीकरण, जिसमें कई सदस्यों को सम्मान प्राप्त हुए, केरल सरकार के ऊर्जा प्रबंधन केंद्र द्वारा आयोजित केरल के अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा महोत्सव में विद्युत-आधारित खाना पकाने के विषय पर तकनीकी प्रस्तुतीकरण, डीपी-डब्ल्यूईई परियोजना के अंतर्गत एसईआरआई-डॉक्टोरल सम्मेलन तथा श्रीजन फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित 8वीं सीईसीएफईई वार्षिक नीति एवं अनुसंधान कार्यशाला शामिल रहे, जिससे अनुसंधान एवं नीति-निर्माण के बीच संबंधों को और सुदृढ़ किया गया।

शहरी जलवायु अनुकूलन अनुसंधान का एक प्रमुख केंद्र रहा। इस दिशा में ई. सोमनाथन एवं सौदामिनी दास (आईईजी) के नेतृत्व में 'अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की आय पर गर्मी का प्रभाव' विषय पर एक अध्ययन किया गया। अध्ययन में पाया गया कि तापमान में 1°C की वृद्धि से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की आय में 13% की कमी हुई तथा बीमारी एवं अनुपस्थिति की दरों में भी वृद्धि हुई। इन निष्कर्षों का हितधारक कार्यशाला के माध्यम से व्यापक प्रसार किया गया तथा इन्हें मोंगाबे एवं वैश्विक ताप स्वास्थ्य सूचना नेटवर्क में भी प्रकाशित किया गया।

वर्तमान अनुसंधान क्षेत्र

डीसीएसडब्ल्यू सदस्य का नाम	अनुसंधान विषय	सहकर्ता
चिन्मयी श्रीकांत	भारतीय महिलाओं में शिक्षा, विवाह और गतिशीलता –पीढ़ियों के बीच शिक्षा तथा समान शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों के बीच विवाह भारतीय महिलाओं में जाति-आधारित असमानता को किस प्रकार प्रभावित करते हैं।	प्रो. रोहिणी सोमनाथन, दिल्ली विश्वविद्यालय, सीईसीएफईई की सदस्य
	"अपराधियों" से संरक्षणवादियों तक: पारधी पहचान का पुनर्निर्माण – शिकार पर प्रतिबंध से पारधी समुदाय की आजीविका किस प्रकार प्रभावित हुई तथा क्या वन-आधारित वैकल्पिक आजीविका के अवसर अवैध शिकार को रोकने में सहायक हो सकते हैं।	अग्निज सूर, आईएसआई-दिल्ली, सीईसीएफईई सदस्य
ई सोमनाथन	वैकल्पिक जीएचजी परिदृश्यों के प्रभावों को समझने के लिए भारतीय अर्थव्यवस्था का सीजीई मॉडलिंग	डॉ. शोइबाल चक्रवर्ती, भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु
	केरल के आंगनवाड़ी केंद्रों में इंडक्शन के माध्यम से विद्युत खाना पकाने के कारण खाना पकाने के समय, ईंधन की लागत, सुविधा, सुरक्षा, कार्बन उत्सर्जन तथा घरेलू वायु प्रदूषण पर पड़ने वाले कारणात्मक प्रभाव का अध्ययन	ऊर्जा प्रबंधन केंद्र, विद्युत विभाग, केरल सरकार ईशिता गुप्ता, केपीएमजी प्रवीण कुमार, आईएसआई-दिल्ली
	जब छत परावर्तित करती है: प्रारंभिक बाल्यावस्था केंद्रों में गर्मी, सीखने की प्रक्रिया और अनुकूलन	रोहिणी सोमनाथन, डीएसई, दिल्ली विश्वविद्यालय बेनस्टन जॉन, सेंट स्टीफंस कॉलेज
फरज़ाना अफ़रीदी	भारत में टिकाऊ स्वच्छ ईंधन अपनाने की नीतियों का आकलन	प्रभात बरनवाल – मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी क्रिस्मा डी'सूज़ा – कॉर्नेल यूनिवर्सिटी
कनिष्क कक्कड़	भारतीय विद्युत क्षेत्र में कोयले की गुणवत्ता	एस. खन्ना (लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स) ए. जिंदल (एनटीपीसी प्राइवेट लिमिटेड)
	भारत में वायु प्रदूषण के दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभाव	वी. ताराज़ (स्मिथ कॉलेज) रावी अग्रवाल (सीईसीएफईई, आईएसआई)
	दिल्ली की ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (जीआरएपी) का प्रभाव	ए. चोतिया (स्वतंत्र, आईएसआई के पूर्व मास्टर्स विद्यार्थी) पी. अग्रवाल (आईएसआई के पूर्व मास्टर्स विद्यार्थी)
कौशिक जना	भारत में स्थानिक-कालिक भूजल विश्लेषण: शोरयुक्त बहु-स्रोत डेटा का सांख्यिकीय परिशोधन, एकीकरण एवं मॉडलिंग	मिनर्वा मुखोपाध्याय, जयंत झा, गोपाल कृष्ण बसाक – आईएसआई, कोलकाता अभिषेक मुखर्जी – आईएसआई, गिरिडीह प्रणब कुमार दास – सेंटर फॉर स्टडीज़ इन सोशल साइंसेज़, कोलकाता तनॉय मुखर्जी – जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, गोपालपुर
प्रियंका दत्ता	कांच के नीचे भूमि और वन्यजीवन: भारत में सौर पार्कों के सामाजिक-पारिस्थितिक लाभ-हानि	सार्थक आनंद एवं वृंदा वी. चंद्रा, आईएसआई, दिल्ली
रावी अग्रवाल	भारतीय परिवारों के बीच कार्बन उत्सर्जन में असमानता – यह अध्ययन भारत में विभिन्न आय वर्गों के बीच कार्बन उत्सर्जन की असमानता का विश्लेषण करता है तथा वर्तमान डीकार्बोनाइजेशन नीतियों के तहत भविष्य की प्रवृत्तियों का अनुमान प्रस्तुत करता है।	लुकास चांसल (पेरिस स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एवं वर्ल्ड इनइक्वैलिटी लैब)
	श्रम बनाम ऊर्जा: भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में इनपुट प्रतिस्थापन – यह अध्ययन विश्लेषण करता है कि बढ़ती विद्युत कीमतों के कारण भारतीय विनिर्माण क्षेत्र श्रम और ऊर्जा के बीच किस प्रकार प्रतिस्थापन करता है तथा इसके कार्बन मूल्य निर्धारण नीति पर क्या प्रभाव पड़ सकते हैं।	
	विकासशील देशों में कार्बन कीमतों के नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभाव जलवायु लाभों पर भारी पड़ सकते हैं	लियोनार्ड मिसबाक, जान स्टेकल – पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट ऑन क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च ई. सोमनाथन, आईएसआई, दिल्ली थॉमस स्टर्नर, यूनिवर्सिटी ऑफ गोथेनबर्ग
शुभदीप हलदर	जलवायु जोखिम, ऋण संबंधी बाधाएँ एवं भारत में फर्मों की उत्पादकता	योगेश्वर भारत – शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस
तनु गुप्ता	वायु गुणवत्ता सम्मेलन सत्रों में सहभागिता की सीमा एवं गुणवत्ता को किस प्रकार प्रभावित करती है	लुडोविका गाज़े – यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक सैंटियागो सावेद्रा – यूनिवर्सिडाड डेल रोसारियो मैटी टोमा – यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक
	महिलाओं के लिए रोजगार के अवसरों में सुधार: डिजिटल दुनिया में कौशल की भूमिका	प्रो. फ़रज़ाना अफ़रीदी*, आईएसआई-दिल्ली, सीईसीएफईई सदस्य रेचल हीथ – यूनिवर्सिटी ऑफ वॉशिंगटन, यूएसए कनिका महाजन – अशोका यूनिवर्सिटी एवं सीईसीएफईई सदस्य
	पोषण से दीर्घकालिक लाभ: भारत में ऑपरेशन फ्लड एवं वयस्क स्वास्थ्य	प्रो. अभिरूप मुखोपाध्याय, आईएसआई-दिल्ली, सीईसीएफईई सदस्य प्रकार्श सिंह – प्लाक्षा यूनिवर्सिटी

परियोजनाएं

बाह्य रूप से वित्तपोषित परियोजनाएं

नई परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	खाता संख्या	आरंभ तिथि	अवधि	प्रधान अन्वेषक	निधियन एजेंसी	स्वीकृत राशि
1	आईएसआई-ईएफडी छत्रक समझौता 2025–2027 के अंतर्गत ईएफडी भारत कार्य योजना एवं ईएफडी 2025 का समझौता	एफ701_ परियोजना3	अप्रैल 01, 2025	1 वर्ष	ई सोमनाथन, ईपीयू, दिल्ली	ईएफडी	1,03,00,000.00
2	भारत सतत विकास केंद्र (आईएसजीएच) की स्थापना हेतु – सीईसीएफईई एवं एलएसई के अंतरराष्ट्रीय विकास केंद्र (आईजीसी) के साथ सहयोग समझौता	एफ713_	जून 01, 2025	1 वर्ष 8 माह		एलएसई-आईजीसी, लंदन	5,34,00,000.00
3	सेवाओं एवं प्रावधानों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आँकड़ों का उपयोग – चरण II	परियोजना 2	जुलाई 01, 2025	3 वर्ष	मुदित कपूर, ईपीयू, दिल्ली	गेट्स फ़ाउंडेशन	13,08,15,106.00
4	श्वसन असमानता: भारत में श्रम गतिशीलता एवं समय आवंटन पर वायु प्रदूषण के लैंगिक प्रभाव का अनावरण	F707	मई 01, 2025	1 वर्ष 8 माह	कनिष्क कक्कड़, ईपीयू, दिल्ली	आईसीआईएमओडी नेपाल	18,48,000.00
5	दिल्ली के विद्यालयों में यादृच्छिक नियंत्रित परीक्षण से आँकड़ा संग्रह का विस्तार: 'बच्चों पर वायु प्रदूषण के प्रभावों को कम करने के लिए तकनीकी एवं व्यवहारात्मक रणनीतियों' के संचयी एवं स्थायी प्रभावों का अध्ययन	एफ713_ परियोजना 2	अक्टूबर 01, 2025	अक्टूबर		एलएसई-आईजीसी – आईएसजीएच सहयोग का हिस्सा	64,36,000.00

वर्तमान परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	खाता संख्या	आरंभ तिथि	अवधि	प्रधान अन्वेषक	निधियन एजेंसी	स्वीकृत राशि
1	प्राकृतिक आपदाओं से निपटना: तटीय पारिस्थितिक तंत्रों की सुरक्षात्मक सेवाएँ तथा अनौपचारिक जोखिम-साझाकरण एवं आघात से निपटने की प्रक्रिया को आकार देने में उनकी भूमिका	एफ 701_ परियोजना 4	जनवरी 01, 2024	3 वर्ष	ई. सोमनाथन, ईपीयू, दिल्ली	ईएफडी	5,17,000.00
2	डिजिटल श्रम एवं महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण परियोजना (डीपी-डब्ल्यूईई)	ई706	जनवरी 01, 2023	3 वर्ष 8 माह	फ़र्ज़ाना अफ़रीदी, ईपीयू, दिल्ली	वित्तीय प्रबंधन एवं अनुसंधान में नेतृत्व (आईएफएमआर) – बिल एवं मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित	49,09,000.00
3	विद्युत-आधारित खाना पकाना, घरेलू वायु प्रदूषण, महिलाओं का समय उपयोग एवं स्वास्थ्य (प्रायोगिक अध्ययन)	एफ 711	मई 01, 2023	3 वर्ष 1 माह	ई. सोमनाथन, ईपीयू, दिल्ली	किंग जलवायु कार्रवाई पहल (के-सीएआई), एमआईटी में जे-पाल	43,81,000.00
4	महिलाओं के सशक्तीकरण, गरीबी एवं जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन की क्षमता पर बाहरी रूप से वित्तपोषित परियोजनाओं का प्रभाव: भारत एवं तंजानिया के संवेदनशील तटीय समुदायों का तुलनात्मक अध्ययन	एफ 701_ परियोजना 2	जनवरी 01, 2023	2 वर्ष		ईएफडी	19,26,000.00
5	लैंडफिल का स्वास्थ्य पर प्रभाव	एफ 701_ परियोजना 5	जनवरी 01, 2023	2 वर्ष		ईएफडी	52,59,000.00
6	विद्युत की विश्वसनीयता एवं विद्युत-आधारित खाना पकाना: विभिन्न देशों के बीच तुलनात्मक अध्ययन से हम क्या सीख सकते हैं?	एफ -701_ परियोजना 6	जनवरी 01, 2023	2 वर्ष		ईएफडी	59,00,000.00
7	परिवारों को स्वच्छ ऊर्जा के लिए सशक्त बनाना: उप-सहारा अफ्रीका के चयनित देशों में स्वच्छतर ईंधनों के उपयोग पर महिला सशक्तीकरण का प्रभाव	एफ 701_ परियोजना 7	जनवरी 01, 2023	2 वर्ष	कनिष्क कक्कड़, ईपीयू, दिल्ली	ईएफडी	15,51,000.00

पूर्ण परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	खाता संख्या	आरंभ तिथि	अवधि	प्रधान अन्वेषक	निधियन एजेंसी	स्वीकृत राशि
1	सेवाओं एवं प्रावधानों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देने के लिए आँकड़ों का उपयोग – चरण I	एफ -710	नवंबर 01, 2023	जून 30, 2025	मुदित कपूर, ईपीयू, दिल्ली	गेट्स फ़ाउंडेशन	3,88,00,000.00
2	अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की आय पर गर्मी का प्रभाव	एफ 701_ परियोजना 1	जनवरी 01, 2021	दिसंबर 31, 2025	ई. सोमनाथन, ईपीयू, दिल्ली	ईएफडी	35,49,000.00

भारत सरकार/राज्य सरकार के लिए पूर्ण की गई परियोजनाएँ

नई परियोजनाएं

क्र. सं.	परियोजना का नाम	खाता संख्या	आरंभ तिथि	अवधि	प्रधान अन्वेषक	निधियन एजेंसी	स्वीकृत राशि
1	जल जीवन मिशन के ग्रामीण सशक्तीकरण एवं कल्याण पर प्रभावों का आकलन: उत्तर प्रदेश से प्राप्त साक्ष्य	एन753	अक्टूबर 30, 2025	3 माह 15 दिन	ई. सोमनाथन, ईपीयू, दिल्ली	उत्तर प्रदेश राज्य जल मिशन	9,99,838.00

3.सॉफ्ट कंप्यूटिंग अनुसंधान केंद्र (सीएससीआर), कोलकाता

अनुसंधान

- **तनाव प्रबंधन कार्यशालाएँ:** अधिष्ठाता कार्यालय के सहयोग से मध्य-सत्र एवं सत्रांत परीक्षाओं से पूर्व विद्यार्थियों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

समग्र रूप से, चिकित्सा कल्याण यूनिट ने सुलभ स्वास्थ्य सेवाओं, निवारक पहलों, विशेषज्ञ परामर्श, आपातकालीन तैयारी तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आईएसआई समुदाय के शारीरिक एवं मानसिक कल्याण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





8.9 प्रशासनिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

क. कोलकाता:

क्र. सं.	कोर्स का शीर्षक	ऑनलाइन/ ऑफलाइन	स्थान	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	पुरुष प्रतिभागी	महिला प्रतिभागी
1	सोशल मीडिया एवं सूचना पुनर्प्राप्ति का संचालन	ऑफलाइन	आईएसटीएम, नई दिल्ली	दो (02) दिन, 14.07.2025 से 15.07.2026 के दौरान	एक (01)	एक (01)	लागू नहीं
2	जीएफआर एवं खरीद नियम		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 17.07.2025	तीन (03)	तीन (03)	लागू नहीं
3	एनपीएस एवं यूपीएस का अवलोकन		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 18.07.2025	एक (01)	एक (01)	लागू नहीं
4	स्थापना नियम, सीसीएस वेतन नियम तथा वेतन निर्धारण एवं केस स्टडी		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 22.07.2025	चार (04)	चार (04)	लागू नहीं
5	एमएस वर्ड एवं एमएस एक्सेल टूल्स: सरकारी कर्मचारियों के लिए आवश्यक कौशल		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 23.07.2025	तीन (03)	तीन (03)	लागू नहीं
6	ई-ऑफिस एवं ई-एचआरएमएस 2.0		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 05.08.2025	एक (01)	एक (01)	लागू नहीं
7	सीसीएस पेंशन नियम		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 12.08.2025	तीन (03)	दो (02)	एक (01)
8	सार्वजनिक खरीद: केस स्टडी सहित प्रक्रियात्मक पहलू एवं जीईएम के माध्यम से खरीद की विस्तृत प्रक्रिया		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 14.08.2025	तीन (03)	तीन (03)	लागू नहीं
9	सतर्कता संबंधी मामले एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 09.09.2025	एक (01)	लागू नहीं	एक (01)
10	कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 10.09.2025	दो (02)	एक (01)	एक (01)
11	एनपीएस एवं यूपीएस का अवलोकन		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 11.09.2025	दो (02)	एक (01)	एक (01)
12	अवकाश, टी.ए. एवं एलटीसी नियम, सेवा पुस्तिकाओं का रख-रखाव		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 15.09.2025	पांच (05)	पांच (05)	लागू नहीं
13	आयकर नियम, गणना एवं ई-फाइलिंग		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 17.09.2025	दो (02)	दो (02)	लागू नहीं
14	नया आयकर अधिनियम, 2025		संसद पुस्तकालय भवन, नई दिल्ली में समिति कक्ष	एक (1) दिवसीय, 28.11.2025	पांच (05)	चार (04)	एक (01)
15	सार्वजनिक खरीद (मूलभूत) पाठ्यक्रम		एजेएनआईएफएम, फरीदाबाद	छह (6) दिवसीय 01-06.12.2025 के दौरान	एक (01)	एक (01)	लागू नहीं
16	एमएस वर्ड एवं एमएस एक्सेल टूल्स: सरकारी कर्मचारियों के लिए आवश्यक कौशल		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 29.01.2026	दो (02)	दो (02)	लागू नहीं
17	सार्वजनिक खरीद: केस स्टडी सहित प्रक्रियात्मक पहलू एवं जीईएम के माध्यम से खरीद की विस्तृत प्रक्रिया		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 16.02.2026	एक (01)	एक (01)	लागू नहीं
18	जीएफआर एवं खरीद नियम		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 17.02.2026	चार (04)	चार (04)	लागू नहीं
19	आयकर नियम, गणना एवं ई-फाइलिंग तथा जीएसटी-टीडीएस, जीएसटी-फाइलिंग, जीएसटी रिफंड		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 18.02.2026	एक (01)	एक (01)	लागू नहीं
20	आरटीआई अधिनियम- 2005		आईएनजीएएफ, कोलकाता	एक (1) दिवसीय, 26.02.2026	एक (01)	एक (01)	लागू नहीं

8.10 संस्थान के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित विशिष्ट उपलब्धियों एवं कार्यों का संक्षिप्त विवरण

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान का राजभाषा प्रकोष्ठ भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुरूप नियमित निगरानी, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, प्रतियोगिताओं, निरीक्षणों तथा राष्ट्रीय स्तर की पहलों में सहभागिता के माध्यम से अपने केंद्रों में हिंदी के प्रगतिशील प्रयोग को सतत रूप से बढ़ावा दे रहा है।

मुख्य विशेषताएँ

- राजभाषा कार्यान्वयन को सुदृढ़ करना: कोलकाता, दिल्ली और तेजपुर में राजभाषा कार्यान्वयन समितियाँ सक्रिय रूप से कार्यरत रहीं। समितियों ने तिमाही प्रगति की समीक्षा करने, वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम के अनुपालन की निगरानी करने तथा सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के उपाय सुझाने के लिए नियमित बैठकें आयोजित कीं।
- क्षमता निर्माण: विभिन्न केंद्रों में हिंदी कार्यशालाओं एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें सरकारी टिप्पण एवं प्रारूपण, अनुवाद, हिंदी ई-टूल्स, प्रौद्योगिकी-सक्षम हिंदी प्रयोग, सरकारी पत्राचार तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन जैसे विषय शामिल थे। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित गहन हिंदी भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग लिया।
- हिंदी पखवाड़ा समारोह: सभी केंद्रों में हिंदी पखवाड़ा उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस दौरान निबंध लेखन, वाद-विवाद, आशुभाषण, काव्य-पाठ, अनुवाद, प्रश्नोत्तरी तथा अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहन मिला। केवल कोलकाता में ही विभिन्न कार्यक्रमों में 40–80 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो उल्लेखनीय सहभागिता को दर्शाता है।
- राजभाषा निरीक्षण: संस्थान ने विभिन्न विभागों में आंतरिक राजभाषा निरीक्षण किए तथा राजभाषा संबंधी संसदीय समिति और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा किए गए निरीक्षणों की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिससे सरकारी दिशा-निर्देशों के निरंतर अनुपालन का प्रदर्शन हुआ।
- राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता: आईएसआई ने राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह, पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलनों तथा राजभाषा विभाग और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से सहभागिता की।
- उत्कृष्ट उपलब्धि: नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कोलकाता–कार्यालय II) के सक्रिय सदस्य के रूप में आईएसआई ने वर्ष के दौरान आयोजित विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए 9 पुरस्कार हासिल किए, जो 35 प्रतिभागी संगठनों में सर्वाधिक थे।
- क्षेत्रीय केंद्रों की गतिविधियाँ: दिल्ली और तेजपुर केंद्रों ने भी नियमित राजभाषा समिति की बैठकें, हिंदी कार्यशालाएँ तथा हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किए, जिससे पूरे संस्थान में राजभाषा नीति का कार्यान्वयन सुनिश्चित हुआ।

समग्र रूप से, राजभाषा प्रकोष्ठ ने निरंतर निगरानी, क्षमता निर्माण, जागरूकता कार्यक्रमों, संस्थागत अनुपालन तथा क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियों के माध्यम से हिंदी के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण प्रगति की। कुछ महत्वपूर्ण विवरण नीचे दिए गए हैं:

I) दिल्ली केंद्र:

क. राजभाषा कार्यान्वन समिति के सदस्य:

क्र. सं.	नाम	पदनाम
1	प्रो. अंतर बंद्योपाध्याय	प्रमुख, दिल्ली केंद्र
2	श्री समापन पाढ़ी	उप मुख्य कार्यकारी (प्रशासन) 'ए'
3	श्रीमती सिम्मी मारवाह	वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी
4	श्री परमा गोगोई	वरिष्ठ लेखा अधिकारी
5	श्री उदय भानु कांधा	एसोसिएट साइंटिस्ट 'सी'
6	श्री पंकज कुमार मीणा	प्रशासनिक अधिकारी
7	श्रीमती खुशबू सिंह	कार्यालय सहायक 'बी'

ख. राजभाषा कार्यान्वयन समिति बैठक:

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, आईएसआई दिल्ली केंद्र की राजभाषा प्रकोष्ठ समिति की चार बैठकें क्रमशः 29.06.2025, 29.09.2025, 22.12.2025 और 24.03.2026 को आयोजित की गईं। प्रत्येक बैठक में समिति ने पिछली तिमाही की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा एवं चर्चा की, राजभाषा के कार्यान्वयन की प्रगति का आकलन किया तथा सरकारी कार्यों में हिंदी के प्रगतिशील प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए उपाय सुझाए।

ग. हिंदी कार्यशाला

क्र. सं.	दिनांक	विषय	प्रतिभागियों की संख्या	वक्ता
1.	03.06.2025	टिप्पण एवं प्रारूपण	14 (पु), 3 (म)	श्री सुभाष चंद्र
2.	08.09.2025	प्रेरणा, प्रोत्साहन, सद्भावना एवं पुरस्कारों के माध्यम से भारत सरकार की राजभाषा नीति का प्रभावी कार्यान्वयन	17 (पु), 3 (म)	श्री जगदीश राम पौड़ी
3.	26.12.2025	राजभाषा के कार्यान्वयन में अनुवाद की भूमिका	13 (पु), 2 (म)	डॉ. राजेश कुमार
4.	13.03.2026	भारत सरकार की राजभाषा नीति एवं हमारी जिम्मेदारियाँ	9 (पु), 2 (म)	श्री नागेंद्र शर्मा

घ. हिंदी पखवाड़ा

क्र. सं.	दिनांक	प्रतियोगिता/कार्यक्रम का नाम	प्रतिभागियों की संख्या
1.	12.09.2025-26.09.2025	हिंदी पखवाड़ा (7 प्रतियोगिताएँ)	12 (पु), 4 (म)
2.	16.02.2026-25.02.2026	लघु हिंदी पखवाड़ा (6 प्रतियोगिताएँ)	10 (पु), 1 (म)





II) मुख्यालय, कोलकाता

क. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य

क्र. सं.	नाम	पदनाम
1	प्रो. संघमित्रा बंद्योपाध्याय, निदेशक (01.04.2025–31.12.2025)	अध्यक्ष
2	डॉ. किशोर चंद्र सतपथी, मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष	अध्यक्ष (कार्यवाहक)
3	श्री रविन्द्र कुमार, मुख्य कार्यपालक (प्रशासन एवं वित्त)	सदस्य
4	श्री अमिताभ मुखर्जी, उप मुख्य कार्यपालक (वित्त) – बी	सदस्य
5	श्री प्रत्युष बनर्जी, उप मुख्य कार्यकारी (स्थापना) – बी	सदस्य
6	श्री मनोज कुमार पांडेय, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	सदस्य
7	श्री पार्थ भट्टाचार्य, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी	सदस्य
8	श्री सुजन दत्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी	सदस्य
9	श्री जयंत कुंडु, एसोसिएट साइंटिस्ट सी	सदस्य
10	श्री प्रशांत तिवारी, हिंदी अधिकारी	सदस्य-संयोजक

ख. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक:

दिनांक	संक्षिप्त कार्यसूची सारांश
25.04.2025	वार्षिक राजभाषा कार्यक्रम 2025–26 की समीक्षा; संस्थान की सभी यूनिट में राजभाषा निरीक्षण का विस्तार; राजभाषा विभाग के स्वर्ण जयंती समारोह (जून–जुलाई 2025) में सहभागिता; स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में सहभागिता; संस्थान में हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने का प्रस्ताव।
18.07.2025	संविदा पर नियुक्त हिंदी अधिकारी की सेवा का विस्तार; राजभाषा निरीक्षण जारी रखना; पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन (सितंबर 2025) में सहभागिता; हिंदी पखवाड़ा समारोह का आयोजन; हिंदी अधिकारियों के लिए राजभाषा अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम (नवंबर 2025) हेतु नामांकन।
19.10.2025	राजभाषा संबंधी संसदीय समिति को दिए गए आश्वासनों के अनुपालन की समीक्षा, जिसमें हिंदी प्रशिक्षण, कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य, हिंदी टंकण एवं आशुलिपि प्रशिक्षण, शत-प्रतिशत सरकारी कार्य हिंदी में करने को बढ़ावा देना, हिंदी पदों को भरना, राजभाषा समितियों में सहभागिता, प्रचार-प्रसार संबंधी लक्ष्यों का अनुपालन तथा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन शामिल है।
08.01.2026	पूर्वी एवं पूर्वोत्तर क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार सम्मेलन (फरवरी 2026) में सहभागिता; चित्र-आधारित कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन; पुस्तकालय के लिए हिंदी पुस्तकों की खरीद; राजभाषा कार्यान्वयन समिति का पुनर्गठन।



ग. हिंदी कार्यशाला विवरणी

क्र. सं.	दिनांक	विषय	प्रतिभागियों की संख्या
1	06.06.2025	**प्रथम सत्र:** "आधिकारिक अनुवाद एवं हिंदी ई-टूल्स" **द्वितीय सत्र:** "आधिकारिक पत्राचार में टिप्पण एवं प्रारूपण"	पु–30 म–05
2	01.09.2025	**प्रथम सत्र:** "सरकारी कार्यालयों में राजभाषा का कार्यान्वयन: उत्तरदायित्व एवं उपाय" **द्वितीय सत्र:** "पत्र लेखन की कार्यप्रणाली एवं आधिकारिक पत्राचार में अभ्यास पर चर्चा"	पु–28 म–02
3	22.12.2025	**प्रथम सत्र:** "राजभाषा के कार्यान्वयन में प्रौद्योगिकी एवं हिंदी ई-टूल्स की भूमिका" **द्वितीय सत्र:** "कंप्यूटर पर भारतीय भाषाओं का प्रयोग: प्रौद्योगिकी की भूमिका"	पु–20 म–05
4	13.03.2026	**प्रथम सत्र:** "प्रभावी आधिकारिक संचार में टिप्पण एवं प्रारूपण कौशल की भूमिका" **द्वितीय सत्र:** "सरकार की राजभाषा नीति एवं इसके कार्यान्वयन पर चर्चा"	पु–20 म–02

घ. हिंदी पखवाड़ा समारोह विवरण

क्र.सं.	दिनांक	प्रतियोगिता/कार्यक्रम का नाम	प्रतिभागियों की संख्या
1	01.09.2025	हिंदी पखवाड़ा एवं हिंदी कार्यशाला का उद्घाटन	75
2	01.09.2025	राजभाषा ज्ञान एवं अनुवाद प्रतियोगिता	45
3	02.09.2025	हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता	40
4	03.09.2025	हिंदी आशुभाषण प्रतियोगिता	45
5	08.09.2025	हिंदी काव्यपाठ प्रतियोगिता	42
6	09.09.2025	हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता	46
7	22.09.2025	हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण	80





ङ. तकनीकी कार्यशाला एवं हिंदी प्रतियोगिताओं की विवरणी

क्र.सं.	दिनांक	विषय	प्रतिभागियों की संख्या
1	22.12.2025	तकनीकी हिंदी कार्यशाला	25
2	06.06.2025	हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता	28
3.	22.12.2025	हिंदी टिप्पण, प्रारूपण एवं पारिभाषिक शब्दावली प्रतियोगिता	38
4	13.03.2026	राजभाषा नीति, कार्यान्वयन एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता	30

च. राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित अन्य विविध कार्य :

क्र. सं.	दिनांक	विषय	आयोजक
1	16.06.2025	कोलकाता के विभिन्न विभागों/यूनिटों का राजभाषा निरीक्षण	राजभाषा प्रकोष्ठ
2	16.07.2025	राजभाषा निरीक्षण-सह-हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी	पुस्तकालय एवं राजभाषा प्रकोष्ठ
3	19.09.2025	राजभाषा संबंधी संसदीय समिति की आलेख एवं साक्ष्य समिति द्वारा संस्थान का राजभाषा निरीक्षण	राजभाषा संबंधी संसदीय समिति, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली
4	23.12.2025	सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, नई दिल्ली के राजभाषा विभाग द्वारा संस्थान का राजभाषायी निरीक्षण	राजभाषा प्रकोष्ठ, आईएसआई, कोलकाता









छ. विशेष उपलब्धियाँ:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोलकाता (कार्यालय-2) का एक सक्रिय सदस्य है। इस वर्ष नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोलकाता (कार्यालय-2) के तत्वावधान में कुल 06 प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं, जिनमें हमारे संस्थान ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और 35 प्रतिभागी संगठनों में सर्वाधिक 09 पुरस्कार प्राप्त किए।

III) पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर:

क. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य:

क्र. सं.	नाम	पदनाम
1	प्रो. सौविक रॉय, प्रमुख	अध्यक्ष
2	डॉ. दर्पा सौरव ज्योति, सहायक प्रोफेसर, टीएएसयू	सदस्य
3	सुश्री रिमली बर्धन, इंजीनियर (सिविल) 'सी'	सदस्य
4	श्री सुभाष के., प्रशासनिक अधिकारी	सदस्य
5	श्री नीरज भुइयां, ऑफिस असिस्टेंट 'बी'	सदस्य
6	विद्यार्थी प्रतिनिधि	सदस्य
7	सुश्री काकली गोगोई, साइंटिफिक असिस्टेंट 'सी'	संयोजक

ख. हिंदी कार्यशाला

क्र. सं.	दिनांक	विषय	प्रतिभागियों की संख्या	वक्ता
1	10.09.2025	व्याकरण संबंधी त्रुटियाँ एवं उनका निराकरण	28 पुरुष 10 महिला	डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी, प्रोफेसर, तेजपुर विश्वविद्यालय

ग. हिंदी पखवाड़ा

क्र. सं.	दिनांक	प्रतियोगिता का नाम	प्रतिभागियों की संख्या (पुरुष एवं महिला की संख्या अलग-अलग दर्शाई जाए)
1	09.09.2025	प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता	28 पुरुष, 11 महिला



8.11 सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन

मुख्यालय, कोलकाता:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता मेंदिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस वर्ष का विषय "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" था, जिसमें सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता के महत्व पर बल दिया गया।

सप्ताह का शुभारंभ दिनांक 27 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रभागों, विभागों, अनुभागों, यूनिटों तथा बाहरी केंद्रों के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिज्ञा में नैतिक मूल्यों को बनाए रखने तथा भ्रष्टाचार से लड़ने के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देने के लिए पूरे सप्ताह विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

प्रो. प्रीति पाराशर, आईएसआई की अंशकालिक मुख्य सतर्कता अधिकारी की अध्यक्षता वाली सतर्कता समिति द्वारा आयोजित निबंध एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता प्रमुख गतिविधि रही। कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी" विषय पर अंग्रेजी अथवा हिंदी में निबंध लिखने और पोस्टर बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन दिनांक 11 नवंबर 2025 को आयोजित समारोह के साथ हुआ।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन में आईएसआई समुदाय की सक्रिय सहभागिता रही, जिससे सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता का वातावरण विकसित करने के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता और सुदृढ़ हुई। इस सप्ताह आयोजित पहलों एवं गतिविधियों ने नैतिक आचरण के महत्व तथा सभी रूपों में भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों को रेखांकित किया।

बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र में दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। अधिकांश कर्मचारियों ने दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को "संगठनों के लिए सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा" ली।

दिल्ली केंद्र:

आईएसआई, दिल्ली केंद्र में दिनांक 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया तथा दिनांक 27 अक्टूबर 2025 को सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा ली गई।











8.12 संस्थान की विभिन्न गतिविधियों पर रिपोर्ट

क. स्वतंत्रता दिवस समारोह

मुख्यालय, कोलकाता:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता में दिनांक 15 अगस्त 2025 को भारत का 79वाँ स्वतंत्रता दिवस अत्यंत उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, शोध अध्येताओं, विद्यार्थियों, अतिथियों तथा विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया, जो संस्थान की एकता, गौरव एवं जीवंत सामुदायिक भावना को दर्शाता है। इस समारोह के माध्यम से आईएसआई ने स्वतंत्रता एवं देशभक्ति के उन मूल्यों का सम्मान करते हुए वैज्ञानिक उत्कृष्टता, नवाचार एवं राष्ट्र-निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया, जो इसकी शैक्षणिक एवं अनुसंधान संबंधी गतिविधियों को निरंतर प्रेरित करते हैं।



बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र में 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। केंद्र के प्रमुख प्रो. बी. एस. दया सागर ने कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र तथा आईएसआई के संस्थापक प्रो. पी. सी. महालनोबिस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। केंद्र प्रमुख ने राष्ट्रीय विकास पर संक्षिप्त संबोधन दिया तथा विद्यार्थियों से देश की प्रगति के लिए अपने प्रयास समर्पित करने का आह्वान किया। समारोह का समापन कर्मचारी कैंटीन में चाय-नाश्ते के साथ हुआ।.

दिल्ली केंद्र:

दिनांक 15 अगस्त 2025 को 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया, जिसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, राष्ट्रगान गाया गया तथा दिल्ली केंद्र के प्रमुख द्वारा संबोधन दिया गया। मिठाइयाँ एवं चॉकलेट वितरित की गईं।



पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर:

शुक्रवार, दिनांक 15 अगस्त 2025 को आईएसआई पूर्वोत्तर, तेजपुर में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। लेखा अधिकारी डॉ. संजय कर्माकर ने कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर देशभक्ति की भावना एवं गरिमापूर्ण वातावरण दिखाई दिया।



हैदराबाद केंद्र:

दिनांक 15 अगस्त 2025 को भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, हैदराबाद की एसक्यूसी एवं ओआर यूनिट में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान गाया गया। एसक्यूसी एवं ओआर यूनिट के प्रमुख ने संबोधन दिया। बच्चों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को मिठाइयाँ एवं जलपान वितरित किया गया।

ख. गणतंत्र दिवस समारोह

मुख्यालय, कोलकाता:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता में दिनांक 26 जनवरी 2026 को 77वाँ गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में राष्ट्रीय गौरव के साथ-साथ संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाने वाली विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गईं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. रबी रंजन चट्टोपाध्याय द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण रस्साकशी प्रतियोगिता के साथ हुआ, जिसने प्रतिभागियों में सौहार्द, टीम भावना एवं सामुदायिक भावना को बढ़ावा दिया। समारोह में बड़ी संख्या में संकाय सदस्य, कर्मचारी, शोध अध्येता, विद्यार्थी, अतिथि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिससे आईएसआई समुदाय की एकता, उत्साह एवं जीवंत भावना प्रदर्शित हुई।



बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र में दिनांक 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस मनाया गया। केंद्र प्रमुख, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र तथा आईएसआई के संस्थापक प्रो. पी. सी. महालनोबिस की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्र प्रमुख प्रो. बी. एस. दया सागर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। समारोह में कर्मचारी, विद्यार्थी तथा परिसर के निवासी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में केंद्र प्रमुख ने उपस्थित लोगों को आईएसआई विधेयक, 2025 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने प्रशासन के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से आपसी समन्वय बनाए रखने तथा शिष्ट व्यवहार करने का आग्रह किया।

हैदराबाद केंद्र:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, हैदराबाद की एसक्यूसी एवं ओआर यूनिट में 26 जनवरी 2026 को 77वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण, राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा राष्ट्रगान के साथ हुआ। एसक्यूसी एवं ओआर यूनिट के प्रमुख ने संबोधन दिया। बच्चों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को मिठाइयाँ एवं जलपान वितरित किया गया।

पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर:

आईएसआई पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर में 76वाँ गणतंत्र दिवस देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। प्रशासनिक अधिकारी श्री सुबाश के. ने कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर राष्ट्र के प्रति गौरव एवं सम्मान की भावना प्रदर्शित हुई।



ग. प्रो. पी. सी. महालनोबिस का जयंती समारोह

मुख्यालय, कोलकाता:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता में दिनांक 29 जून 2025 को प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 132वीं जयंती तथा 'कामगार दिवस' एवं 'सांख्यिकी दिवस' मनाया गया। समारोह का विषय "राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष" था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसके बाद राष्ट्रगान एवं वैदिक मंत्रोच्चार किया गया।

आईएसआई के निदेशक ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात प्रो. विश्वब्रत प्रधान, अध्ययन अधिष्ठाता, डॉ. कुंतल घोष, उपाध्यक्ष, आईएसआईडब्ल्यूओ, प्रो. मनोरंजन पाल, विशेष अतिथि तथा प्रो. श्रीकृष्ण गोपालराव दानी, मुख्य अतिथि ने संबोधन दिया। कार्यक्रम के प्रथम भाग का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

इस समारोह में प्रो. महालनोबिस की विरासत को सम्मानित किया गया तथा संस्थान के मूल्यों एवं उद्देश्यों को बनाए रखने में आईएसआई समुदाय के सामूहिक प्रयासों का उत्सव मनाया गया।



बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र में दिनांक 29 जून 2025 को प्रो. पी. सी. महालनोबिस की 132वीं जयंती मनाई गई। केंद्र प्रमुख डॉ. बी. एस. दया सागर द्वारा स्वागत संबोधन तथा गुलाटी इंस्टीट्यूट ऑफ फाइनेंस एंड टैक्सेशन, तिरुवनंतपुरम के पूर्व निदेशक प्रो. नारायण डेलंपाडी द्वारा दिए गए विशेष व्याख्यान कार्यक्रम के दो प्रमुख आयोजन थे। इस अवसर पर प्रो. बी. सूर्य को उनकी आगामी अधिवार्षिकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया। कर्मचारी एवं विद्यार्थी प्रो. पी. सी. महालनोबिस की प्रतिमा के सामने एकत्र हुए तथा मुख्य अतिथि और केंद्र प्रमुख ने प्रो. पी. सी. महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। आईएसआई-कोलकाता से श्रमिक दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया।

चेन्नई केंद्र:

दिनांक 29 जून 2025 (रविवार) को प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 132वीं जयंती को श्रमिक दिवस एवं सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस के चित्र पर पुष्पांजलि एवं प्रार्थना के साथ हुआ। इसके बाद चेन्नई केंद्र की प्रमुख प्रो. सुजाता घोष ने स्वागत संबोधन दिया। डॉ. डी. संपंगी रमन ने प्रो. पी. सी. महालनोबिस के जीवन-यात्रा पर व्याख्यान दिया, जिसके बाद श्री नवीनकुमार अरुमुगम ने संबोधन दिया। तमिलनाडु सरकार के अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी विभाग की आयुक्त श्रीमती आर. जया, आईएएस, इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं और उन्होंने आमंत्रित व्याख्यान दिया। इसके पश्चात चेन्नई मैथमेटिकल इंस्टीट्यूट के डॉ. सौरिश दास तथा आईआईटी मद्रास के डॉ. नीलेश उपाध्ये ने आमंत्रित व्याख्यान दिए। श्री बिजू मैथ्यू ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

दिल्ली केंद्र:

प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की 132वीं जयंती दिनांक 29 जून 2025 को मनाई गई। प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उप मुख्य कार्यकारी एवं दिल्ली केंद्र के प्रमुख ने प्रो. पी. सी. महालनोबिस के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।



हैदराबाद केंद्र:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, हैदराबाद में प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती दिनांक 29 जून 2025 को मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके बाद मिठाइयाँ वितरित की गईं तथा दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई।

प्रो. पी. सी. महालनोबिस की जयंती समारोह के एक भाग के रूप में एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

मशीन लर्निंग एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता में हालिया प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, हैदराबाद द्वारा दिनांक 29 जून 2025 को आयोजित किया गया।

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, हैदराबाद की एसक्यूसी एवं ओआर यूनिट द्वारा व्यावसायिक उत्कृष्टता के लिए अनुप्रयोगों पर विशेष ध्यान के साथ मशीन लर्निंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में हालिया प्रगति पर राष्ट्रीय सम्मेलन (एनसीआरएएमएलएआई 2025) का आयोजन दिनांक 29 जून 2025 को किया गया। यह सम्मेलन प्रो. पी. सी. महालनोबिस की 132वीं जयंती एवं सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

एक दिवसीय इस कार्यक्रम में कॉर्पोरेट क्षेत्र के पेशेवरों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों सहित 70 से अधिक प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एआई, एमएल एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता के विविध एवं नवीन अनुप्रयोगों से संबंधित कुल 18 शोध-पत्र प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से सक्रिय सहभागिता एवं विचारपूर्ण चर्चा को बढ़ावा मिला तथा यह प्रदर्शित हुआ कि सांख्यिकीय विधियाँ एवं मशीन लर्निंग एल्गोरिदम व्यवसाय एवं समाज में नवाचार को किस प्रकार बढ़ावा दे रहे हैं।

सम्मेलन को प्रतिभागियों द्वारा इसकी प्रासंगिकता, सुव्यवस्थित आयोजन तथा ज्ञान के समृद्ध आदान-प्रदान के लिए अत्यधिक सराहा गया। इस महत्वपूर्ण एवं प्रभावशाली शैक्षणिक आयोजन के माध्यम से भारतीय सांख्यिकीय संस्थान ने एआई एवं एमएल के लिए सांख्यिकीय अनुप्रयोगों के क्षेत्र में एक विचारशील अग्रणी संस्थान के रूप में अपनी स्थिति को पुनः सुदृढ़ किया।

प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र एवं शोध-पत्र प्रस्तुति प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा सभी प्रतिभागियों को सार-संग्रह भी प्रदान किया गया।

पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर:

आईएसआई पूर्वोत्तर केंद्र ने दिनांक 29 जून 2025 को 19वाँ राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया और प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की विरासत को स्मरण किया। समारोह का विषय "राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 75 वर्ष" था, जिसमें सार्वजनिक नीति के निर्माण में इसके महत्व पर बल दिया गया।



घ. स्थापना दिवस समारोह

मुख्यालय, कोलकाता:

दिनांक 17 दिसंबर 2025 को आईएसआई ने अपना 95वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस शुभ अवसर पर इंडियन इकोनोमेट्रिक सोसाइटी द्वारा प्रो. प्रणब बर्धन को प्रो. सी. आर. राव शताब्दी स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। प्रो. बर्धन ने "असमानता की दुनिया में श्रम" विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर आईएसआई क्रिएटिव कॉर्नर का शुभारंभ भी किया गया, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।







ड़. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

मुख्यालय, कोलकाता:

भारतीय सांख्यिकीय संस्थान ने दिनांक 24 मार्च 2026 की संध्या को कोलकाता परिसर स्थित प्लेटिनम जुबली सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्ल्यूडी) 2026 मनाया। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय "प्राप्ति के लिए देना" था।

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय कार्यवाहक निदेशक प्रो. अयनेंद्रनाथ बसु के संबोधन से हुआ।

मुख्य वक्तव्य भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के निदेशक डॉ. धृति बनर्जी द्वारा दिया गया।







हैदराबाद केंद्र:

दिनांक 8 मार्च 2026 को सभी महिला कर्मचारियों, जिसमें आउटसोर्स की गई महिला कर्मचारी भी शामिल थीं, के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करके महिला दिवस मनाया गया। सभी ने खेलकूद गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को उपयुक्त स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए।

च. डॉ. बी. आर. अंबेडकर की जयंती समारोह

मुख्यालय, कोलकाता:

एससी/एसटी/बीसी कर्मचारी समन्वय परिषद, आईएसआई कोलकाता द्वारा बाबासाहेब डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. बी. आर. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण समारोह दिनांक 14 अप्रैल 2025 को प्रातः 10:00 बजे एनएबी-1, कोलमोगोरोव भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विषय "डॉ. बी. आर. आंबेडकर का मिशन एवं विजन तथा भारत का संविधान" था। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएसआई कोलकाता की निदेशक प्रो. संघमित्रा बंद्योपाध्याय ने किया, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। अन्य विशिष्ट अतिथियों में श्री रविंदर कुमार, मुख्य कार्यकारी (प्रशासन एवं वित्त), शामिल थे।

माल्यार्पण का नेतृत्व निदेशक ने किया, जिसके बाद अन्य गणमान्य व्यक्तियों, परिषद के सदस्यों तथा आईएसआई कोलकाता के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त वैज्ञानिक, गैर-वैज्ञानिक एवं सामान्य कर्मचारियों की बड़ी संख्या ने डॉ. आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रो. संघमित्रा बंद्योपाध्याय के उद्घाटन संबोधन के बाद कई अतिथियों एवं कर्मचारियों ने प्रेरणादायक संबोधन दिए। वैज्ञानिक संवर्ग से प्रमुख वक्ताओं में प्रो. गुरु प्रसाद कर एवं डॉ. सुपर्णा मंडल विश्वास शामिल थे। गैर-वैज्ञानिक कर्मचारियों की ओर से श्री राजेश नाथ तथा सचिव श्री रंजीत कुमार सरकार ने भी सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन एससी/एसटी/बीसी कर्मचारी समन्वय परिषद के अध्यक्ष डॉ. तपन कुमार मंडल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र में डॉ. बी. आर. आंबेडकर की 134वीं जयंती 14 अप्रैल 2025 को मनाई गई। इस कार्यक्रम का संयुक्त आयोजन आईएसआई प्रशासन तथा आईएसआई बेंगलुरु केंद्र की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग परिषद द्वारा किया गया। डॉ. आंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 9 मई 2025 को एक विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। सीईएसपी, आईएसईसी, बेंगलुरु के प्रो. एस. मधेश्वरन को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, जिन्होंने विशेष व्याख्यान दिया। श्री मावली शंकर, दलित कार्यकर्ता एवं आंबेडकर राज्य पुरस्कार-2025 से सम्मानित, विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित थे। अध्यक्षीय संबोधन आईएसआई बेंगलुरु केंद्र के प्रमुख प्रो. बी. एस. दया सागर ने दिया तथा स्वागत संबोधन प्रो. एम. कृष्णमूर्ति ने किया। सभी कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया तथा कर्मचारी कैंटीन में विशेष दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई।

दिल्ली केंद्र:

दिनांक 15 अप्रैल 2025 को डॉ. आंबेडकर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आईआईएमसी के प्रोफेसर राकेश कुमार उपाध्याय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया और उन्होंने "डॉ. आंबेडकर का योगदान" विषय पर संबोधन दिया। डॉ. आंबेडकर जयंती कार्यक्रम के अंतर्गतदिनांक 9 अप्रैल 2025 को एक भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसका विषय "महिला सशक्तीकरण के लिए डॉ. आंबेडकर की दृष्टि" था। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। इसी क्रम में संस्थान के सभी कर्मचारियों ने दोपहर के भोजन के बाद बस द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली का भ्रमण किया और बाबा साहेब से जुड़ी स्मृतियों को संजोते हुए शाम 7 बजे संस्थान लौटे।





छ. कर्नाटक राज्योत्सव समारोह:

बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र प्रशासन एवं आईएसआईडब्ल्यूओ द्वारा संयुक्त रूप से 27 नवंबर 2025 को कर्नाटक राज्योत्सव समारोह आयोजित किया गया। सुश्री कॉन्सेप्टा फर्नांडिस, प्रोग्रामर, लेखिका एवं सहायक निदेशक (सेवानिवृत्त), आकाशवाणी, बेंगलुरु को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने "कन्नड़ संस्कृति एवं राज्य का इतिहास" विषय पर विशेष व्याख्यान दिया। स्वागत संबोधन प्रो. एम. कृष्णमूर्ति ने तथा अध्यक्षीय संबोधन प्रो. बी. एस. दयासागर, प्रमुख, आईएसआई बेंगलुरु केंद्र ने दिया।

ज. प्राथमिक चिकित्सा एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस)

बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र द्वारा 24 मार्च 2026 को "प्राथमिक चिकित्सा एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस)" पर एक प्रदर्शन कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में प्रतिभागियों को आपातकालीन परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए जीवनरक्षक आवश्यक कौशल सिखाए गए। फोर्टिस अस्पताल, नगरभावी के सहयोग से आयोजित इस कार्यशाला का संचालन आपातकालीन चिकित्सा विभाग के रेजिडेंट डॉ. लीलाधर ने किया। कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

झ. अलप्पुझा का शैक्षणिक भ्रमण:

चेन्नई केंद्र:

एक वर्षीय पीजीडीएसएमए पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को 8 मार्च 2026 को केरल के अलप्पुझा के शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया।

विद्यार्थियों ने कलवूर स्थित केंद्रीय कॉयर अनुसंधान संस्थान का भ्रमण किया, जहाँ उन्हें नारियल के पेड़ों के विभिन्न भागों से कॉयर उत्पाद तैयार करने की पूरी प्रक्रिया दिखाई गई। विद्यार्थियों ने सुंदर जलमार्गों से होकर जाने वाली हाउसबोट यात्रा का भी आनंद लिया। उन्हें राज्य की जीवंत संस्कृति का अनुभव करने का अवसर मिला। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक होने के साथ-साथ मनोरंजक भी रहा।



ट. परिसर के अग्निशामकों पर प्रदर्शन:

चेन्नई केंद्र:

दिनांक 29 जुलाई 2025 को परिसर के अग्निशामकों को पुनः भरने के दौरान सभी कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं शोध अध्येताओं के लिए अग्निशामकों के उपयोग का प्रदर्शन किया गया।

सभी को विभिन्न प्रकार की आग बुझाने के लिए संबंधित प्रकार के अग्निशामक का प्रयोग स्वयं करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

ठ. संविधान दिवस:

दिल्ली केंद्र:

दिनांक 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस मनाया गया। समारोह के अंतर्गत 26 नवंबर 2025 को संविधान की उद्देशिका के वाचन का आयोजन किया गया।

पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर:

दिनांक 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस मनाया गया, जो 1949 में भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने के 76 वर्ष पूरे होने का प्रतीक था। "हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान" विषय के साथ आयोजित इस अवसर पर डॉ. बी. आर. आंबेडकर को भी सम्मानित किया गया तथा संविधान को नौ क्षेत्रीय भाषाओं में जारी किए जाने जैसी पहलों को प्रदर्शित किया गया।

आईएसआई पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर में संविधान दिवस के अवसर पर शपथ दिलाई गई तथा संविधान में निहित मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट किया गया।



8.13. स्वच्छता पखवाड़ा

क. मुख्यालय, कोलकाता

"स्वच्छता ही सेवा – 2025" (स्वच्छता पखवाड़ा – 2025) पर रिपोर्ट

विषय: "स्वच्छोत्सव – स्वच्छ एवं हरित उत्सव तथा शून्य-अपशिष्ट सामुदायिक समारोहों पर केंद्रित"

"स्वच्छता ही सेवा – 2025" (स्वच्छता पखवाड़ा – 2025) का आयोजन "स्वच्छोत्सव – स्वच्छ एवं हरित उत्सव तथा शून्य-अपशिष्ट सामुदायिक समारोहों पर ध्यान केंद्रित करना" विषय के अंतर्गत 17 सितंबर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कोलकाता के परिसर में भारत सरकार के नोडल मंत्रालय, अर्थात् सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के निर्देशानुसार किया गया।

स्वच्छता पखवाड़े का शुभारंभ दिनांक 17 सितंबर 2025 को श्री रविंद्र कुमार, मुख्य कार्यपालक (प्रशासन एवं वित्त) द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित सभी संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों, संस्थान के कार्मिकों एवं स्वच्छता कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

उद्घाटन कार्यक्रम में आईएसआई कोलकाता के एस्टेट कार्यालय के प्रभारी, आईएसआईडब्ल्यूओ के महासचिव, संकाय सदस्य, विद्यार्थी, संस्थान के कार्मिक एवं स्वच्छता कर्मचारी उपस्थित रहे।

पखवाड़े के दौरान स्वच्छता, साफ-सफाई, पर्यावरण जागरूकता, स्वच्छता संबंधी आदतों, अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक सहभागिता पर विशेष बल दिया गया। "स्वच्छता ही सेवा – 2025" के उद्देश्यों के अनुरूप गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु विस्तृत कार्यक्रम-सारणी कार्यालय ज्ञापन के माध्यम से संस्थान के सभी केंद्रों एवं शाखाओं को परिचालित की गई।











आयोजित गतिविधियों की मुख्य विशेषताएँ

1. संस्थान के विभिन्न परिसरों में घास एवं झाड़ियों की कटाई एवं हटाने, परिसर के क्षेत्रों, तालाबों, जल निकायों, नालियों, कार्यालय भवनों, छात्रावासों, शौचालयों एवं स्नानघरों की सफाई का कार्य किया गया।
2. डेंगू-रोधी एवं स्वच्छता संबंधी उपाय किए गए, जिनमें फॉगिंग, डेंगू-रोधी तेल का छिड़काव, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, जल फिल्टरों की जाँच तथा एकत्रित कचरे को हटाना शामिल था।
3. "एक पेड़ माँ के नाम" विषय के अंतर्गत खुले स्थानों का सौंदर्यीकरण एवं रखरखाव तथा पौधारोपण संबंधी गतिविधियाँ आयोजित की गईं।
4. पोस्टर, तख्तियाँ, बैनर, सोशल मीडिया गतिविधियों, स्वच्छता रैली/मानव श्रृंखला तथा अन्य जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाए गए।
5. विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए स्वच्छता, साफ-सफाई तथा महामारी से बचाव के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई।
6. "स्वच्छता ही सेवा" विषय पर प्रश्नोत्तरी, आशुभाषण, नारा लेखन, कविता लेखन एवं निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
7. कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं स्वच्छता कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी के साथ "एक दिन, एक घंटा, एक साथ", "स्वच्छता दौड़/मैराथन" तथा "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर" का आयोजन किया गया।
8. "शून्य अपशिष्ट कार्यक्रम" आयोजित किया गया, जिसमें आरआरआर (कम करना, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण) की अवधारणा को बढ़ावा दिया गया। अभियान की गतिविधियों के सफल कार्यान्वयन हेतु संस्थान के सभी केंद्रों एवं शाखाओं को कार्यालय ज्ञापन भी जारी किया गया।
9. अभियान अवधि के दौरान स्वच्छता कर्मचारियों के साथ नियमित रूप से संवादात्मक चर्चाएँ आयोजित की गईं, ताकि उन्हें पूरे संस्थान परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जा सके।
10. स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत सभी गतिविधियाँ संस्थान के दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, गिरिडीह, पुणे, मुंबई एवं तेजपुर स्थित अन्य केंद्रों एवं शाखाओं में भी सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

स्वच्छता पखवाड़े का समापन 02 अक्टूबर 2025 को "स्वच्छ भारत दिवस" के आयोजन के साथ हुआ। समापन कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी (प्रशासन एवं वित्त) तथा आईएसआई कोलकाता के एस्टेट कार्यालय के प्रभारी ने संबोधन किया। उन्होंने स्वच्छता, पर्यावरणीय स्थिरता तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए सामूहिक उत्तरदायित्व के महत्व पर बल दिया।

गतिविधियों का सारांश

स्वच्छता पखवाड़ा – 2025 के दौरान आयोजित गतिविधियों का संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है।

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
1	. स्वच्छता ही सेवा – 2025" से संबंधित बैनर प्रदर्शित करना, सोशल मीडिया/प्रिंट मीडिया, पोस्टर एवं बैनरों के माध्यम से जागरूकता।	17.09.2025
2	. 202 एवं 203 बी.टी. रोड परिसर में घास/झाड़ियों की कटाई, जागरूकता गतिविधियाँ।	18.09.2025
3	. 204, 205 एवं 206 बी.टी. रोड परिसर में घास/झाड़ियों की कटाई, जागरूकता गतिविधियाँ।	19.09.2025
4	. प्रातः 11:00 बजे विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" शपथ/प्रतिज्ञा, जागरूकता गतिविधियाँ, स्वच्छता एवं साफ-सफाई के संबंध में रैली/मानव श्रृंखला का आयोजन।	20.09.2025
5	. 205 बी.टी. रोड परिसर में तालाबों एवं जल निकायों की सफाई, जागरूकता गतिविधियाँ।	22.09.2025
6	. 203 बी.टी. रोड परिसर में तालाबों एवं जल निकायों की सफाई, जागरूकता गतिविधियाँ।	23.09.2025
7	. स्वच्छता के महत्व एवं महामारी से बचाव के संबंध में कार्यशाला, जागरूकता गतिविधियाँ।	24.09.2025
8	. आईएसआई परिसरों की नालियों, भवनों एवं दलदली स्थानों के आसपास डेंगू-रोधी तेल एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, जागरूकता गतिविधियाँ।	25.09.2025
9	. विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों के लिए "स्वच्छता ही सेवा" विषय पर प्रश्नोत्तरी/आशुभाषण/नारा लेखन/कविता एवं निबंध प्रतियोगिताएँ, जागरूकता गतिविधियाँ, ए. एन. कोलमोगोरोव भवन, चिकित्सा कल्याण इकाई एवं एस. एन. बोस भवन के शौचालयों एवं स्नानघरों की विशेष सफाई अभियान।	26.09.2025
10	. नालियों की सफाई एवं जल फिल्टरों के संचालन की जाँच, जागरूकता गतिविधियाँ, डेंगू-रोधी तेल एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव जारी)	27.09.2025
11	. सी. डी. देशमुख भवन, आर. ए. फिशर भवन एवं पी. एन. हक्सर भवन के शौचालयों एवं स्नानघरों की विशेष सफाई अभियान, जागरूकता गतिविधियाँ।	29.09.2025
12	. जागरूकता गतिविधियाँ, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए "स्वच्छता दौड़/मैराथन", जागरूकता गतिविधियाँ, "एक पेड़ माँ के नाम" – आईएसआई परिसर में (मैराथन के पश्चात) पौधारोपण अभियान।	30.09.2025
13	. जागरूकता गतिविधियाँ, सड़क पर झाड़ू लगाने, स्वच्छता अभियान आदि सहित "सफाई मित्र सुरक्षा शिविर" का आयोजन, गुप्ता निवास परिसर में घास/झाड़ियों की कटाई, आरआरआर (कम करना, पुनः उपयोग एवं पुनर्चक्रण) को बढ़ावा देने के लिए "शून्य अपशिष्ट कार्यक्रम" का आयोजन, 202 बी.टी. रोड परिसर एवं गुप्ता निवास परिसर में तालाबों एवं जल निकायों की सफाई, "स्वच्छता ही सेवा" के अंतर्गत सेल्फी बूथ एवं हस्ताक्षर अभियान, प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण।	01.10.2025

क्र.सं.	विवरण	दिनांक
14	. स्वच्छ भारत दिवस का आयोजन।	02.10.2025
15	. दिल्ली, बेंगलुरु, तेजपुर, गिरिडीह, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे एवं मुंबई स्थित सभी केंद्रों/शाखाओं/यूनिटों द्वारा उपर्युक्त कार्यक्रम-सारणी के अनुरूप गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।	17.09.2025 – 02.10.2025

ख. बेंगलुरु केंद्र:

बेंगलुरु केंद्र द्वारा दिनांक 02 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। इस दौरान निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की गईं:

1. स्वच्छता पखवाड़ा से संबंधित बैनर प्रदर्शित करना।
2. बाल उद्यान में घास एवं झाड़ियों की कटाई।
3. नालियों एवं भवनों के आसपास डेंगू-रोधी तेल एवं ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव।
4. जल फिल्टरों की सफाई एवं उनके संचालन की जाँच (छात्रावासों, अतिथिगृह एवं कर्मचारी कैंटीन में)।
5. जल निकायों के जल-मार्गों तथा प्रशासनिक भवन, छात्रावासों एवं प्लेटिनम जुबली सभागार के आसपास के क्षेत्रों की सफाई हेतु विशेष अभियान।

ग. दिल्ली केंद्र:

स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक मनाया गया। दिल्ली केंद्र के प्रमुख द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाई गई। एक निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। दिल्ली केंद्र के प्रमुख एवं अन्य कर्मचारियों ने परिसर की सफाई के लिए एक घंटे का 'श्रमदान' किया। निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।





घ. पूर्वोत्तर केंद्र, तेजपुर:

"स्वच्छता ही सेवा" (एसएचएस) का आयोजन दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किया गया। यह अभियान गांधी जयंती से पूर्व स्वच्छता अभियान एवं स्वैच्छिक "श्रमदान" को बढ़ावा देता है।

आईएसआई पूर्वोत्तर केंद्र द्वारा "स्वच्छता ही सेवा" को एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम के रूप में मनाया गया। कर्मचारियों ने इस पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया तथा परिसर में निरंतर स्वच्छता बनाए रखने और जागरूकता फैलाने में योगदान दिया।




अध्याय – 09

वार्षिक लेखा विवरणी

01-04-2025 से 31-03-2026 की अवधि के लिए लेखा-पुस्तकें पूर्व वर्षों की भाँति उचित सावधानी और सतर्कता के साथ तैयार की गई हैं। जनबल और समय की कमी के बावजूद, लेखा टीम ने निर्धारित समय-सीमा के भीतर लेखे कुशलतापूर्वक तैयार किए और उनका रखरखाव किया है। सभी आवश्यक वाउचर, मिलान विवरण तथा सहायक दस्तावेज उचित रूप से अनुरक्षित किये गए हैं। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लागू लेखांकन मानकों, भारतीय सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (इंडियन जीएएपी) और मार्गदर्शक टिप्पणियों के अनुपालन के साथ-साथ लेखों की शुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं। वर्ष 2025-26 के वित्तीय विवरण भारत में सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप सही और निष्पक्ष स्थिति प्रस्तुत करते हैं।



आईएसआई, मुख्यालय कोलकाता

9.1 31 मार्च, 2026 तक की यथास्थिति अनुसार तुलन पत्र

(राशि रूपये में)

विवरण	अनुसूची	चालू वर्ष (2025-26)	विगत वर्ष (2024-25)
देयताएँ			
कॉर्पस/पूंजी निधि	1	2,66,63,13,857	2,74,43,60,553
चिन्हित निधि	3	1,63,25,35,640	1,52,46,14,045
बंदोबस्ती निधि	3A	11,98,12,377	2,05,49,775
वर्तमान देयताएँ और प्रावधान	7	25,52,60,964	33,03,66,607
बाह्य अनुदान निधि की अचल संपत्तियों हेतु देयताएँ		30,36,97,252	28,85,56,349
आईएसईसी निधि की अचल संपत्तियों हेतु देयताएँ		11,91,959	11,67,659
आईजीपी परियोजना की अचल संपत्तियों हेतु देयताएँ		78,41,023	78,06,123
कुल योग		**4,98,66,53,072**	**4,91,74,21,111**
परिसंपत्तियां			
चिन्हित निधि / बंदोबस्ती निधि	3	3,75,234	4,26,974
अचल परिसंपत्तियां	8	2,63,24,68,376	2,60,45,64,990
चिन्हित/निर्धारित/ बन्दोबद्ती निधि			
से निवश/परिसंपत्तियां	9	1,55,76,15,658	1,34,49,45,267
वर्तमान परिसंपत्तियां, ऋण व अग्रिम	11	48,34,63,570	66,99,53,749
बाह्य अनुदान निधि की अचल परिसंपत्तियां		30,36,97,252	28,85,56,349
आईएसईसी निधि की अचल परिसंपत्तियां		11,91,959	11,67,659
आईजीपी परियोजना की अचल परिसंपत्तियां		78,41,023	78,06,123
कुल योग		**4,98,66,53,072**	**4,91,74,21,111**
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	24		
आकस्मिक देयताएँ और लेखे पर टिप्पणियां	25		

हमारी रिपोर्ट की सम तिथि में हस्ताक्षर

स्थान : कोलकाता
दिनांक: 09.09.2026

ह/-	ह/-	ह/-
डी. चक्रवर्ती/ए. मुखर्जी	रविन्द्र कुमार	अमर्त्य कुमार दुत्ता
उप मुख्य कार्यपालक (वित्त)	मुख्य कार्यपालक (प्रशा.एवं वित्त)	निदेशक

ह/-
गौतम सेन
पार्टनर
सदस्यता संख्या. 055110

कृते एसबीए एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(फर्म पंजीकरण संख्या. 308136E)

9.2 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा

(राशि रूपये में)

विवरण	अनुसूची	चालू वर्ष (2025-26)		पिछला वर्ष (2024-25)	
		अनुदान वेतन	अनुदान सामान्य	अनुदान वेतन	अनुदान सामान्य
आय					
विविध प्राप्तियाँ	12	12,60,16,352		17,32,69,311	
भारत सरकार से सहायता अनुदान	13	238,41,18,610	71,11,26,747	237,60,51,123	87,59,31,450
कुल (ए)		**251,01,34,962**	**71,11,26,747**	**254,93,20,434**	**87,59,31,450**
व्यय					
स्थापना व्यय	20	241,04,67,438		239,12,64,824	
अन्य प्रशासनिक व्यय	21		74,23,00,578		88,21,46,203
कुल(बी)		**241,04,67,438**	**74,23,00,578**	**239,12,64,824**	**88,21,46,203**
शेष राशि अधिशेष / (घाटा) [ए-बी]		9,96,67,524	-3,11,73,831	15,80,55,610	-62,14,753
कॉर्पस/पूंजी में अग्रेणीत			6,84,93,693		15,18,40,857
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियाँ	24				
आकस्मिक देयताएँ और लेखे पर टिप्पणियां	25				

हमारी रिपोर्ट की सम तिथि में हस्ताक्षर

स्थान : कोलकाता
दिनांक: 09.09.2026

ह/-	ह/-	ह/-
डी. चक्रवर्ती/ए. मुखर्जी	रविन्द्र कुमार	अमर्त्य कुमार दुत्ता
उप मुख्य कार्यपालक (वित्त)	मुख्य कार्यपालक (प्रशा.एवं वित्त)	निदेशक

कृते एसबीए एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(फर्म पंजीकरण संख्या. 308136E)

ह/-
गौतम सेन
पार्टनर
सदस्यता संख्या. 055110

9.3 31 मार्च, 2026 को समाप्त वर्ष के लिए पूंजी का उपयोग विवरणी

(राशि रूपये में)

विवरण	चालू वर्ष (2025-26)	पिछला वर्ष (2024-25)
पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु प्राप्त अनुदान	13,94,38,574	16,41,25,093
(विगत वर्ष के अग्रेनीत सहित)		
कुल (ए)	**13,94,38,574**	**16,41,25,093**
पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन पर व्यय	17,51,91,768	19,62,57,118
कुल (बी)	**17,51,91,768**	**19,62,57,118**
शुद्ध शेष राशि (ए –बी)	**-3,57,53,194**	**-3,21,32,025**

हमारी रिपोर्ट की सम तिथि में हस्ताक्षर

स्थान : कोलकाता
दिनांक: 09.09.2026

ह/-
डी. चक्रवर्ती/ए. मुखर्जी
उप मुख्य कार्यपालक (वित्त)


ह/-
रविन्द्र कुमार
मुख्य कार्यपालक (प्रशा.एवं वित्त)

ह/-
अमर्त्य कुमार दुत्ता
निदेशक


कृते एसबीए एसोसिएट्स
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
(फर्म पंजीकरण संख्या. 308136E)

ह/-
गौतम सेन
पार्टनर
सदस्यता संख्या. 055110

राजस्व का आंतरिक सृजन



व्यय



** इस ब्याज आय का संबंधित भाग प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के बाद मंत्रालय को वापस कर दिया जाता है।

अभियुक्ति



भारतीय सांख्यिकीय संस्थान

203, बैरकपुर ट्रंक रोड, कोलकाता – 700 108
https://www.isical.ac.in

सेमाफोर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड